हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, सोमवार 17 मार्च 2025

खबर संक्षेप

आईसीयू में एसी ब्लास्ट टला बड़ा हादसा

ग्वालियर। जयारोग्य हॉस्पिटल ग्रुप के कमलाराजा अस्पताल में शनिवार देर रात अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। यह घटना रात करीब 1 बजे लेबर रूम के गाइनोकॉलजी आईसीयू में हुई, जहां एयर कंडीशनर में शॉर्ट सर्किट के कारण ब्लास्ट हुआ।

बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या, चक्काजाम

सीधी। जिले के हड़वडो गांव में वर्षों से चले आ रहे रास्ते के विवाद ने खूनी रूप ले लिया। रविवार दोपहर दबंगों ने घात लगाकर 60 वर्षीय बुजुर्ग की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने शव को अस्पताल के पास रखकर चक्काजाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। तहसीलदार के आदेश पर निर्माण को गिराया गया, लेकिन 16 मार्च को गांव के ही प्रवीण सिंह चौहान के उकसाने पर वे दोबारा निर्माण करने लगे।

पुलिस पर 'सबसे बड़ा हमला'

पुलिस छावनी बना मऊगंज का गड़रा गांव, अधिकांश घरों में लटक रहे हैं ताले

मृत एएसआई को शहीद का दर्जा, एक करोड़ मिलेंगे, पात्र परिजन को नौकरी

रविवार को डीजीपी कैलाश मकवाना भी मऊगंज पहुंचे थे। उन्होंने घटना की जानकारी ली, घायलों को देखने अस्पताल गए और उसके बाद पुलिस अफसरों की बैठक भी ली।

घायलों की हालत में सुधार आधा दर्जन से ज्यादा आरोपी गिरफ्तार, कई लोग हिरासत में

सीएम ने कहा–मऊगंज में बवाल के दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मऊगंज/भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मऊगंज में हुई घटना पर कड़ा रुख अपनाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस हिंसा में एक पुलिस अधिकारी और एक नागरिक की मौत हो गई थी।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत एएसआई रामचरण गौतम के परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट कीं। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 163 (निषेधाज्ञा) लागू कर दी गई है।

रीवा के डीआईजी, मऊगंज एसपी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी स्थिति को नियंत्रित कर रहे

शहीद एएसआई को नम आंखों से दी अंतिम विदाई..

कलेक्टर और एसपी ने शहीद को कंधा दिया

गड़रा गांव में पुलिस टीम पर हुए हमले में गंभीर रुप से जख्मी हुए 25 बटालियन भोपाल के एएसआई रामचरण गौतम को तमाम कोशिशों के बाद भी चिकित्सक नहीं बचा सके। उन्होंने सिविल हॉस्पिटल मऊगंज में अंतिम सांस ली। रविवार को तिरंगे में लिपटा उनका पार्थिव शरीर उनके गृह ग्राम पवइया थाना कोठी जिला सतना पंहुचा। जैसे की गांव वालों को शव आने की खबर लगी उनके घर लोगों का तांता लग गया। सतना कलेक्टर और एसपी भी पहले से मौजूद थे। इसके अलावा राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, डीआईजी साकेत पांडेय समेत आसपास के तमाम गणमान्य लोग अंतिम विदाई देने आए। रामचरण गौतम अक्टूबर माह यानि 7 माह बाद रिटायर होने वाले थे।

क्या है पूरा मामला ?

जमीन के टुकड़े ने दो परिवारों में बहाया खून

दरअसल, गांव में सनी द्विवेदी का एक कोल परिवार से पुराना विवाद चल रहा था। गांव में ही एक जमीन थी जिसे कोल परिवार और द्विवेदी लेना चाहते थे। एक दिन अशोक कोल और द्विवेदी जमीन की रजिस्ट्री कराने भी गए थे। लेकिन रजिस्ट्री नहीं हुई थी। बताते हैं कि लौटते वक्त अशोक कोल की संदिग्ध मौत हो गई। कोल परिवार ने हत्या होना कहा और द्विवेदी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। आदिवासियों ने द्विवेदी को किसी दूसरे मुद्दे पर बातचीत करने के लिए बुलाया था। वहां उसकी हत्या कर दी। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। आदिवासियों ने पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया। जिसमें गंभीर रूप से घायल सहायक उप निरीक्षक की मौत हो गई जबकि अन्य पुलिसकर्मी अस्पताल में भर्ती हैं।

तीन साल में सबसे ज्यादा 'बढ़ोतरी'

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 15 अरब डॉलर का 'उछाल'

अब कुल विदेशी मुद्रा भंडार 653.966 अरब डॉलर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अच्छी खबर

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में जबरदस्त उछाल आया है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में बीते सप्ताह 15.267 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है, जिसके बाद भारत का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 653.966 अरब डॉलर हो गया है। यह बीते तीन साल में एक सप्ताह में हुई सबसे ज्यादा बढ़ोतरी है।

74 अरब डॉलर का सोने का भंडार

विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट की वजह रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप को माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य रुपए में तेज गिरावट को रोकना है। उल्लेखनीय है कि भारतीय रुपया अब अमेरिकी डॉलर की तुलना में सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया है। आरबीआई के नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि भारत की विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए), जो विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक है, 557.282 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गई हैं।

पैरेंट्स की संपत्ति को लेकर मंत्री का बड़ा बयान

अगर बच्चे अपने माता-पिता को अस्पताल में छोड़ते हैं तो वसीयत रद्द कर दी जानी चाहिए

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

कर्नाटक के मंत्री शरण प्रकाश पाटिल ने रविवार को कहा कि अगर बच्चों ने अपने बुजुर्ग माता-पिता को अस्पतालों में छोड़ दिया है, तो उनकी संपत्ति का हस्तांतरण और वसीयत रद्द कर दी जानी चाहिए।

मंत्री ने कहा कि यह समस्या तब सामने आती है जब बुजुर्ग अपनी संपत्ति बच्चों के नाम पर कर देते हैं, और फिर बच्चे उन्हें अस्पतालों में छोड़कर चले जाते हैं। अधिकारियों के अनुसार, एक गंभीर और अमानवीय घटना सामने आई है, जिसमें कई बुजुर्ग माता-पिताओं को उनके बच्चे सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में छोड़ आते हैं। यह अक्सर तब होता है जब बुजुर्ग अपनी संपत्ति बच्चों के नाम कर देते हैं। मंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार, 'बेलगावी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में अकेले 150 से ज्यादा बुजुर्गों को छोड़ने के मामले सामने आए हैं, जबकि राज्य के अन्य मेडिकल संस्थानों में 100 से ज्यादा ऐसे ही मामले देखने को मिले हैं। हाल ही में हुई समीक्षा बैठक में बीआईएमएस के निदेशक ने चिकित्सा शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री शरण प्रकाश पाटिल के समक्ष यह मुद्दा उठाया। इस पर मंत्री ने गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

स्वस्थ-सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए फिट इंडिया एक बेहतर मंच मुख्य अतिथि मजेदार फिटनेस चुनौतियों सहित बातचीत को बनाएंगे 'जीवंत'

जेएलएन स्टेडियम में खेलमंत्री मांडविया ने किया उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहली बार आयोजित होने वाले फिट इंडिया कार्निवल का भव्य उद्घाटन रविवार को जेएलएन स्टेडियम में केंद्रीय खेलमंत्र मनसुख मांडविया ने किया। इस कार्यक्रम में आगामी खेलो इंडिया पैरा गेम्स के शुभंकर, लोगो और खेलों के गीत का अनावरण भी किया गया। खेलो इंडिया पैरा गेम्स 20 से 27 मार्च के बीच राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किए जाएंगे।

16, 17 और 18 मार्च को किया जाएगा आयोजन

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अनुसार फिट इंडिया कार्निवल 16, 17 और 18 मार्च को आयोजित किया जाएगा, जिसका मकसद एक स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देना है, जो फिट इंडिया मूवमेंट के, नागरिकों के और तंदुरूस्त होने, स्वस्थ और मोटापे से मुक्त राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मजेदार फिटनेस चुनौतियों सहित जीवंत बातचीत में भी शामिल होंगे।

'नृत्य के ज़रिए फिटनेस' विषय पर भी कार्यक्रम होंगे

3 दिनों के दौरान कलारीपयट्टू, मलखंब और गटका जैसे आकर्षक प्रदर्शन के साथ-साथ 'नृत्य के ज़रिए फिटनेस' विषय पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम, लाइव डीजे संगीत, बैंड प्रदर्शन का भी आयोजन किया जाएगा।

3 दिनी फिट इंडिया कार्निवल की केंद्रीय खेलमंत्री मांडविया ने की शुरुआत

खेलो इंडिया पैरा गेम्स 20 से 27 मार्च के बीच दिल्ली में आयोजित होंगे

रस्सी कूदना, साइकिल चलाना, आर्म रेसलिंग, क्रिकेट बॉलिंग खेल होंगे

फिट इंडिया कार्निवल में तीन दिनों के दौरान रस्सी कूदना, स्थिर साइकिल चलाना, आर्म रेसलिंग, क्रिकेट बॉलिंग, स्क्वॉट और पुश-अप चुनौतियों सहित कई खेल गतिविधियां मुख्य आकर्षण होंगी। भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय खेल विज्ञान और अनुसंधान केंद्र (एनसीएसएसआर) के डॉक्टर, पोषण विशेषज्ञ और मनोवैज्ञानिक भी मौजूद रहेंगे, जो महोत्सव में आने वाले लोगों को बगैर किसी शुल्क के परामर्श देंगे।

कई विशेष अतिथि भी मौजूद रहे

इस मौके पर केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे और बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना, पहलवान और फिटनेस आइकॉन संग्राम सिंह और वेलनेस गुरु मिकी मेहता सहित कई विशेष अतिथि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

केजरीवाल की जमानत पर सुनवाई आज

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट सोमवार को ईडी की उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मिली जमानत को चुनौती दी गई है। याचिका पर न्यायमूर्ति रवींद्र दुडेजा की अदालत में सुनवाई होगी। जांच एजेंसी के वकील के अनुरोध पर अदालत ने सुनवाई स्थगित कर दी थी।

कागजों पर चल रहे 219 मदरसों पर एफआईआर

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में जांच के दौरान 219 मदरसे कागजों पर चलते पाएजाने के बाद, जिले के विभिन्न थानों में धोखाधड़ी के मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने बताया कि ईओडब्ल्यू की जांच में पता चला था कि 219 मदरसे सिर्फ कागजों पर चल रहे थे और उनका कोई अस्तित्व नहीं है। संचालकों पर केस दर्ज किए हैं।

बेंगलुरु में बिहार के 3 मजदूरों की हत्या

बेंगलुरु। बिहार से काम करने आए तीन मजदूरों की हत्या से हड़कंप मच गया। बेंगलुरु के सरजापुर इलाके में 14 मंजिला निर्माणाधीन अपार्टमेंट से इन तीनों मजदूरों के शव बरामद किए गए हैं। आशंका है कि इनकी होली के जश्न के दौरान इनकी हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान गोपालगंज निवासी राधे श्याम, दीपु और अंशु के रूप में हुई है।

भाजपा ने यूपी के 72 जिला अध्यक्षों की सूची की जारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में भाजपा ने बड़ी मशक्कत के बाद रविवार को 72 जिलाध्यक्षों की सूची जारी कर दी। इसमें पार्टी ने जातीय समीकरण के साथ विपक्ष के पीडीए फार्मूले के मात देने की कोशिश की गई है। महिलाओं की भागीदारी का भी ख्याल रखा।मंडल अध्यक्षों का चुनाव ही जनवरी में संपन्न हो। उधर, तमाम जिलों की सूची में नाम पर सवाल भी उठने लगे थे।

जबरन छुट्टी पर भेजे गए रान्या के पिता रामचंद्र

चेन्नई। कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव से जुड़ा गोल्ड स्मग्लिंग का मामला दिन पर दिन उलझता ही जा रहा है। इसी का नतीजा है कि तीन केंद्रीय जांच एजेंसियां मामले की गहराई से जांच कर रही हैं। इसी बीच कर्नाटक सरकार ने शनिवार को उनके पिता और डीजीपी रामचंद्र राव को 'कंपल्सरी लीव' पर जाने का आदेश दिया है। 3 मार्च को रान्या को डीआरआई ने बेंगलुरु एयरपोर्ट पर रोका था।

गृहमंत्री शाह ने असम में लाचित बोरफुकन पुलिस अकादमी का किया उद्घाटन

मणिपुर-गोवा के 2 हजार पुलिस कर्मी लाचित बोरफुकन पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे

उनकी गाथा से युवा छात्रों को मिल रही प्रेरणा

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को असम के डेरगांव में नव-निर्मित लाचित बोरफुकन पुलिस अकादमी का उद्घाटन किया। यह अकादमी उन्नत प्रशिक्षण अवसंरचना और आधुनिक तकनीक से सुसज्जित है।

उन्होंने अकादमी के आवासीय परिसर की आधारशिला भी रखी। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने लाचित बोरफुकन को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने मुगलों के खिलाफ असम की रक्षा की थी। शाह ने मां कामाख्या और श्रीमंत शंकरदेव की महान विरासत को नमन किया। 167 करोड़ की लागत से निर्मित इस अकादमी के प्रथम चरण को राष्ट्र को समर्पित करते और द्वितीय चरण की आधारशिला रखते हुएउन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अगले पांच वर्षों में यह अकादमी भारत की सर्वश्रेष्ठ पुलिस अकादमी बन जाएगी। उन्होंने इसे देश का शीर्ष पुलिस प्रशिक्षण संस्थान बनाने के लिए तीन चरणों में कुल 1,024 करोड़ के निवेश की प्रतिबद्धता दोहराई।

मां कामाख्या और श्रीमंत शंकरदेव की महान विरासत को नमन किया

असम सरकार की सराहना की

शीर्ष पुलिस प्रशिक्षण संस्थान बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई

असम सरकार की सराहना की

गृह मंत्री शाह ने कहा कि एक समय था जब उग्रवाद प्रभावित असम के पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण के लिए अन्य राज्यों में भेजना पड़ता था, जबकि आज यह गर्व की बात है कि मणिपुर और गोवा के 2 हजार पुलिस कर्मी लाचित बोरफुकन पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने असम सरकार की सराहना की कि इस अकादमी को महान योद्धा लाचित बोरफुकन को समर्पित किया गया है। शाह ने कहा कि सात वर्ष की आयु में उन्होंने लाचित बोरफुकन की वीरता के बारे में पढ़ा था, लेकिन अपनी स्नातक तक की पढ़ाई के दौरान उन्हें इस महान योद्धा पर कोई और पुस्तक नहीं मिली।

असम में युवाओं के लिए नौकरियों के द्वार खुलेंगे

मोदी सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों को रेखांकित किया

उन्होंने पिछले 10 वर्षों में असम के विकास के लिए सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों को रेखांकित किया। उन्होंने बोडो, कार्बी, आदिवासी और उल्फा उग्रवादी समूहों के साथ शांति समझौतों, असम-मेघालय और असम-अरुणाचल सीमा विवादों के समाधान, अर्धचालक क्षेत्र में निवेश और एडवांटेज असम 2.0 पहल की सफलता का उल्लेख किया। 5.18 लाख करोड़ के निवेश समझौते जल्द से साकार होंगे।

सरकार ने असम को 4,95,000 करोड़ आवंटित किए

कांग्रेस शासन की तुलना करते हुए उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकार ने असम को केवल 1,27,000 करोड़ की धनराशि दी थी, जबकि मोदी सरकार ने पिछले दस वर्षों में 4,95,000 करोड़ आवंटित किए हैं, जो कांग्रेस के मुकाबले 4 गुना अधिक है। उन्होंने कांग्रेस पर असम में अशांति फैलाने और इसके विकास के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध नहीं कराने का आरोप लगाया, विशेष रूप से शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में।

असम की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को सराहा

शाह ने असम की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की सराहना की, जिसमें भारत माला परियोजना के तहत 200 किमी सड़कों के लिए 10,000 करोड़, धुबरी-फुलबाड़ी पुल, और सिलचर-चुराइबाड़ी कॉरिडोर के लिए 3,400 करोड़ आवंटति कए गए हैं। इसके अलावा, माजुली में सड़क और तटबंध के लिए 1000 करोड़ रुपए, ब्रह्मपुत्र पर 6 लेन पुलों के निर्माण के लिए भी धन आवंटित किया गया है। स्वास्थ्य, शौचालय निर्माण, एलपीजी कनेक्शन, और आवास परियोजनाओं के तहत लाखों लोगों को लाभ हुआ है। असम पुलिस की सजा दर 5 फीसदी से बढ़कर 25 फीसदी हो गई है और नए भारतीय न्याय संहिता के कार्यान्वयन से असम पुलिस को उच्चतम प्रशिक्षण मिलेगा।

सरकार ने असम में शांति स्थापित की

शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने न सिर्फ असम में शांति लाने का प्रयास किया है बल्कि शांति लाकर दिखाई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाया है और अब मुख्यमंत्री हिंमता बिस्वा सरमा जी के नेतृत्व में 5 लाख करोड़ का निवेश भी राज्य में आ रहा है जो यहां के युवाओं के लिए स्वर्णिम भविष्य की नींव रखेगा।

शाह बोले- ड्रग्स माफिया पर कोई रहम नहीं

एनसीबी ने इंफाल व गुवाहाटी से 88 करोड़ की ड्रग्स की जब्ती की

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने इंफाल और गुवाहाटी जोन से 88 करोड़ की मेथमफेटामाइन गोलियों की एक बड़ी खेप जब्त की और अंतरराष्ट्रीय ड्रग माफिया के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया।शाह ने कहा है कि ड्रग्स माफिया पर कोई रहम नहीं किया जाएगा। ड्रग कार्टेल के 4 सदस्यों को गिरफ्तार करने के लिए एनसीबी को बधाई देते हुए शाह ने कहा कि जांच के लिए अपनाए जा रहे 'बॉटम टु टॉप' और 'टॉप टु बॉटम' अप्रोच की शानदार सफलता का प्रमाण है।

तीन लोगों को किया गिरफ्तार, वाहन बरामद

गृह मंत्रालय के अनुसार पहली कार्रवाई में 13 मार्च को सूचना के आधार पर एनसीबी ने इंफाल जोन के अधिकारियों ने लिलोंग क्षेत्र के पास एक ट्रक को रोका और वाहन की पूरी तरह से टोह लेने के बाद ट्रक के पिछले हिस्से में टूल बॉक्स/केबिन से 102.39 किलोग्राम मेथमफेटामाइन की गोलियां बरामद कीं। ट्रक में सवार दो लोगों को पकड़ा भी गया। बिना किसी देरी के टीम ने संदिग्ध रिसीवर को पकड़ लिया। उसके पास से एक 4 पहिया वाहन भी बरामद किया गया, जिसका इस्तेमाल ड्रग तस्करी के लिए किया जाता था।

75 करोड़ की एमडीएमए के साथ 2 विदेशी अरेस्ट

ड्रग तस्करी के खिलाफ सरकार की कार्रवाई चल रही है। पुलिस ने बताया कि बेंगलुरु एयरपोर्ट पर दो नाइजीरियाई महिलाओं को 37 किलोग्राम से ज़्यादा ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया है, जिसकी कीमत 75 करोड़ है। यह कर्नाटक में अब तक की सबसे बड़ी ड्रग खेप है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि बंबा फैंटा और अबिगेल एडोनिस को दिल्ली से एयरपोर्ट से अरेस्ट किया है।

सीएम रेखा का अधिकारियों को खास निर्देश

धूल मुक्त होंगी दिल्ली की सड़कें, सरकार खुद रख रही इस पर 'गहरी' नजर

वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने पर किया मंथन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने राजधानी में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने और पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया है। सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व में कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। अभियान के तहत पूरे रिंग रोड को धूल मुक्त बनाने, सड़क किनारे डिवाइडर पर पेड़ लगाने और ट्रैफिक जाम को कम करने के लिए व्यापक योजना तैयार की गई है। सरकार ने उपायों की समीक्षा की है औरविभागों को तत्काल प्रभाव से प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

शहर को प्रदूषण मुक्त बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

सीएम ने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाना भाजपा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सड़कों के किनारे हरित पट्टी विकसित करके, आधुनिक तकनीकों से धूल को नियंत्रित करके इस पर सुधार करेंगे।

प्रदूषण सोखने वाले पौधे लगाए जाएंगे : सरकार ने एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, डीडीए और अन्य संबंधित सड़क स्वामित्व एजेंसियों को सड़क के किनारे और डिवाइडर पर पेड़ लगाने के निर्देश दिए हैं। सड़क के किनारे विशेष प्रदूषण सोखने वाले पौधे लगाए जाएंगे।

येदियुरप्पा का दावा कर्नाटक में भाजपा की सरकार बनेगी

बेंगलुरु। कर्नाटक भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने कहा है कि राज्य में भाजपा के लिए माहौल अनुकूल है और पार्टी जल्द ही सत्ता में आएगी। उन्होंने गुटबाजी को लेकर कहा कि हर किसी को एकजुट होकर काम करना चाहिए और मतभेद भुलाना चाहिए। भाजपा के लिए माहौल बहुत अनुकूल है। आने वाले दिनों में हम 100 फीसदी सरकार बनाएंगे।

पंजाब में किसानों ने प्रदर्शन किया तेज

26 मार्च को बजट के दिन विधानसभा तक सभी किसान करेंगे पैदल मार्च

रविवार की बैठक पर मान सरकार ने सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी

एजेंसी ▶▶ लुधियाना

पंजाब में किसानों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। हाल ही में मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ हुई किसानों की बैठक में हंगामा हुआ था, जिसके बाद सीएम बीच में ही बैठक छोड़कर चले गए थे। किसानों ने आरोप लगाया था कि उनकी मांगें अनसुनी कर दी गईं। अब किसानों ने 16 मार्च को एक और बैठक का ऐलान किया था, जिसमें सीएम के साथ चर्चा करने की योजना थी। सरकार ने सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी।

अन्याय के खिलाफ लड़ते रहेंगे

किसानों ने गांव लेले में हुए घटनाक्रम की कड़ी निंदा की, जहां किसानों के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया गया। किसानों का कहना है कि वे इस अन्याय के खिलाफ खड़े रहेंगे और इसका सख्त विरोध करेंगे। 26 मार्च को किसान चंडीगढ़ के सेक्टर 34 ग्राउंड में इकट्ठा होंगे।

महापंचायत करेंगे,जागरूकता अभियान चलाएंगे : किसान संगठनों ने पूरे पंजाब में बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की योजना बनाई है। पर्चे वितरित कर लोगों को जोड़ने की कोशिश केरंगे। बरनाला, अमृतसर और जालंधर में महापंचायतों का आयोजन होगा।

केदारनाथ में गैर-हिंदुओं का प्रवेश बैन होगा, भाजपा विधायक बोलीं

ये लोग वहां पर मांस, मछली और शराब परोस रहे

नौटियाल ने कहा- पवित्रता को ठेस पहुंचाने का प्रयास कर रहे

एजेंसी ▶▶ केदारनाथ

धाम में गैर-हिंदुओं के प्रवेश और गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने को लेकर चर्चाएं तेज हो गई है। इस संबंध में केदारनाथ की भाजपा विधायक आशा नौटियाल ने जानकारी दी है। विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि कुछ गैर-हिंदू तत्व धार्मिक स्थल केदारनाथ धाम की पवित्रता को ठेस पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग वहां मांस, मछली और शराब परोसने जैसे कामों में लिप्त हैं, जिससे धाम की गरिमा को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों को चिह्नित कर उनके प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की योजना बनाई जा रही है।

प्रभारी मंत्री के साथ की थी बैठक

भाजपा विधायक नौटियाल ने कहा कि हाल ही में प्रदेश के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने इस विषय पर अधिकारियों और स्थानीय लोगों के साथ बैठक की थी। बैठक में यह सुझाव आया कि गैर-हिंदू तत्वों द्वारा केदारनाथ धाम को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए ऐसे व्यक्तियों की पहचान कर उनके प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

भाजपा पर कांग्रेस का पलटवार

किस-किस को वर्जित करेंगे: हरीश

पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि यह शिव भूमि है, उत्तराखंड ही नहीं। देशभर में एक तरफ द्वारका और पुरी में भगवान विष्णु विराजमान हैं। एक तरफ रामेश्वरम हैं, तो दूसरी तरफ उत्तराखंड में केदारनाथ-बद्रीनाथ हैं। जहां हर धार में देवालय है और हर नदी घाड़ में शिवालय है, वहां आप किस-किस को वर्जित करेंगे। और ये संकीर्णता क्यों?

बजरंग दल का अल्टीमेटम

सरकार ने नहीं तो हम खुद हटा देंगे औरंगजेब की कब्र

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बजरंग दल ने महायुति सरकार से अपील की कि वह समय रहते औरंगजेब की कब्र को हटा दे। बजरंग दल ने अल्टीमेटम भी दिया है कि अगर सरकार ने नहीं हटाया तो फिर कारसेवा कर उसे हटाया जाएगा। नितिन महाजन ने कहा कि संभाजी नगर में जो कलंकित कब्र है। हम तो कलंकित ही कहेंगे। छत्रपति संभाजी महाराज के हत्यारे की कब्र है और वहां उसे पूजा जा रहा है। उसे हटाया जाए।

आज करेंगे निवेदन

नितिन ने कहा कि ये पूजा होने के बाद समाज का वैसा निर्माण होता है जब समाज को शौर्य के आधार पर प्रेरित करते हैं। अत्याचारी शासक की कब्र है जो हमें बता रहा है कि हमारी लाचारी थी। जो हिंदू समाज पर अत्याचार किए। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद उसे हटाने के लिए महाराष्ट्र सरकार को 17 मार्च को निवेदन देने जा रही है। उसे नियमों के अुसार हटाया जाए।

जबलपुर
सोमवार, 17 मार्च 2025
- चैत मास कृष्ण पक्ष-3
- वर्ष : 19, अंक : 310
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 35
न्यून. 20

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

275 किमी लंबी रामगंज मंडी भोपाल रेल लाइन से बढ़ेगी मध्यप्रदेश-राजस्थान की कनेक्टिविटी

राजगढ़ अंचल में स्थापित होंगे 500 करोड़ रुपए की लागत से नए उद्योग

मुख्यमंत्री ने 40.62 करोड़ रुपए के शौर्य स्मारक और जिला चिकित्सालय के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राजगढ़ में लगभग 500 करोड़ के निवेश से विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जाएंगी। राजगढ़ जिला अस्पताल के बाद शीघ्र मेडिकल कॉलेज की भी सौगात मिलेगी। इसके साथ ही पौने तीन सौ किमी लंबी रामगंज मंडी से भोपाल तक की रेल लाइन की सौगात इस क्षेत्र को मिल रही है। विकास का यह कारवां निरंतर चलता रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को राजगढ़ पहुंचे थे। उन्होंने इस मौके पर शौर्य स्मारक, जिला अस्पताल का लोकार्पण किया। इसके साथ ही रैनबसेरा भवन, नए विद्यालय भवन और विधि महाविद्यालय का भूमि-पूजन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित किया।

राजगढ़ में 12.83 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन

नदी जोड़ो परियोजना से राजगढ़ क्षेत्र का भूगोल और भाग्य दोनों बदलेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य और केन्द्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन से किसानों के जीवन में समृद्धि आएगी। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे अपनी जमीनें न बेचें। पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो सिंचाई परियोजना से इस अंचल का बड़ा इलाका लाभान्वित होगा। नदी जोड़ो परियोजना से राजगढ़ क्षेत्र का भूगोल और भाग्य दोनों बदलेंगे। उन्होंने कहा कि पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना से राजगढ़, नरसिंहगढ़, ब्यावरा, सारंगपुर, खिलचीपुर को लाभ मिलेगा।

सीएम डॉ. यादव ने की मांग

सिद्धारमैया के विवादित 'फैसले' को तत्काल वापस करवाएं खरगे

कर्नाटक सरकार ने शासकीय कार्यों में ठेकेदारों को धर्म आधारित आरक्षण दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार की ओर से शासकीय कार्यों में ठेकेदारों को धर्म आधारित आरक्षण की व्यवस्था का प्रावधान करना अनुचित एवं निंदनीय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म आधारित इस आरक्षण की कड़ी आलोचना करता हूं। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में बैठे मल्लिकार्जुन खरगे से कहना चाहूंगा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के तुष्टिकरण के फैसले को वापस कराने के लिए उचित कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोशल मीडिया एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक देश में इस तरह किसी धर्म विशेष को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नियम-प्रावधान कैबिनेट से पास कर लागू करना, यही कांग्रेस का अनैतिक चरित्र है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

पद्म पुरस्कार 2026 के लिए नॉमिनेशन शुरू

नई दिल्ली। पद्म पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू हो गई है है। अगले साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर पद्म पुरस्कारों की घोषणा की जाएगी। बता दें कि पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। इस तिथि तक नामांकन किया जा सकता है। राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी।

प्रसिद्ध ओडिया कवि रमाकांत रथ का निधन

भुवनेश्वर। ओडिया भाषा के प्रसिद्ध कवि और पूर्व प्रशासनिक अधिकारी रमाकांत रथ का रविवार को उनके खारवेल नगर स्थित आवास पर निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। उनके परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

बैतूल ऑयल लिमिटेड के टैंक में मिले दो शव

बैतूल। बैतूल आयल्स लिमिटेड में टैंक सफाई के दौरान दो मजदूरों की मौत के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों और स्थानीय लोगों ने जिला अस्पताल के सामने चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलते ही अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। बैतूल ऑयल लिमिटेड में टैंक की सफाई के दौरान दो मजदूरों की मौत हो गई।

जाने-माने पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन से बातचीत में पीएम मोदी ने बताया

संघ को समझना आसान नहीं...वह सिखाता है-हमेशा देश के 'काम आना'

पीएम ने कहा कि मैं आलोचना का स्वागत करता हूं मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह लोकतंत्र की आत्मा है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका के जाने-माने पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन से लंबी बातचीत हुई है। इसमें पीएम मोदी ने अपने बचपन से लेकर सार्वजनिक जीवन की यात्रा समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की है। मोदी ने आरएसएस से अपने जुड़ाव के बारे में भी बात की है। मोदी ने कहा कि मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मैंने आरएसएस जैसे प्रतिष्ठित संगठन से जीवन का सार और मूल्य सीखा। मुझे उद्देश्यपूर्ण जीवन मिला।

बचपन में संघ की सभाओं में जाना हमेशा अच्छा लगता था। मेरे मन में हमेशा एक ही लक्ष्य रहता था, देश के काम आना। यही संघ ने मुझे सिखाया। आरएसएस इस साल 100 साल पूरे कर रहा है। आरएसएस से बड़ा कोई स्वयंसेवी संघ दुनिया में नहीं है। आरएसएस को समझना आसान काम नहीं है, इसके कामकाज को समझना होगा। यह अपने सदस्यों को जीवन का उद्देश्य देता है। यह सिखाता है कि राष्ट्र ही सब कुछ है और समाज सेवा ही ईश्वर की सेवा है। हमारे वैदिक संतों और स्वामी विवेकानंद ने जो सिखाया है, संघ भी यही सिखाता है। आरएसएस के कुछ सदस्यों ने शिक्षा में क्रांति लाने के लिए विद्या भारती नामक संगठन की शुरुआत की।

संघ से जीवन का सार और मूल्य सीखा, मुझे उद्देश्यपूर्ण जीवन मिला

संघ सिखाता है कि राष्ट्र ही सब कुछ है, समाजसेवा ही ईश्वर की सेवा

संघ 100 साल पूरे कर रहा है। उससे बड़ा कोई स्वयंसेवी संघ दुनिया में नहीं



पाकिस्तान को लेकर बोले

उन्हें सद्बुद्धि मिलेगी और वे शांति का रास्ता चुनेंगे

इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान को लेकर भी बात की। पीएम ने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि पाकिस्तान को सद्बुद्धि मिलेगी और वे शांति का रास्ता चुनेंगे। पीएम ने कहा कि पाकिस्तान के लोग भी शांति चाहते हैं। मैंने अपने शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान को आमंत्रित किया था ताकि वह एक नया अध्याय शुरू कर सके, लेकिन शांति के हर प्रयास का सामना दुश्मनी और विश्वासघात से हुआ। पीएम मोदी ने कहा कि जब भी हम शांति की बात करते हैं, तो दुनिया हमारी बात सुनती है क्योंकि भारत गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी की भूमि है।

मेरी ताकत मेरे नाम में नहीं बल्कि 1.4 अरब भारतीयों में

पीएम मोदी ने कहा कि जब मैं विश्व नेताओं से हाथ मिलाता हूं, तो ऐसा मोदी नहीं बल्कि 1.4 अरब भारतीय करते हैं। उन्होंने कहा कि मेरी ताकत मेरे नाम में नहीं बल्कि 1.4 अरब भारतीयों और देश की कालातीत संस्कृति और विरासत के समर्थन में निहित है।

भारत के इतिहास सहित कई विषयों पर घंटों तक हुई चर्चा

फ्रिडमैन पिछले महीने पीएम मोदी का साक्षात्कार लेने के लिए भारत आए थे। अपनी यात्रा से पहले उन्होंने भारत के इतिहास सहित कई विषयों पर घंटों पीएम मोदी के साथ बातचीत करने की खुशी और उत्सुकता व्यक्त की थी। उन्होंने यह भी कहा था कि पीएम मोदी उनके अब तक पढ़े गए सबसे आकर्षक इंसानों में से एक हैं।

गडकरी बोले- कुछ भी हो सिद्धांत पर रहूंगा कायम

जो भी करेगा 'जाति की बात' उसको मारूंगा कस के लात

एजेंसी ▶▶ नागपुर

नागपुर में एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि बहुत से लोग जाति के आधार पर मुझसे मिलने आते हैं। मैंने उन सबसे 50,000 लोगों में कह दिया कि जो करेगा जाति की बात, उसके कस के मारूंगा लात। गडकरी ने एक बार फिर जातिगत भेदभाव के खिलाफ टिप्पणी की।

उन्होंने कहा कि मैं जाति के आधार पर भेदभाव नहीं करता हूं। चाहे मुझे फिर वोट मिलें या न मिलें। उन्होंने कहा कि मैं धर्म और जाति की बातें सार्वजनिक रूप से नहीं करता। चाहे चुनाव हार जाऊं या मंत्री पद चला जाए, मैं अपने इस सिद्धांत पर अटल रहूंगा। केंद्रीय मंत्री नागपुर में सेंट्रल इंडिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए।

चुनाव हारने से कोई अपनी जान नहीं खोता

उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति का मूल्य जाति, धर्म, भाषा या लिंग के बजाए उसके गुणों से निर्धारित होना चाहिए। किसी व्यक्ति को उसकी जाति, संप्रदाय, धर्म, भाषा या लिंग से नहीं, बल्कि उसके गुणों से जाना जाता है। इसलिए हम जाति, संप्रदाय, धर्म, भाषा या लिंग के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं करेंगे। गडकरी ने याद किया कि कैसे कई लोग अपनी जातिगत पहचान के आधार पर उनसे संपर्क करते थे, लेकिन वह अपने सिद्धांतों पर अडिग रहे। उन्होंने कहा मैं राजनीति में हूं और यहां यह सब चलता रहता है, लेकिन मैं इससे इनकार करता हूं भले ही इससे मुझे वोट मिलें या न मिलें। मैं अपने हिसाब से चलता हूं। मेरे दोस्तों ने मुझे बताया कि मैंने ऐसा कहकर खुद को नुकसान पहुंचाया है। लेकिन मुझे इसकी चिंता नहीं है। चुनाव हारने से कोई अपनी जान नहीं खोता।

एएसआई की गलती से हुई घटना

ताजमहल घूम रहे पर्यटकों पर मधुमक्खियों का हमला

एजेंसी ▶▶ आगरा

कई पर्यटक मधुमक्खियों के हमले में घायल

आगरा में रविवार को ताजमहल के रॉयल गेट पर मधुमक्खी का छत्ता टूटने से पर्यटकों में भगदड़ मच गई। मधुमक्खियों ने पर्यटकों पर अटैक कर दिया। इससे भगदड़ मच गई। कई पर्यटकों को मधुमक्खियों ने काट लिया। बताया गया है कि ताजमहल के रॉयल गेट पर मधुमक्खी का छत्ता बना हुआ था। छत्ते को हटाने के लिए एएसआई द्वारा काम कराया जा रहा था।

रहमान को डिहाइड्रेशन की भी समस्या थी

अपोलो अस्पताल से मिली छुट्टी, सीने में हुआ था दर्द

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रहमान रख रहे थे रोजा, शरीर में हो गई थी पानी की कमी

ऑस्कर विजेता संगीतकार एआर रहमान (58) को चेन्नई के एक अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। रहमान को सीने में दर्द की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया है।

शनिवार सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर सीने में दर्द की शिकायत के बाद चेन्नई के ग्रीम्स रोड स्थित अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनका इमरजेंसी वार्ड में इलाज चला।

आगर-मालवाः दिनदहाड़े बच्चे का अपहरण

बहन के साथ मंदिर जा रहे मासूम को 'छीनकर' भागे

एजेंसी ▶▶ आगर मालवा

बच्चे की मां ने अपने पति पर लगाया आरोप

आगर मालवा में रविवार सुबह ढाई साल के एक बच्चे का अपहरण हो गया। 4-5 बदमाश बोलेरो गाड़ी में सवार होकर आए और बच्चे को उसकी बहन के हाथों से छीन कर भाग गए।

बच्चे की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। महिला ने अपने पति पर ही अपहरण कराने के आरोप लगाए है।

भारत में बन रही एशिया की सबसे लंबी हाइपरलूप ट्यूब

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास में महत्वाकांक्षी हाइपरलूप प्रोजेक्ट डेवलप हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट में एशिया की सबसे लंबी हाइपरलूप ट्यूब तैयार होगी। उन्होंने कहा कि इसकी लंबाई 410 मीटर की होगी और यह जल्द ही दुनिया की सबसे लंबी हाइपरलूप बन जाएगी। रेलवे, सूचना एवं प्रसारण तथा सूचना रौद्योगिकी मंत्री ने 15 मार्च को आईआईटी मद्रास में हाइपरलूप प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया।

धरती से आए साथियों को देख खुशी से झूम उठीं सुनीता, उनके साथ किया डांस

आईएसएस पर पहुंचा नासा का रॉकेट फाल्कन- 9

इस हफ्ते के अंत तक अंतरिक्ष से लौटेंगी सुनीता विलियम्स...भगवान गणेश की मूर्ति है उनके साथ

बीते नौ महीने से सुनीता साथी बुच विल्मोर के साथ स्पेस में है फंसी हुई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बीते नौ महीनों से अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स अपने साथी बुच विल्मोर के साथ स्पेस में फंसी हुई हैं। विमान में तकनीकी खराबी होने के कारण 8 दिन में लौटने वाली सुनीता विलियम को अंतरिक्ष में 9 महीने हो चुके हैं, लेकिन अब राहत की बात यह है कि नासा और स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन इस समय इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंच गया है, यानी कि अंतरिक्षयात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर के पास अंतरिक्ष में पहुंच गए हैं। यह अंतरिक्ष यात्री फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए क्रू-10 मिशन ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट से पहुंचा है।

दो अमेरिकी व दो जापानी यात्री

क्रू-10 की सफल डॉकिंग के बाद, जैसे ही सुनीता विलियम्स और बुज विल्मोर से बाकी अंतरिक्ष यात्री मिले तो दोनों के चेहरे पर खुशी की लहर छा गई। अपने साथियों को देख दोनों ही बेहद खुश हुए और उनसे गले लग गए। सभी ने डांस किया और सेलिब्रेट किया। नासा के अंतरिक्ष यात्रियों का फाल्कन 9 रॉकेट सुबह 9:40 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर पहुंचा। अंतरिक्ष में जाने वाले सदस्यों में अमेरिका के दो अंतरिक्ष यात्री एन मौक्केलन और निकोल आयर्स हैं, जापान के अंतरिक्ष यात्री तुकुया ओनिशी और रूस के किरिल पेस्कोव हैं।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
मंडल सस्त्र केन्द्र, मंडल कार्यालय जबलपुर
1227 शालीन हाऊस, नेपियर टाउन, जबलपुर
(म.प्र.)- 482001, ई-मेल: cs8243@pnb.co.in

मांग सूचना (सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

वित्तीय संपत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) सपठित नियम 3(1) प्रतिभूति हित प्रवर्तन विनियम, 2002 के अंतर्गत सूचना-पत्र

उधारकर्ता/ बंधककर्ता का नाम एवं पता	मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि	प्रतिभूति	प्रकाशन का कारण
शाखा : फोवारा चौक, जबलपुर (म.प्र.) 1. (उधारकर्ता और बंधककर्ता) श्री पवन कुमार मंडल पिता श्री विष्णु मंडल 2. (उधारकर्ता और बंधककर्ता) श्रीमती राधिका मंडल पति श्री पवन कुमार मंडल दोनों का पता 1: एच नंबर 304/21ई, गोहलपुर थाने के पीछे, चितरंजन वार्ड, आमखेड़ा मार्ग, आमखेड़ा, तहसील और जिला - जबलपुर (म.प्र.) 482004 पता 2: वार्ड नंबर 74, कुदवारी, महाराजपुर, तहसील - पनागर, जिला -जबलपुर (म.प्र.)	Rs.8,32,547.03 + देय ब्याज एवं अन्य खर्च मांग सूचना पत्र दिनांक 17.02.2025 खाता क्रं 193700NC03484958 एन.पी.ए. दिनांक 30.01.2025	अचल आवासीय संपत्ति के समस्त भू भाग व अंश जो मौजा-कुदवारी में स्थित, एस नं. 503, पीएच नं. 26 (पुराना), 80 (नया), पटवारी डायवर्जन खसरा नं. 58/1/1/1 का भाग, वार्ड नं. 74, आरएनएम-महाराजपुर, तहसील-पनागर, जिला-जबलपुर (म.प्र.), क्षेत्रफल-20x33= 660 वर्ग फीट, जो पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 21.08.2018 के अनुसार निम्नानुसार सिमांकित है:- **उत्तर** – जगन्नाथ सेन का मकान, **दक्षिण**–विकेता का मकान, **पूर्व** – साइड रोड, **पश्चिम** – दीपक गुप्ता का मकान **मालिक और बंधककर्ता**– श्री पवन कुमार मंडल पिता श्री विष्णु मंडल और श्रीमती राधिका मंडल पति श्री पवन कुमार मंडल	दिए गए पते पर प्राप्तकर्ता का पता नहीं चला। डाक विभाग द्वारा सूचना-पत्र लौटाया गया।

जबकि उपरोक्त उल्लेखित उधारकर्ताओं/जमानतदाराओं/बंधककर्ताओं के अनुरोध पर, पंजाब नैशनल बैंक, उपर वर्णित शाखा ने ऋण सुविधाओं को मंजूरी दी थी। आपके द्वारा मूलधन और ब्याज का भुगतान नहीं किया गया है और इसके परिणाम स्वरुप उपरोक्त खाते को एनपीए (NPA) के रुप में वर्गीकृत किया गया है। उधारकर्ताओं/जमानतदाराओं/बंधककर्ताओं को उपरोक्त दिनांक को अधिनियम की धारा 13 के उपखंड (2) सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत दिए गए पते पर मांग नोटिस जारी किए गए लेकिन इन्हें उपर वर्णित कारणों से वापस लौटा दिया गया। उपरोक्त अधिनियम की धारा 13 (2) सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम के नियम 3 के अन्तर्गत इस नोटिस के माध्यम से नोटिस जारी होने की तिथि से 60 दिवस के अन्दर उपरोक्त उधारकर्ता से अपनी देयताओं को संपूर्ण रुप से भुगतान करने की मांग करता है। उधारकर्ता उपरोक्त तालिका में दी गई तिथि के उपरान्त भी वसूली योग्य राशि पर, संविदा की दर से, भविष्य की अवधि के लिए ब्याज एवं अनुषंगी व्यय, मूल्य प्रभार आदि के लिए भी देनदार होंगे। यदि इस मांग सूचना पत्र के उपरान्त भी ऋणी निर्धारित अवधि में उपर तालिका में इनके नाम के सामने वर्णित देय राशि तथा भविष्य की अवधि का ब्याज एवं अनुषंगी व्यय आदि जैसा कि अधिनियम की धारा 13 (2) में वर्णित है, का पर्नभुगतान करने में असफल रहते है तो बैंक अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 4 के अन्तर्गत प्रदत्त समस्त अथवा कोई भी अधिकार का उपयोग करेगी। उधारकर्ताओं/जमानतदाराओं/बंधककर्ताओं को यह भी सूचित किया जाता है कि अधिनियम की धारा 13 की उपधधारा 13 के प्रावधानों के अन्तर्गत व उपरोक्त तालिका में वर्णित पंजाब नैशनल बैंक के हित में प्रतिभूति की गई आस्तियों को बैंक की लिखित सहमति के बिना विक्रय पत्र, किराये नामें या अन्य प्रकार से अंतरित नहीं करेंगे। उधारकर्ताओं/जमानतदाराओं/बंधककर्ताओं को यह भी स्पष्ट हो कि उनको जारी इस नोटिस के बावजूद पंजाब नैशनल बैंक (आवश्यकता होने पर विधि सम्मत अन्य प्रावधानों के अन्तर्गत आपके विरुद्ध कोई भी कार्यवाही करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

दिनांक : 16.03.2025, स्थान : जबलपुर
प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक

पाकिस्तान सरकार की उड़ी नींद, भारी उथल पुथल हुई शुरु

पाकिस्तानी सेना पर बलूच आर्मी का फिदायीन हमला: 90 सैनिक मारे 5 दिन पहले ट्रेन हाईजैक में 28 सैनिक, 33 बलूच लड़ाके मारे गए थे

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने रविवार को पाकिस्तानी सेना पर फिदायीन हमले का दावा किया है। इसमें 90 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। हमला क्वेटा से कफ्तान जा रहे 8 मिलिट्री वाहनों पर नोशकी के हाईवे के पास किया गया। बीएलए के मुताबिक उसकी मजीद और फतेह ब्रिगेड ने सेना के काफिले पर सुसाइड बॉम्बिंग की। जानकारी के मुताबिक एक फिदायीन लड़ाका विस्फोटकों से भरी गाड़ी लेकर सेना के काफिले से टकरा गया। इसके बाद फतेह स्क्वॉड ने सेना के काफिले में घुसकर हमला किया। जिस वाहन पर सुसाइड अटैक किया गया था, वो पूरी तरह तबाह हो गया। घायलों को नोशकी के अस्पताल में भर्ती किया गया है। इलाके में इमरजेंसी लागू कर दी गई है।

पाकिस्तान सरकार को 48 घंटे का दिया था अल्टीमेटम

बलूचिस्तान में विद्रोह की शुरुआत 1947 से हुई थी

पाक पुलिस बोली- सिर्फ 5 सैनिक मारे गए

पाकिस्तानी पुलिस ने बलूच आर्मी के दावे के उलट कहा है कि सड़क के पास पड़े एक बम में विस्फोट हुआ। सैनिकों को लेकर वहां से गुजर रही बस इसकी चपेट में आ गई। हमले में पांच पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं, जबकि 10 घायल हुए हैं। मृतकों और घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान के नौशकी में सुरक्षा बलों को लेकर जा रही बस में विस्फोट हो गया। हमले में पांच सैन्य अधिकारियों की मौत हो गई। जबकि 12 सैन्यकर्मी घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बलूच लिबरेशन आर्मी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। वहीं बलूचिस्तान सरकार ने हमले की निंदा की है। पुलिस ने बताया कि पाकिस्तानी सेना की बसें सुरक्षा बलों को लेकर जा रही थीं।

बलूचिस्तान लंबे समय से हिंसक अलगाववाद से जूझ रहा

बलूचिस्तान में पिछले एक साल में आतंकवादी हमलों में बढ़ोतरी देखी गई है। नवंबर 2024 में क्वेटा रेलवे स्टेशन पर हुए आत्मघाती धमाके में करीब 26 लोग मारे गए थे और 62 अन्य घायल हुए थे। तेल और खनिज संपन्न बलूचिस्तान, पाकिस्तान का क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे बड़ा लेकिन सबसे कम आबादी वाला प्रांत है ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से लगा बलूचिस्तान लंबे समय से हिंसक अलगाववाद से जूझ रहा है। बलूच विद्रोही 60 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत वाली चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा परियोजनाओं को निशाना बनाकर हमले करते रहे हैं।

बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) क्या है?

बीएलए पाकिस्तान के बलूचिस्तान का सक्रिय सशस्त्र समूह है। ये संगठन बलूचिस्तान की पूर्ण आजादी की मांग कर रहा है। साल 2000 के दशक से ये संगठन संघर्ष कर रहा है। पाकिस्तान सरकार और सेना के खिलाफ इसका संघर्ष जारी है। बलूचिस्तान इलाका प्राकृतिक संसाधनों जैसे गैस, तांबा और सोने से समृद्ध है। बलूच लोगों का आरोप है कि पाकिस्तान सरकार इनका शोषण करती है। बलूचिस्तान में विद्रोह की शुरुआत 1947 में पाकिस्तान के गठन से शुरू हुई थी। तब बलूच नेताओं ने विलय का विरोध किया था। 1948 में इस हिस्से में व्यापक स्तर पर विद्रोह हुआ था।

पास में खड़ी दूसरी बस भी हुई क्षतिग्रस्त

स्थानीय पुलिस प्रमुख जफर जमानानी ने बताया कि बलूचिस्तान के नौशकी जिले में नौशकी-दलबंदिन राजमार्ग पर एक बस के पास सड़क किनारे बम विस्फोट हुआ। विस्फोट से पास की एक दूसरी बस भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मृतकों और घायलों को पास के अस्पताल ले जाया गया। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने हमले की निंदा की। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा कि निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना एक क्रूर कृत्य है। रिंद ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। रिंद ने कहा कि शत्रु तत्व देश को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं। आतंक के जरिये लोगों का मनोबल नहीं गिराया जा सकता। किसी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि हमला बलूच लिबरेशन आर्मी ने कराया है।

खबर संक्षेप

अमेरिकी डील को रद्द करेंगे कनाडा के पीएम

ओटावा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से दोनों पड़ोसियों के बीच

दूरियां बढ़ती जा रही हैं। कनाडा भी अमेरिका को सबक सिखाने की तैयारी में है। कनाडा एफ-35 फाइटर जेट की डील रद्द कर सकता है। कनाडा के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उस सौदे की समीक्षा कर रहा है, जिसमें अमेरिका से एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदे जाने हैं। यह बात तब सामने आई है जब दो दिन पहले ही पुर्तगाल भी एफ-35 खरीदने की योजना की समीक्षा का ऐलान कर चुका है।

जम्मू-कश्मीर में बस पलटी, 30 लोग घायल

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के रियासी में रविवार को एक मिनी बस के पलट जाने से 30 लोग घायल हो

गए हैं। इनमें से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को जम्मू-कश्मीर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में अधिकतर महिलाएं थीं। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना तारा मोड़ के पास हुई जब बस राजौरी जिले के मुगला से रियासी के पौनी जा रही थी। इस दुर्घटना में 22 महिलाओं समेत 30 यात्री घायल हो गए।

रायसीना डायलॉग : भारत पहुंचे न्यूजीलैंड के पीएम लक्सन ने किया ऐलान

भारत और न्यूजीलैंड के बीच फिर शुरू होगी मुक्त व्यापार समझौते की बातचीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एफटीए की घोषणा करते हुए वाण्ज्यि और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि- न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की भारत यात्रा के अवसर पर और हमारे आर्थिक सहयोग को गहरा करने की भावना से, दोनों राष्ट्र एक व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते वार्ता के लिए वार्ता शुरू करने की घोषणा करते हुए खुश हैं। भारत और न्यूजीलैंड ने रविवार को मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत फिर से शुरू करने की घोषणा की। बता दें कि, यह वार्ता साल 2010 में शुरू हुई थी और साल 2015 में रुक गई थी, लेकिन अब इसे फिर से शुरू किया जाएगा। भारत और न्यूजीलैंड ने अप्रैल 2010 में समग्र आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) पर बातचीत शुरू की थी। जिसका उद्देश्य वस्तुओं, सेवाओं और निवेश के व्यापार को बढ़ावा देना था। लेकिन नौ दौर की वार्ताओं के बाद 2015 में ये चर्चा रुक गई थी। भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, दोनों देश भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर फिर से वार्ता शुरू करने की घोषणा करते हैं।' इस समझौते का उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना और बाजार पहुंच को आसान बनाना है।

प्रधानमंत्री मोदी आज रायसीना डायलॉग का शुभारंभ करेंगे

समारोह के मुख्य अतिथि होंगे न्यूजीलैंड के पीएम लक्सन

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री 20 मार्च तक रहेंगे भारत की यात्रा पर

यह घोषणा तब हुई जब न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन भारत की चार दिवसीय यात्रा (16-20 मार्च) पर आए हुए हैं। केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। वह रायसीना डायलॉग 2025 में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर लक्सन 16 से 20 मार्च तक देश में रहेंगे।

व्यापार मंत्रियों की बैठक के बाद हुआ फैसला

यह निर्णय भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले की बैठक के बाद लिया गया। इसे लेकर वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की तरफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, भारत और न्यूजीलैंड के बीच दीर्घकालिक साझेदारी है, जो साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, लोगों के बीच मजबूत संबंधों और आर्थिक पूरकताओं पर आधारित है। दोनों देशों ने व्यापार और निवेश को शामिल करते हुए अपने द्विपक्षीय संबंधों को बनाने की दिशा में लगातार काम किया है। आगे लिखा गया, न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की भारत यात्रा के अवसर पर और हमारे आर्थिक सहयोग को गहरा करने की भावना से, दोनों राष्ट्र एक व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते वार्ता के लिए वार्ता शुरू करने की घोषणा करते हुए प्रसन्न हैं। यह अहम फैसला 16 मार्च, 2025 को भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के बीच एक बैठक की दौरान लिया गया, जिसने दोनों देशों के बीच आर्थिक और व्यापार संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण साझेदारी की नींव रखी।

एफटीए से क्या होगा फायदा?

व्यापार में बढ़ोतरी होगी और दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध मजबूत होंगे। निवेश के नए अवसर बनेंगे और बाजार में कंपनियों को अधिक पहुंच मिलेगी। आपूर्ति श्रृंखला बेहतर होगी, जिससे व्यापार करने में आसानी होगी।

छह मुद्दों पर होगी चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को रायसीना डायलॉग का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन मुख्य अतिथि होंगे। नई दिल्ली में होने वाला यह आयोजन रायसीना डायलॉग का 10वां संस्करण होगा। इसका आयोजन 17-19 मार्च के बीच किया जा रहा है। चर्चा के छह मुद्दे होंगे। इनमें बाधित राजनीति, हरित विकल्पों का समाधान,

डिजिटल ग्रह, उग्रवादी व्यापारिकता, एक नई योजना के साथ विकास को फिर से लिखना- टाइगर स्टोरी तथा शांति में निवेश। इन तीन दिनों के दौरान 125 देशों के 3500 से ज्यादा प्रतिभागी संवाद में निजी तौर पर हिस्सा लेंगे। लाखों लोग डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ेंगे।विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक बयान जारी कर कहा कि रायसीना डायलॉग भू राजनीति और भू अर्थशास्त्र पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने आने वाले चुनौतीपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस बार रायसीना डायलॉग में 125 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

कॉन्सर्ट में आतिशबाजी से हुआ हादसा

उत्तरी मैसेडोनिया के नाइट क्लब में लगी आग, 51 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ स्कोप्जे

उत्तरी मैसेडोनिया के दक्षिणी शहर कोकानी में रविवार सुबह एक नाइट क्लब में आग लग गई। हादसे में 51 लोगों की मौत हो गई। जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि क्लब में एक म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान आतिशबाजी चलने से हादसा हुआ। मैसेडोनिया के आंतरिक मंत्री पंचे तोशकोवस्की ने बताया रविवार सुबह नाइट क्लब पल्स में एक पॉप समूह के संगीत कार्यक्रम के दौरान आग लगी। क्लब में जाने वाले युवाओं ने आतिशबाजी चलाई।

इससे क्लब की छत में आग लग गई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में क्लब के अंदर अफरा-तफरी का माहौल दिख रहा है। मंत्री तोशकोवस्की ने कहा कि पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि संगीत कार्यक्रम में एक हजार से अधिक लोग उपस्थित थे। घायलों को कोकानी के स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया।

क्लब से उठी आग की तेज लपटें

आग लगने के बाद क्लब में अफरातफरी का आलम रहा। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में क्लब से आग की लपटें उठती नजर आ रही हैं। बताया जा रहा है कि स्थानीय संगीत समूह की जोड़ी स्टेज पर अपनी परफॉर्मेंस दे रही थी। इस दौरान झूमते हुए कुछ युवाओं ने आतिशबाजी चलाई। इसके चलते छत में आग लगी। वीडियो में स्टेज से भी आग की चिंगारी निकलती नजर आईं। सुरक्षा बल और अग्निशमनकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के उपाय किए। बताया जा रहा है कि आग इतनी विशाल थी की अग्निशमन कर्मियों ने कई घंटे तक मशक्कत की। मैसेडोनिया के अधिकारी आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं।

वैश्विक थिंक टैंक का सुझाव

भारत को ईयू से चिकित्सा उपकरणों पर करनी चाहिए विशेष छूट की मांग

◆ *इससे यूरोपीय संघ से आयात बढ़ सकता है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत को प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत यूरोपीय संघ (ईयू) से चिकित्सा उपकरणों के क्षेत्र में कुछ विशेष छूट की मांग करनी चाहिए। इससे भारत अपने निर्यात को बढ़ावा दे सकेगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को यह सुझाव दिया।

भारत अधिकांश चिकित्सा उपकरणों पर 0 से 10 फीसदी तक टैरिफ लगाता है। अगर भारत बिना यूरोपीय संघ के नियामक चुनौतियों को हल किए चिकित्सा उपकरणों पर टैरिफ कम करता है, तो इससे यूरोपीय संघ से आयात बढ़ सकता है, लेकिन निर्यात कम हो सकता है।

जीटीआरआई ने कहा, एक समान और निष्पक्ष व्यापार सौदा करने के लिए भारत को बदले में कुछ छूट की मांग करनी चाहिए। भारत को चिकित्सा उपकरणों पर टैरिफ तभी कम करना चाहिए, जब यूरोपीय संघ अपने गैरजरूरी टैरिफ के अवरोधों को हटाए।

राष्ट्रपति ट्रंप ने वित्तपोषण वाले विधेयक पर हस्ताक्षर किए

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सितंबर के अंत तक सरकार को वित्तपोषित करने वाले विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए हैं, जिससे फिलहाल सरकारी शटडाउन का खतरा टल गया है और कांग्रेस में चल रहा संघर्ष समाप्त हो गया है। इस मुद्दे पर डेमोक्रेट्स के बीच भी मतविभाजन दिख रहा था।। व्हाइट हाउस के प्रधान उप प्रेस सचिव हैरिसन फील्ड्स ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ट्रम्प ने शनिवार को सतत प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। पिछले वर्ष की तुलना में गैर-रक्षा व्यय में लगभग 13 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कटौती की गई है।

सरगना हाफिज का भतीजा था कताल

कश्मीर में तीर्थयात्रियों पर हमला करने वाला अबू ढेर

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का मोस्ट वांटेड आतंकी अबू कताल पाकिस्तान में मारा गया है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत स्थित झेलम में शनिवार की रात अज्ञात बंदूकधारियों ने कतार को ढेर कर दिया। लश्कर-ए-तैयबा चीफ हाफिज सईद का भतीजा और संगठन का प्रमुख सदस्य कताल जम्मू-कश्मीर में कई हमलों का मास्टरमाइंड था। कताल ने जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थयात्रियों की बस पर हुए हमले में अहम भूमिका निभाई थी। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को इसकी लंबे समय से तलाश थी। बता दें कि 1

जनवरी 2023 को राजौरी के ढांगरी गांव में नागरिकों को निशाना बनाकर आतंकी हमला किया गया। हमले के अगले दिन एक आईईडी विस्फोट हुआ। हमलों में दो बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। एनआईए ने राजौरी हमले के मामले में प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा संगठन की तीन पाकिस्तान स्थित हैंडलर समेत पांच आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

चीन में युवाओं के इंटरनेट इस्तेमाल पर लगेगी रोक

सरकार तय करेगी सोशल मीडिया पर कितना समय बिताएंगे युवक

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन में युवाओं के बढ़ते इंटरनेट और सोशल मीडिया उपयोग को लेकर सरकार सख्त कदम उठाने की तैयारी में है। चीनी अधिकारियों का मानना है कि ज्यादा स्क्रीन टाइम से बच्चों की शारीरिक सेहत और पढ़ाई पर असर पड़ रहा है।

चीन की हाल ही में संपन्न हुई वार्षिक राजनीतिक बैठक में पूर्व बास्केटबॉल स्टार याओ मिंग ने एक प्रस्ताव रखा था, जिसमें हर सेमेस्टर में एक दिन के लिए सभी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बंद करने और बच्चों को बाहर खेलने के लिए प्रेरित करने की बात कही गई थी। इसके अलावा, ऑनलाइन गेमिंग पर कड़े प्रतिबंध लगाने और हानिकारक ऑनलाइन कंटेंट पर नियंत्रण बढ़ाने

का सुझाव दिया गया था। 2024 के चीनी नव वर्ष के दौरान, टेनसेंट गेम्स ने 32 दिनों में कुल 15 घंटे गेम खेलने की सीमा तय कर दी थी। हालांकि, कई बच्चे इन प्रतिबंधों को वयस्कों के अकाउंट्स का उपयोग करके आसानी से बायपास कर लेते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व मीडिया पेशेवर आ कियांग का मानना है कि सरकार के ये प्रस्ताव व्यवहारिक रूप से प्रभावी नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि समस्या इंटरनेट की लत नहीं, बल्कि बच्चों पर पढ़ाई और माता-पिता की उम्मीदों का भारी दबाव है। कियांग के मुताबिक, जब तक ऑफलाइन जीवन में सुधार नहीं होगा, ऑनलाइन सीमाएं काम नहीं करेंगी।

हूतियों ने जवाबी हमले की दी धमकी

यमन में अमेरिकी सेना के विमानों ने बरपाया कहर, अब तक 31 की मौत

एजेंसी ▶▶ सना

यमन पर अमेरिकी हवाई हमलों में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है और इन लोगों में महिलाएं तथा बच्चे भी शामिल हैं। हूती विद्रोहियों द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय के प्रवक्ता अनीस अल-असबाही ने रविवार को बताया कि रातभर हुए हमलों में 101 लोग घायल भी हुए हैं। मेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को यमन में हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों पर सिलसिलेवार हवाई हमलों का आदेश दिया। ट्रंप ने चेतावनी दी कि ईरान समर्थित हूती विद्रोही अहम समुद्री गलियारे पर आने-जाने वाले मालवाहक पोतों पर जब तक अपने हमले बंद नहीं कर देते, तब तक वह 'पूरी ताकत से' हमले जारी

रखेंगे।हूती विद्रोहियों ने पहले कहा था कि इन हवाई हमलों में कम से कम 18 आम नागरिकों की मौत हुई है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, हमारे बहादुर सैनिक अमेरिकी जलमार्गों, वायु और नौसैन्य संपत्तियों की रक्षा करने तथा नौवहन की स्वतंत्रता को बहाल करने के लिए आतंकवादियों के ठिकानों, उनके आकाओं और मिसाइल रक्षा तंत्र पर हवाई हमले कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कोई भी आतंकी ताकत अमेरिकी वाणिज्यिक और पोतों को दुनिया के जलमार्गों पर स्वतंत्र रूप से आने-जाने से नहीं रोक पाएगी।

ईरान ने मदद से किया इनकार

ईरान ने रविवार को फिर से इस बात से इनकार किया कि वह यमन के हूती विद्रोहियों को कोई मदद दे रहा है। यह बयान तब आया जब अमेरिका ने हूतियों के ठिकानों पर हवाई हमले किए और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि ईरान को हूतियों की हरकतों के लिए पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

जेनेरेटर में हुआ ब्लास्ट और गुल हुई पूरे देश की बिजली

पनामा में ब्लैकआउट के बाद पानी के लिए तरसे लोग

एजेंसी ▶▶ पनामा

मध्य अमेरिकी देश पनामा में रविवार को पूरे देश की बत्ती गुल हो गयी। रिपोर्ट के अनुसार, ला चोरेरा थर्मोइलेक्ट्रिक पावर प्लांट के एक जनरेटर में विस्फोट के बाद पनामा में पूरे देश में ब्लैकआउट हो गया। विस्फोट के कारण जनरेटर के अंदर आग लग गई। बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो भी इसकी जानकारी देते हुए कहा कि एक जेनेरेटर के फटने के बाद ऐसे हालात पैदा हो गए। इंस्टीट्यूट ऑफ एक्वाडक्ट्स एंड सीवर्स (आईडीएएएन) ने कहा कि ब्लैकआउट के कारण वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट प्रभावित होने के कारण पेयजल की आपूर्ति भी बाधित हो गई है। मुलिनो ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने कहा कि इसमें राजधानी पनामा सिटी के दक्षिण-पश्चिम में एक प्रतिष्ठान में विस्फोट दिखाया गया है। उन्होंने लिखा, "सेवाएं धीरे-धीरे बहाल कर दी जाएंगी।

पनामा में धमाका तो अमेरिका में तूफान ने मचाई तबाही, लोग हो रहे परेशान

तूफान से कई स्कूल हो गए ध्वस्त, तीन लोग हुए लापता

अमेरिका में भीषण तूफान, घरों के उड़े परखच्चे, 32 लोगों की मौत

वॉशिंगटन। अमेरिका के कई हिस्सों में आए भयनकर तूफान ने तबाही मचा दी है। कई राज्यों में स्कूल भी नष्ट हो गए हैं और अभी तक कम से कम 32 लोगों की मौत होने की खबर सामने आई है। शुक्रवार को शर्मन काउंटी में धूल भरी आंधी चलने से हाईवे पर हुए हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। मिसिसिपी के गवर्नर टेट रीव्स ने बताया, तीन काउंटियों में छह लोगों की मौत हो गई है और तीन लोग लापता हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर उन्होंने बताया, पूरे राज्य में 29 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि मिसौरी में किसी भी अन्य राज्य की तुलना में ज्यादा मौतें दर्ज की गई हैं। इस बीच, शुक्रवार को सुरक्षाकर्मियों ने जानकारी दी कि टेक्सास पैनहैंडल के अमरिलो में धूल भरी आंधी चलने के कारण कार दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। देशभर में एक बड़े तूफानी सिस्टम ने तेज हवाएं चलाई हैं, जिस वजह से ये मौतें हुई हैं। 100 से अधिक जंगलों में आग लगने की भी खबर सामने आई है।

घमापुर में हत्या, जिले भर में दर्जनों चाकूबाजी की वारदातें

होली में रंगों के साथ जमकर उड़े खून के छींटे

जबलपुर। जिले में होली के रंगों के साथ खून के छींटे भी उड़े, होली की रात जहां घमापुर थाना क्षेत्र के सिध्दबाबा इलाके में 8-10 हुड़दंगियों ने मिलकर एक युवक की चाकुओं से हमला कर हत्या कर दी। वहीं कोतवाली में मामा भांजे पर चाकू से वार किया गया। इसी तरह गोहलपुर अधारताल सिहोरा केन्ट खमरिया सहित अन्य थाना क्षेत्रों में दर्जनों चाकूबाजी की घटनाएं हुईं। पुलिस की तमाम सख्तियों के बावजूद हुड़दंगियों पर लगाम नहीं लग सकी।

घमापुर क्षेत्र में युवक की हत्या

घमुपार थाना अंतर्गत सिध्दबाबा वार्ड में होली के रंग बार बार घर के सामने फेंकना समझाईश देना एक युवक को महंगा पड़ गया। आठ-दस हुड़दंगियों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिद्धबाबा क्षेत्र निवासी रामगोपाल कुशवाहा व उसके परिजनों सहित रिश्तेदारों ने दिनभर रंग खेला। इसके बाद रात को रामगोपाल घर के आंगन को पानी डालकर साफ कर रहा था। लगभग सफाई हो चुकी थी, इस दौरान सड़क से गुजरे 8-10 हुड़दंगियों ने फिर रंग फेक दिया। इस बात को लेकर रामगोपाल ने लड़कों को समझाइश देने की कोशिश की, जिसपर लड़के भड़क गए और रामगोपाल के साथ मारपीट कर दी, इतने में एक ने चाकू निकालकर रामगोपाल पर हमला कर दिया। रामगोपाल पर हमला होते देख परिजनों में चीख पुकार मच गई, शोर सुनकर आसपास के लोग घरों से निकल आए। जिन्हे देख हमलावर भाग निकले। रामगोपाल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल अस्पताल रेफर किया। मेडिकल में दूसरे दिन इलाज के दौरान रामगोपाल की मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच की तो नीतेश अहिरवार, अनुज बेन उर्फ पीयूष, समीर हदयात, अनिकेत चौबे और क्रिश राजपूत के नाम सामने आए हैं। पुलिस ने आरोपी नितेश अहिरवार उम्र 21 वर्ष, अनिकेत चैबे उम्र 18 वर्ष दोनों निवासी चाचा किराना के सामने सिद्धबाबा घमापुर तथा तीन 16-17 नाबालिग बालकों को गिरफ्तार कर लिया है।

चेरीताल में मामा-भान्जा पर चाकू से वार

कोतवाली थाना अंतर्गत दुर्गाई मोहल्ला में कोतवाली क्षेत्र में बहन को छोड़ने आए भाई और उसके भांजे पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे मामला भांजे दोनों घायल हो गये। कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आईटी आई चुंगी चौकी निवासी ई रिक्शा चालक अमन चौधरी अपनी बहन को छोड़ने चेरीताल दुर्गाई मोहल्ला आया था, यहां निशांत शर्मा, दीपक विश्वकर्मा व अन्य ने गाली गलौच करते हुये अमन चौधरी पर चाकू से हमला किया। उनके मामा आकाश चौधरी बीच बचाव करने आए तो मामा आकाश पर भी चाकू से हमला कर दिया और अमन के पिता केदार को धक्का देकर गिरा दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

खमरिया में हत्या का प्रयास

इसी प्रकार खमरिया थाना अंतर्गत ग्राम रिठौरी कलां निवासी 24 वर्षीय हर्ष कोल अपने छोटे भाई गौरव 18 वर्ष के साथ वर्धाघाट रिश्तेदार के घर से होली में टीका लगवाकर लौट रहा था। वर्धाघाट पीपल के पेड़ के पास अन्ना नामक युवक ने रोककर पुरानी रंजिश पर गाली गलौज शुरु कर दी। गौरव ने विरोध किया तो अन्ना ने चाकू निकालकर हत्या के इरादे से उसपर हमला कर दिया। हमले में गंभीर चोटें आने के कारण गौरव को जिला अस्पताल में भरती कराया गया। खमरिया पुलिस ने हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर आरोपी विष्णु दाहिया उर्फ अन्ना को गिरफ्तार कर लिया।

घर में घुसकर जानलेवा हमला

इसी तरह अधारताल थाना अंतर्गत कटरा मोहल्ला में पुरानी रंजिश को लेकर कृ ष्णा पटेल के घर में घुसकर राज केवट व पप्पू रैकवार ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में कृष्णा के पिता अशोक पटेल को गंभीर चोटें आई। कृष्णा ने बीच बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट की। अधारताल पुलिस ने बताया कि धारा 109 के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है।

भतीजे को फरसा मारा

जिले के ग्रामीण क्षेत्र सिहोरा थाना अंतर्गत ग्राम मढ़ई पथरोई निवासी राजमिस्त्री धर्मेन्द्र चौधरी ने धुरेड़ी के दूसरे दिन बच्चे रंग खेल रहे थे। जिन्हे देख धर्मेन्द्र ने मना किया। शोर सुनकर उसके चाचा सुरेश चौधरी आ गया उसने बच्चों को डांटने से मना किया। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। गुस्साए सुरेश चौधरी ने फरसा निकालकर भतीजे धमेन्द्र पर हमला कर दिया। हमले में धमेन्द्र के सिर पर गंभीर चोटें आई।

केन्ट में चाकूबाजी, 3 घायल

केन्ट थाना अंतर्गत गली नम्बर 22 में मोबाईल की दुकान चलाने वाले विजय उर्फ सोनू श्रीवास्तव की दुकान पर होलिका दहन की रात को एक व्यक्ति पहुंचा और रेलवे टिकट बुक कराने के लिए कहा। सोनू ने कहा कि दुकान बंद रहेगी। इस बात पर उक्त व्यक्ति विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ते देख वहीं पर खड़े रीतेश तिवारी ने गाली बकने से मना किया। उक्त व्यक्ति चला गया, कुछ पल बाद लौट कर आया तो रीतेश पर चाकू से हमला कर दिया। रीतेश पर हमला होते देख सोनू व पुरुषोत्तम ने बीच बचाव किया तो उनपर भी हमला कर दिया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाकर प्रकरण दर्ज कर लिया।

घर के बाहर बुलाकर तलवार मारी

अधारताल थाना अंतर्गत संजय नगर में के संजय नगर में घर से बुलाकर युवक पर तलवार से हमला किया गया। अधारताल पुलिस के मुताबिक लकी रजक होली के दिन घर में था। तभी संजयनगर दुर्गा चौक निवासी अभिषेक उर्फ कंजड़ घर के सामने आया और लकी को आवाज देकर बुलाया। लकी के बाहर आने पर अभिषेक ने शराब पीने रुपयों की मांग की। मना करने पर तलवार से हमला कर दिया। हमले में लकी के हाथ में चोट आ गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

चंडाल भाटा में तलवार बाजी

गोहलपुर थाना अंतर्गत चंडालभाटा क्षेत्र में किराना दुकान में सामान लेने गये कक्षा दसवीं में पढ़ने वाले छात्र सूर्या मलिक पर दो बदमाशों ने गाली गलौच कर तलवार से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक सूर्या घर का सामान लेने के लिए किराना दुकान गया। यहां पर पहले से खड़े साहिल कोल एवं विकास कोल गाली गलोज करने लगे। सूर्या ने मना किया तो तलवार से हमला कर दिया। हमले में सूर्या के सिर में गंभीर चोटें आई। गोहलपुर पुलिस ने घायल को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाकर हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर लिया।

जादूगरों को किया सम्मानित

जबलपुर। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में प्रख्यात जादूगर एस.के.निगम के 77 वाँ जन्मदिन भव्यता से मनाया गया। इस दौरान मंत्री श्री सिंह ने रंगों के पवित्र पर्व होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही एसके निगम जो कि जादू के क्षेत्र में उच्च श्रेणी के कलाकार है,उनकी 77वाँ जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जादू, भारत की एक प्राचीन कला है और यह कला इतनी विख्यात थी, कि लोग भारत को ही जादूगरों का देश कहने लगे थे। दुनिया में विख्यात कलाकार भारत में ही पैदा हुए और भारत का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि अन्य कलाओं के संरक्षण की तरह जादू कला का संरक्षण भी होना चाहिए, जो दिशा भ्रम,मन के भ्रम के साथ कौतूहल व मन की शांति भी पैदा करती है। उन्होंने संस्कारधानी से इस कला का संरक्षण करने वाले कलाकारों का शाल,साफा व अभिनंदन पत्र से सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, लुधियाना पंजाब से जादूगर मोगेंबो, हैदराबाद से श्यामला वैद्य, जयपुर से हरीश यादव के साथ शहर के प्रतिष्ठित लोग व बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

स्कूली छात्रों को पढ़ाएंगे व्यावसायिक पाठ्यक्रम

जबलपुर। नई शिक्षा नीति में स्कूली विद्यार्थियों को व्यावसायिक ओर रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम से जोडऩे की पहल की गई थी। इसी तारतम्य में प्रदेश सरकार की ओर से स्कूलों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम को शुरू करने के लिए प्रस्ताव बनाकर दिल्ली भेजा गया है। संभवत नए सत्र में अलग अलग चरणों में हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों को नए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम से जोड़ा जाएगा।कृषि, डेयरी, कंस्ट्रक्शन, फैशन डिजाइनिंग, इंटीरियर डिजाइनर, मैनेजमेंट, हाउसकीपिंग, ऑफिस असिस्टेंट, डाटा एंट्री ऑपरेटर, जूनियर टेक्नीशियन, माइक्रोफाइनेंस आदि विषयों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के बीच अलग-अलग चरण में लागू किया जाएगा, ताकि वह आज के समय से बाजार की मांग और आवश्यकता अनुसार खुद को तैयार कर सकें। नई शिक्षा नीति के तहत व्यावसायिक पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार से जोडऩे के लिए यह कवायत की जा रही है। प्रदेश सरकार की ओर से शिक्षा में नए पाठ्यक्रम को जोडऩे के लिए प्रस्ताव भी दिल्ली भेज दिया गया है। इसमें हाई स्कूल कक्षा 9वीं और 10 एवं हाई सेकेंडरी कक्षा 11वीं और 12वीं के लिए अलग अलग स्तर पर विषय वार कोर्स को लागू किए जाने के लिए स्पष्टीकरण भी चाहा गया है। संभवत नए शैक्षणिक सत्र में व्यावसायिक कोर्स की शुरुआत होगी, हालांकि की पूरी तरह व्यावसायिक पाठ्यक्रम को लागू करने में अभी कुछ समय और लगेगा पर इसकी शुरुआत तो हो ही जाएगी।

ताकि बाजार की जरूरत के हिसाब से शिक्षा हासिल कर सकें, केंद्र सरकार को भेजा प्रस्ताव

शिक्षकों को कर रहे तैयार... प्रशिक्षण भी देंगे

व्यवसाय और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम स्कूल में पढऩे के लिए शिक्षकों को अभी से तैयार रहने और उनकी मनः स्थिति को बनाने की कवायद शुरू हो गई है, जो शिक्षक तकनीकी ज्ञान में रुचि रखते हैं, उनकी सूची बनाई जा रही है और जो नवीन पाठ्यक्रम के विषय शिक्षक पढऩा चाहते हैं उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की जाएगी, संभवत अप्रैल मई महीने में भोपाल में मास्टर ट्रेनर की ट्रेनिंग होगी।

स्कूलों में तैयारी नहीं

नई शिक्षा नीति के बाद वर्तमान शैक्षणिक सत्र में ही स्कूल प्राचार्यों एवं प्रबंधन को नए कोर्स के बारे में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अब फिर से नए संशोधन को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है।

जबलपुर में बनेगी फ्लाईओव्हरों की श्रृंखला

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

जबलपुर।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने यहां कहा कि उन्होंने हमेशा चुनाव के दौरान शाश्वत विकास की बात कही थी। पिछले एक साल में उन्होंने लोक निर्माण विभागित्व का निर्वहन करते हुये इस दिशा में प्रयास किया। श्री सिंह ने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश में डॉ। मोहन यादव के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार में विकास दुगनी गति से हो रहा है। जिले में फ्लाईओवर की विस्तृत श्रृंखला का विकास होगा। जिससे शहर का यातायात सुधरेगा। श्री सिंह यहां पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। पत्रकार वार्ता में सांसद आशीष दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, विधायक अशोक रोहाणी, विधायक सुशील तिवारी, अभिलाष पांडे, निगमाध्यक्ष रिंकू विज एवं ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल भी उपस्थित थे। श्री सिंह ने यहां कहा, "मैंने जबलपुर के विकास के लिए हमेशा शाश्वत विकास की बात की है और इस दिशा में कार्य कर रहा हूँ। जबलपुर में यातायात, सड़क और फ्लाईओवर की श्रृंखलाओं के निर्माण से शहर के विकास को एक नया आयाम मिलेगा।

श्री सिंह ने यहां बताया, जबलपुर में यातायात को व्यवस्थित करने के लिए फ्लाईओवर की श्रृंखलाएं बनाई जा रही हैं, दमोहनाका से मदनमहल तक 1100 करोड़ रुपए लागत का फ्लाईओवर बनकर तैयार हो रहा है। वहीं सगड़ा बायपास पर आरओबी सह फ्लाईओवर (76 करोड़), एम्पायर तिराहा से पेंटीनाका तक फ्लाईओवर (43 करोड़), संजीवनी नगर से ज़ीरो डिग्री तक फ्लाईओवर (180 करोड़) और विक्रमपुर भिटोनी स्टेशन पर आरओबी निर्माण (62 करोड़) शामिल हैं। इन फ्लाईओवरों के निर्माण से जबलपुर के यातायात में सुधार होगा और शहर में आवागमन की सुविधा सुगम हो सकेगी।

चारों तरफ सड़क का जाल

उन्होंने कहा, जबलपुर में प्रदेश की सबसे बड़ी रिंग रोड का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके तहत शहर में प्रवेश करने वाले प्रमुख मार्गों का उन्नयन किया जा रहा है, जिनमें जबलपुर से पाटन तक फोरलेन सड़क (25।5 किमी, लागत - 140 करोड़), तिलवारा चरगंवा मार्ग का चौड़ीकरण (6।7 किमी, लागत - 62।77 करोड़), पिपरिया से रांझी मार्ग (7।5 किमी, लागत - 44 करोड़) शामिल हैं। इसके साथ ही, प्रमुख धार्मिक स्थलों तक पहुंच मार्गों का भी उन्नयन किया जा रहा है, जैसे ग्वारीघाट मुक्तिधाम से तिलहरी तक मार्ग (4।6 किमी, लागत - 32 करोड़) और भेड़ाघाट फोरलेन मार्ग (3।35 किमी, लागत - 20 करोड़)। व्हाइट टॉपिंग पद्धति से सड़कों का निर्माण भी किया जा रहा है, जिसमें साईं मंदिर आदर्श नगर से ग्वारीघाट तक (2।5 किमी, लागत - 25 करोड़), रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से इलाहाबाद बैंक चौक तक (3।08 किमी, लागत - 15।51 करोड़), और कटंगा तिरहा से छोटी लाइन फाटक तक (1।5 किमी, लागत - 10 करोड़) प्रमुख हैं, जिनसे शहर का इंफ्रास्ट्रक्चर और यातायात व्यवस्था मजबूत होगी।

हिन्दी का प्रयोग कामकाज में ईमानदारी से करें: रेल जोन जीएम

जबलपुर। क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर की 68वीं बैठक को समिति अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक, श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर राजभाषा विभाग, पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय, जबलपुर की त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका 'राजभाषा सरिता' के 52वें अंक का भी विमोचन किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्रीमती बंदोपाध्याय ने कहा कि हिंदी का प्रयोग-प्रसार एक सामूहिक प्रयास है इसलिए हम सभी को सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का प्रयोग बढ़ाने की दिशा में ईमानदारी से प्रयास करना होगा। उन्होंने पश्चिम मध्य रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रेलवे बोर्ड एवं गृह मंत्रालय की विभिन्न पुरस्कार योजनाओं में पुरस्कार प्राप्त करने पर बधाई दी, साथ ही सभी विभाग प्रमुख एवं समिति सदस्यों को गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के भी निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता ने राजभाषा विभाग द्वारा किये गए उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्यों की जानकारी दी। बैठक में समिति सदस्य एवं विभाग प्रमुख व उनके प्रतिनिधि अधिकारीगण स्वयं तथा मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक व कारखानों के मुख्य कारखाना प्रबंधक ऑन लाइन उपस्थित थे।

रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने वृहद युवा संगम आज

जबलपुर। युवाओं को निजी क्षेत्र की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप, रोजगार एवं शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में 17 मार्च को वृहद युवा संगम कार्यकम का आयोजन किया जा रहा है। उपसंचालक रोजगार श्री एम एस मरकाम ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय मॉडल आई.टी.आई जबलपुर, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की लगभग 40 कंपनियों द्वारा 700 पदों पर आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा। रोजगार मेले में कक्षा दसवीं, बारहवीं एवं स्नातक तथा आईटीआई एवं पोलिटेक्निक डिप्लोमा धारी 18 से 30 वर्ष की आयु के युवा आवेदन कर सकेंगे। मेले में स्वरोजगार से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी युवाओं को प्रदान की जाएगी। रोजगार मेले में आवेदकों को सुबह 11 बजे अपने समस्त शैक्षणिक व अन्य प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा के साथ शासकीय महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

गेहूं-चने की फसल खेत में तैयार....

आसमान में बादल... किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

जबलपुर। आसमान में बादल छा जाने से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं, खेतों में गेहूं, चने और अन्य फसल तैयार खड़ी है, ऐसे में अगर बूंदाबांदी और बारिश से नुकसान की आशंका से किसान परेशान है। जल्दी फसल काटने के लिए हार्वेस्टर मशीन वालों के यहां लंबी कतार किसानों की लगी हुई हैं।

प्रदेश में रबी सीजन में गेहूं के अलावा अन्य फसलों में चना, आलू, मटर प्याज, लहसून आदि की फसल किसानों ने लगाई है। मौसम के परिवर्तन से किसानों को परेशानी में डाल दिया है। खेतों में गेहूं व अन्य फैसले तैयार खड़ी है। आसमान में बादलों चिंता को ओर बढ़ा दिया है। किसान जल्दी में फसल काटने की जुगत में लगे है और इसके लिए हाईवेस्टर मशीन वालों के पास बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं, मशीनों की संख्या कम है और गेहूं कटाई कराने वाले किसान हजारों में, सभी जल्दी कर रहे हैं कि हमारी फसल पहले कट जाए और मौसम की विपरीत परिस्थिति का असर ना गिरे।

बोले किसान... फसल अच्छी पर मौसम की मार

किसानों ने बताया कि गेहूं की फसल तैयार खड़ी है। फसल की क्वालिटी और उत्पादन क्षमता भी अच्छी नजर आ रही है लेकिन आसमान में बादल और बूंदाबांदी ने परेशानी खड़ी कर दी है। अगर बारिश होती है तो किसानों के साथ बड़ी दिक्कत खड़ी हो जाएगी। अभी 10 से 15 फीसदी गेहूं की कटाई मुश्किल से हुई है। इस बार अच्छी फसल की उम्मीद में दुगना खर्च किया है और अब मौसम उनकी परीक्षा ले रहा है।

तीन स्टेज पर जांची जा रही बोर्ड परीक्षाओं की आंसरशीट

जबलपुर। माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की ओर से 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए मूल्यांकन कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस बार मूल्यांकनकर्ताओं को भी प्रशिक्षण दिया गया है। अब तीन स्तरों पर मूल्यांकन होगा। इसमें मुख्य परीक्षक, उप मुख्य परीक्षक और परीक्षक शामिल हैं। इस संबंध में भी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अगर किसी विद्यार्थी ने एक ही प्रश्न के उत्तर को कई बार लिखा है, तो परीक्षक अपने विवेक से एक ही उत्तर का मूल्यांकन करेंगे और एक ही उत्तर के अंक गणना में लिए जाएंगे। साथ ही परीक्षक के उत्तरपुस्तिका जांचने के बाद उप मुख्य परीक्षक पुनः परीक्षण करेंगे कि कहीं कोई त्रुटि तो नहीं है। अगर अंक भरने में गलती मिलेगी तो परीक्षक और उप मुख्य परीक्षक दोनों पर कार्रवाई होगी।बता दें कि प्रदेश के करीब 17 लाख विद्यार्थियों की 90 लाख कॉपियों के मूल्यांकन के लिए 40 हजार शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। दूसरे चरण का मूल्यांकन 21 मार्च से शुरू होगा। निर्देशित किया गया है कि एक शिक्षक को एक दिन में न्यूनतम 30 और अधिकतम 45 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना होगा। साथ ही उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के बाद ऑनलाइन अंक प्रविष्टि की जाएगी। संबंधित शिक्षक द्वारा अंकों की प्रविष्टि करने के बाद इच्छुक होने पर 15 उत्तरपुस्तिकाएं और प्रदान की जा सकती हैं। बिना बारकोड लगे उत्तरपुस्तिकाओं को मंडल कार्यालय भेजना होगा।

फोन लगाकर डॉक्टर से अपाइंटमेंट बुक कर सकेंगे मरीज

आयुष्मान भारत के हितग्राहियों के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी

हरिभूमि, जबलपुर।

आयुष्मान भारत निरामय योजना के हितग्राहियों के साथ हो रही धोखेबाजी और परेशानियों को कम करने के लिए अब टोल फ्री नम्बर जारी किया गया है। इस नम्बर के माध्यम से न केवल डॉक्टर के अपाइंटमेंट बुक हो सकेंगे,बल्कि किस अस्पताल में किस बीमारी का इलाज उपलब्ध है इसकी भी जानकारी दी जाएगी।

आयुष्मान भारत निरामय योजना के अन्तर्गत निरामय हेल्पलाइन पर सुविधाओं को बढाया जा रहा है। जारी किए गए नम्बर 18002332085 पर अब राज्य

शासन ने कॉल कर स्वास्थ्य सम्बंधित जानकारी देने के साथ-साथ डॉक्टरों की सूची भी तैयार कर ली है। टेलीकॉलर को हितग्राही द्वारा बीमारी की जानकारी देने पर निकटतम अस्पताल में ना केवल डॉक्टर का अपाइंटमेंट लेकर हितग्राहियों को सूचित किया जाएगा बल्कि बिना लाइन में लगे मरीज को तत्काल इलाज भी मिल सकेगा। आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का आभा आईडीए पंजीयन कर डिजिटल कार्ड बनाया जाएगा, ताकि मरीज की सभी बीमारियां इलाज के साथ उनकी जांच रिपोर्ट को भी एक जगह पर संधारित किया जा सके। योजना के अन्तर्गत प्रदेश के कई जिलों को पायलट प्रोजेक्ट में शामिल किया गया है। सबसे पहले यहीं के मरीजों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

कार्यकर्ता देंगी घर-घर जानकारी

आयुष्मान भारत योजना के तहत जो सुविधाएं हितग्राहियों के लिए शामिल की जा रही है उनकी जानकारी देने के लिए सभी अस्पतालों के प्रबंधक व महिला बाल विकास विभाग व स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ताओं को विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है। कार्यकर्ता विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार के दौरान आयुष्मान की इस सेवा और सुविधा का प्रचार-प्रसार घर-घर जाकर करें।

खूब उड़ा रंग और गुलाल बहनों ने लगाया टीका

बड़ों से लेकर बच्चों तक ने खेली जमकर होली

हहरिभूमि न्यूज सिहोरा।

रंगों के महापर्व होली पर बडो से लेकर बच्चों तक ने जहां रंग और गुलाल से जमकर होली खेली वहीं अनेक लोगो ने जगह जगह पार्टी कर धुरेड़ी का पूरा लुप्त उठाया । होली की उडदंग और शराब के नशे में.नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो मेंअनेक छुटपुट घटनाएं घटित होनी की जानकारी मिली थी। होली के दुसरे दिन जहां सडको पर दुपहिया वाहन ही इक्का दुक्का चले तो दो दिनो तक लगभग नगर का पूरा बाजार बंद रहा । हालाकि प्रशासन और पुलिस की सक्रियता के चलते दो दिनो में कोई बडी वारदात नही हो पाई क्योंकि पुलिस ने होलिका दहन के दिन से ही पुलिस व्यवस्था में कसावट ला दी थी और जहां तहां फिक्स प्वाइंट बनाकर टीमे तैयार कर तैनात कर दी थी। मान्यता के अनुसार होली में लगाया जाने वाला लाल रंग प्यार का प्रतीक है नीला भगवान कृष्ण का प्रतिनिधित्व करता है, और हरा रंग नई शुरुआत का प्रतीक है।

बहनों द्वारा लगाये जाने वाले मंगल टीका का है बहुत महत्व

धुरेडी के बाद बहनों के द्वारा भाईयों के माथे पर लगायें जाने वाले मंगल टीका लगाने का अपना अलग ही महत्व है मान्यता के अनुसार बहन की सेवा को देखकर यम बेहद खुश हुए और यमुना से कोई वर मांगने के लिए कहा। इसके बाद यमुना ने उनसे वचन लिया कि हर साल कार्तिक माह के शुक्ल द्वितीया तिथि पर वह मेरे घर आकर भोजन किया करें। यमराज ने भी उन्हें तथास्तु कहते हुए उन्हें तरह-तरह की भेंट भी दी। तभी से भाई दूज के पर्व को मनाने की शुरुआत हुई। रविवार को घर घर में भाईदूज का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। बहनो ने अपने भाइयों के माथे पर मंगल तिलक लगाकर उनसे अपनी रक्षा का बचन लिया एंव उनकी लम्बी उम्र की कामना की तो भाइयों ने भी बहन को अनेक उपहार देकर उनके चरण स्पर्श कर आशिर्वाद प्राप्त किया।दो दिनो में जहां नगर में अनेक होली के कार्यक्रम आयोजित किए गये तो वहीं गांवों में फागों के आयोजन संपन्न हुए। अभी रंगपंचमी तक रंग गुलाब का दौर चलता रहेगा।

रघुपति राघव राजा राम, प्राण बचाओ सीताराम

रंगोत्सव पर हुआ कवि सम्मेलन

जबलपुर। होली के पावन पर्व पर डॉ सुधीर तिवारी के अस्पताल प्रांगण में पर शानदार हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया. जिसमें नगर के रचनाकारों में राजसागरी, शेख निजामी, मोहन शशि,सूरज राय सूरज,मोहन शशि,आलोक पाठक ने शानदार कविताएं सुनाकर उपस्थित श्रोताओं की वाहवाही बटोरी । हास्य सम्राट के. के. नायकर ने अपने चिर-परिचित अंदाज में उपस्थित श्रोताओं को खूब हंसाया। राजसागरी ने अपने अंदाज में पढ़ा, दांव पेच कद काठी ओ की कच्छु नईयां..और दंगल में नाम लिखा लओ जो का कर लओ.. तो वहीं शेख निजामी ने कहा - पतलून सिर्फ चार बचे थे किसी तरह, दो आरजू में फट गए दो इंतजार में. सूरज राय सूरज ने कहा आज वसीयत करने वाले हैं बाबूजी, घर के सारे भाई इकट्ठे बैठे हैं।

नारी सम्मान पर आलोक पाठक ने जो पंक्तियां प्रस्तुत की उसने वाहवाही बटोरी, पाठक ने पढ़ा, तुम ही मेरी सीता सरस्वती सावित्री उमा हो..तुम ही मेरे जीवन की जीवंत सुषमा हो. वहीं कवि मोहन शशि ने क्रिकेट मैच पर सुनाई रचना में कहा कंगारू फंस गए फिरकी के जाल में, तरस आओ हमें उनके इस हाल में. कवि सम्मेलन का उत्कृष्ट संचालन करते हुए इंजी.विनोद नयन ने महंगाई पर शानदार पैरोडी प्रस्तुत की रघुपति राघव राजा राम, प्राण बचाओ सीताराम. अंत में डॉ. सुधीर तिवारी ने सभी को शाल, मानपत्र, माला से सम्मानित किया बड़ी संख्या में नगर के चिकित्सक, पत्रकार कलाकार उपस्थित रहे।

एम.पी. ट्रांसको में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

जबलपुर। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) की मातृशक्तियों के लिये एक फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर डॉ. संजय मिश्रा के विशेष सहयोग से तरंग ऑडोटोरियम रामपुर में किया गया। कैंप के प्रारंभ में एम.पी. ट्रांसको के सलाहकार अजय श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता अतुल जोशी एवं एस.सी. घोष ने वरिष्ठ महिला चिकित्सकों का स्वागत किया। एम.पी. ट्रांसको एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का फायदा उठाते हुये बड़ी संख्या में महिला कार्मिकों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। कैंप में वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, निःशुल्क दवा वितरण, पैथालॉजी चेकअप किया गया। एम.पी. ट्रांसको की ओर से हेल्थ कैंप की संयोजक श्रीमति क्षमा शुक्ला के साथ आर के दीक्षित,सुअंजु नीखरे, श्रीमति श्रद्धा तिवारी, श्रीमति नुसरत सिद्धकी, रिशिका उईके, सुरेश त्रिवेदी, इकबाल खान, तरूण विजयकर, सुमंत मिश्रा ने अपनी वालिंटियर सर्विसेस देकर कैंप को सफल बनाने में अपना विशेष योगदान दिया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. विनिता लूनावत, डॉ. अनुपमा पटेल, डॉ. अंशु साहनी, डॉ. राखी वाजपेयी, डॉ. निशा साहू के अलावा नर्सिंग आफिसर/फार्मिस्ट प्रतिभा डेविड, वर्षा नागेश्वर, दीप्ति चढ़ार, मीना ठाकरे, सरिता वर्मा, सरला धुर्वे, शिल्विया शर्मा, आश्रिता कुरैशी, सायनीय मालवीय, सोनम साहू एवं राहुल मेश्राम ने सहयोग किया।

शिव मंदिर बाबाताल में यज्ञ का आयोजन 19 से

सिहोरा। शिव मंदिर बाबाताल में 36 वां हवनात्मक तथा महाअभिषेकात्मक श्री महारुद्रयज्ञ एंव भागवत कथा का आयोजन 19 मार्च से प्रारंभ होगा। भगवान भोलेनाथ की असीम अनुकम्पा एंव नृसिंह टेकरी के ब्रम्हलीन संत द्वारका दास जी महाराज की कृपा से सिद्ध पीठ स्थल शिव मंदिर में विश्वशांति मानव कल्याण के उद्देश्य को लेकर आयोजित यज्ञ में भागवताचार्य मनोज कृष्ण शास्त्री जहां भागवत कथा की मीमांसा करेंगे वहीं यज्ञाचार्य पंडित केशव प्रसाद शास्त्री होंगे। यज्ञ समिति के पंडित राजकुमार तिवारी पिंटा महाराज ने बताया यज्ञ की मंगल कलशयात्रा निकलेगी जो पुराना बस स्टेंड, गौरी तिराहा, आजाद चौक, झंड़ा बाजार, काल भैरव चौक, मैना कुआं, हरदौल मंदिर से होकर यज्ञ स्थल पर संपन्न होगी।

मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में नाकाम नगर परिषद् भेड़ाघाट

सरस्वतीघाट में महिलाओं को वस्त्र बदलने में हो रही परेशानियां

हरिभूमि भेड़ाघाट।

सरस्वती घाट का अपना अलग महत्व हैं इसे बाणगंगा संगम भी कहा जाता है हजारों की संख्या में नर्मदा प्रेमी श्रद्धालुजन, स्नान करने आते हैं। नगर परिषद भेड़ाघाट द्वारा यहां की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में नाकाम साबित हो रही हैं महिला ओ को स्नान करने के बाद वस्त्र बदलने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है नगर परिषद भेड़ाघाट के जिम्मेदारों द्वारा बरसात में बाढ़ के कारण महिलाओं को वस्त्र बदलने वाले टम्पालो को ऊपर घाट पर रख दिए थे बाढ़ में क्षति ग्रस्त ना हो लेकिन नगर परिषद भेड़ाघाट के अधिकारी भूल गए कि बरसात के चार माह बाद भी महिलाओं को वस्त्र बदलने में हो रही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वैसे महिलाओं को वस्त्र बदलने है दो से तीन टम्पाल नुमा रखें थे अब एक मात्र सिंगल बचा है और दो टम्पाल कबाड़ में ऊपर पड़े हैं और यह भी कबाड़ में कब बिक जाये कहा नहीं जा सकता है नगर परिषद भेड़ाघाट द्वारा शासकीय राशि का किस तरह दुरुपयोग किया जा रहा है इसका जीता जागता उदाहरण सरस्वती घाट में फैली अव्यवस्था ओं को देख कर लगता है कि सिर्फ नगर परिषद के जिम्मेदारों द्वारा मैला एवं नाव से आय पर ध्यान रहता है पर्यटकों श्रद्धालुओ को होने वाली दिक्कतों से कोई सरोकार नहीं है तभी तो सरस्वती घाट में अव्यवस्था फैली हुई हैं शासन प्रशासन शीघ्र जिम्मेदारों पर कार्यवाही होनी चाहिए।

सरस्वती घाट पर शौचालय तक नहीं

मां नर्मदा के घाटों को स्वच्छ बनाए रखने हेतु केन्द्र सरकार या राज्य सरकार स्वच्छता पर फोकस कर रही हैं विश्व पर्यटन स्थल भेड़ाघाट विफल साबित हो रही हैं यहां के जिम्मेदारों को खानापूर्ति करना आता है घाटों का विकास या पर्यटकों की जरूरतों का सिर्फ ढीढोरा पीटा जाता है तभी तो सरस्वती घाट में नगर परिषद भेड़ाघाट द्वारा एक भी शौचालय नहीं बनवाया गया है किसी पर्यटकों या श्रद्धालुओ को शौचालय नहीं होने से कितनी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता है विश्व पर्यटन स्थल भेड़ाघाट को पर्यटक कोसते हैं कि घाटों पर कोई व्यवस्था नहीं होने से श्रद्धालु पर्यटक समस्याओं से जूझ रहे हैं नगर परिषद के जनप्रतिनिधि या अधिकारी सिर्फ मुंह बजाते हैं उनको सिर्फ आमदानी से मतलब है सरस्वती घाट पर फैली अव्यवस्था पर प्रशासन शीघ्र ध्यान दें और नगर परिषद भेड़ाघाट के अधिकारियों कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की जाये।

सम्मान के साथ कंट्रोल रूम प्रभारी रविन्द्र सिंह को दी गई अंतिम विदाई

कुशल कार्यशैली के लिए हमेशा याद आएंगे सबके चहेते बड्डे

हरिभूमि, जबलपुर।

संस्कारधानी में पुलिस प्रेस और पब्लिक के बीच सेतू का काम करने वाले कर्तव्य परायण व निष्ठावान कंट्रोल रूम प्रभारी बड्डे के नाम से लोकप्रिय टीआई रविन्द्र सिंह अब इस दुनिया में नहीं रहे। विश्वास ही नहीं होता की सिंह परिवार पर 15 दिन के अंदर दूसरा वज्रपात हुआ। अभी 15 दिन पहले ही उनकी माता जी का निधन हुआ था। टीआई श्री सिंह को पीलिया बिगड़ जाने के कारण चार दिन पहले ही नागपुर के मेडाज हास्पिटल में भर्ती कराया गया था जहां 15 मार्च की सुबह 6 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। महज 59 साल की उम्र में अल्प बीमारी के दौरान उनका निधन जिला पुलिस बल के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। उनके निधन का समाचार आते ही पूरे पुलिस विभाग में शोक की लहर छा गई और पुलिस विभाग का होली मिलन कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया। रवीन्द्र सिंह ने अपने अंतिम दिनों में भी उसी अंदाज में विदाई ली, जैसे वे जीवन में जिंदादिली और समर्पण के प्रतीक बने हुए थे।

हर परिस्थिति कंट्रोल करने में थी महारत

हर दिल अजीज रविन्द्र सिंह की कार्यशैली के कारण तमाम आईपीएस अधिकारियों की वह पहली पसंद होते थे। कंट्रोल रूम से किसी भी विषम परिस्थिति जिले को अच्छे ढंग से कंट्रोल करने में उन्होंने महारत हासिल की थी। पुलिस के मुखबिर तंत्र के वे अच्छे ज्ञाता थे, गुप्त सूचनाओं के आधार पर वे परिस्थितियों से अधिकारियों को अवगत कराकर विपरीत परिस्थितियों को कानून व्यवस्था के अनुकूल बनाने में दक्ष थे।

अंतिम विदाई देने उमड़ा हर वर्ग

उनकी कार्यशैली ने उन्हें हर वर्ग के लोगों में एक विशेष स्थान दिलाया था। रवीन्द्र सिंह का अंतिम संस्कार रविवार को पुलिस सम्मान सलामी के साथ किया गया। जिसमें उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला। इस अंतिम विदाई में न केवल पुलिस अधिकारी और नेता, बल्कि व्यापारी, पत्रकार और शहर के हर वर्ग के लोग शामिल हुए थे। श्मशान भूमि पर हर आंख नम थी, और उनके योगदान को याद करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थनाएं की जा रही थीं।

पुष्पचक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

अंत्येष्टि के पूर्व पुलिस लाइन स्थित रक्षित निरीक्षक कार्यालय में आईजी अनिल सिंह कुशवाह, डीआईजी अतुल सिंह, पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय, एसपी एसबी आशीष खरे, लोकायुक्त एसपी संजय साहू ने श्री सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर एएसपी सिटी आनंद कलादगी, एएसपी समर वर्मा, एएसपी सूर्यकांत शर्मा, एएसपी सोनाली दुबे, एएसपी प्रदीप शेंडे समेत सीएसपी, थाना प्रभारी, अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे।

श्री पीडी शर्मा- शिवानी काम्पलेक्स गुप्तेश्वर रोड निवासी श्री पीडी शर्मा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री बबलू बर्मन- मांडवा टेंडर 2, रामपुर निवासी श्री केशरी बर्मन के पुत्र श्री बबलू बर्मन (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती उमा चौधरी- तुलसीदास का बगीचा पंजाब बैंक कॉलोनी निवासी श्री सुनील चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती उमा चौधरी (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

श्री रवींद्र सिंह- रिजर्व पुलिस लाइन इंदिरा मार्केट के पास सिविल लाइन निवासी श्री रवींद्र सिंह (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री देवी लाल चौरसिया- बेलबाग थाने के सामने निवासी श्री देवी लाल चौरसिया (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री बचऊ लाल केशरवानी- संत नगर पोलीपाथर निवासी श्री बचऊ लाल केशरवानी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री नारायण प्रसाद सतनामी- बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री नारायण दास सतनामी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती शकुंतला शर्मा- नेता कॉलोनी अधारताल निवासी श्री केशव प्रसाद शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला शर्मा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती मुन्नी बाई सोनी- हनुमानताल थाने के पीछे खेरमाई वार्ड निवासी श्री महेश प्रसाद सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई सोनी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री सचिन चौधरी- गली नं. 1, बादशाह हलवाई मंदिर के पास नर्मदा रोड निवासी श्री बाबूलाल चौधरी के पुत्र श्री सचिन चौधरी (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती छोटी चौधरी- बड़ी मदार टेकरी शंकर चौक निवासी श्री बाबू लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती छोटी चौधरी (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री दयाराम महावर- तिलहरी बिलहरी निवासी श्री दयाराम महावर (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री दिलीप चौहटेल- खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी बाल किशन चौहटेल के पुत्र श्री दिलीप चौहटेल (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती विनोदिनी बेन दवे- आरती डायस अपार्टमेंट सिविल लाइन निवासी श्री प्रद्युन दवे की धर्मपत्नी श्रीमती विनोदिनी बेन दवे (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री सूर्यबली- सैनिक सोसायटी शक्तिनगर निवासी श्री सूर्यबली (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री दिलीप पटेल- चौथा मील बिलहरी निवासी श्री दिलीप पटेल (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री मोहन दास सोनवानी- इंद्रा बस्ती गौराव तालाब के पास गढ़ा रोड निवासी श्री मोहन दास सोनवानी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री भगवान दास दहायत- शिवाजी नगर रामपुर निवासी श्री भगवान दास दहायत (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

सुश्री पूनम ठाकुर- पोलीपाथर नर्मदा नगर निवासी श्री महेश सिंह ठाकुर की पुत्री सुश्री पूनम ठाकुर (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती फुन्दो बाई- जोगी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री बाबू लाल की धर्मपत्नी श्रीमती फुन्दो बाई (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती कुंता बाई केवट- राइट टाउन निवासी श्री जगदीश प्रसाद केवट की धर्मपत्नी श्रीमती कुंता बाई केवट (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री शिवकांत सतनामी- हनुमान टोरिया कांचघर निवासी श्री शारदा प्रसाद सतनामी के पुत्र श्री शिवकांत सतनामी (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री राजीव जाटव- पीरजी का बगीचा सदर निवासी श्री जवाहर लाल जाटव के पुत्र श्री राजीव जाटव (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सरस्वती बाई साहू- कांचघर पुलिस लाइन निवासी श्री खुमान साहू की धर्मपत्नी श्रीमती सरस्वती बाई साहू (100) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती द्रोपती बाई राजपूत- मांडवा रामपुर छापर निवासी श्री शीतल प्रसाद राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती द्रोपती बाई राजपूत (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती शकुन बाई चौधरी- बड़ी मदार टेकरी शंकर चौक निवासी श्री सुरेश चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन बाई चौधरी (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री मनोज कुशवाहा- मुड़वारा कटनी निवासी श्री जगन्नाथ कुशवाहा के पुत्र श्री मनोज कुशवाहा (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री अशोक राव अतुलकर- घंटाघर के पास बड़ी ओमती निवासी श्री अशोक राव अतुलकर (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री राम गोपाल कुशवाहा- सिद्धबाबा वार्ड छोटी खेरमाई के पास निवासी श्री कंधी लाल कुशवाहा के पुत्र श्री राम गोपाल कुशवाहा (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री ओम प्रकाश गुप्ता- गली नं. 5 सदर निवासी श्री ओम प्रकाश गुप्ता (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्रीमती माया रानी पांडे- गौतमगंज गढ़ा निवासी श्री कृष्ण कुमार पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती माया रानी पांडे (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती कमला बाई जायसवाल- गलगला निवासी श्री राम प्रसाद जायसवाल की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई जायसवाल (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्रीमती सुमन बर्के- गंगासागर रोड निवासी श्री प्रहलाद बर्के की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन बर्के का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री आरपी अग्रवाल- पत्रकार कॉलोनी रानीताल निवासी अधिवक्ता श्री आरपी अग्रवाल (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री आनंद बेन- भानतलैया निवासी श्री आनंद बेन (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती छोटी बाई अहिरवार- सिंधी कैंप करियापाथर रोड निवासी श्री शिव प्रसाद अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती छोटी बाई अहिरवार (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती गुड्डी बाई यादव- गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री पुरुषोत्तम यादव की धर्मपत्नी श्रीमती गुड्डी बाई यादव (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती हीरा बाई ठाकुर- गजानंद परिसर समदडिया ग्रीन सिटी रोड निवासी श्री चंदन सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती हीरा बाई ठाकुर (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

आर्यन बर्मन- भोला नगर बाबा टोला निवासी श्री राजकुमार बर्मन के पुत्र आर्यन बर्मन (13) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

खबर संक्षेप

बैंक यूनियन की 24-25 मार्च को हड़ताल

कोलकाता। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने कहा कि 24 और 25 मार्च को उसकी दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगी। यूएफबीयू ने कहा कि कर्मचारी संगठन की प्रमुख मांगों पर भारतीय बैंक संघ के साथ बातचीत में कोई सकारात्मक नतीजा नहीं निकल पाया।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 653.96 अरब डॉलर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार सात मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान दो वर्षों में सबसे तेज उछाल के साथ 15.26 अरब डॉलर बढ़कर 653.96 अरब डॉलर हो गया। पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.78 अरब डॉलर घटकर 638.69 अरब डॉलर रह गया था। आरबीआई द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ पुनर्मूल्यांकन में भंडार में गिरावट का रुख रहा है।

रिकॉर्ड 7.2 अरब डॉलर के विलय-अधिग्रहण सौदे



नई दिल्ली। भारत में फरवरी में विलय-अधिग्रहण एवं निजी इक्विटी सौदों में रिकॉर्ड उछाल देखा गया। ग्रांट थॉर्नटन की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इस दौरान कुल 7.2 अरब डॉलर के 226 विलय-अधिग्रहण और निजी इक्विटी सौदे हुए। यह पिछले तीन वर्षों में सबसे अधिक मासिक आंकड़ा है।

अमेरिका में निवेश निर्णय में होगी देरी

नई दिल्ली। टाटा टेक्नोलॉजीज के अमेरिका में निवेश के निर्णय में देरी हो सकती है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक वारेन हैरिस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन की शुल्क नीतियों को लेकर अभी अनिश्चितता बनी हुई है जिसकी वजह से वहां निवेश के हमारे निर्णय में विलंब हो सकता है।

लाल मिर्च की कीमतों में सुधार, किसानों को राहत

विजयवाड़ा। लाल मिर्च के भाव में आई उल्लेखनीय गिरावट के बाद में घोषित आंध्र प्रदेश सरकार की बाजार हस्तक्षेप योजना से कीमतों में उछाल आया है और किसानों के लिए ये लाभकारी स्तर पर स्थिर हो गई हैं। मिर्च की कीमतें पिछले सत्र में 28,000 रुपये प्रति क्विंटल से गिरकर 7,000 रुपये प्रति क्विंटल से भी नीचे आ गई थीं।

शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण घटा

नई दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 93,357.52 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 503.67 अंक या 0.68 प्रतिशत नीचे आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 155.3 अंक या 0.69 प्रतिशत का नुकसान रहा।

सरसों-सोयाबीन तेल में गिरावट, मूंगफली-पामोलीन-बिनौला में सुधार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीते सप्ताह सरसों की खाली पाइपलाइन के बीच बड़ी तेल पेराई मिलों द्वारा इसका स्टॉक जमा करने के लिए हाजिर बाजार में दाम तोड़ने से सरसों तेल-तिलहन तथा सोयाबीन सीड (तिलहन) का दाम टूटने से सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम गिरावट दर्शाते बंद हुए। दूसरी ओर, आवक घटने एवं मांग बढ़ने से मूंगफली तेल-तिलहन, विदेशों में दाम बढ़ने से पाम एवं पामोलीन तेल तथा सस्ते दाम पर लिवाली बढ़ने से बिनौला तेल कीमतों में सुधार दर्ज हुआ।

दिल्ली में बढ़ा दाम

जहां बड़ी तेल मिलें सरसों के हाजिर दाम तोड़ने में लगी हैं वहीं दिल्ली की नजफगढ मंडी में, जहां ज्यादातर छोटी तेल मिलें सरसों खरीदती हैं, सरसों के दाम में 100 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़त देखी गई। बड़ी तेल मिलों द्वारा सरसों के हाजिर दाम तोड़े जाने के बीच समीक्षाधीन सप्ताह में सरसों तेल-तिलहन के दाम में गिरावट दर्ज हुई।

किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरसों की सरकारी खरीद शुरू होने की उम्मीद

बिनौला सीड खरीदने की मजबूरी

सूत्रों ने कहा कि कम उत्पादन के कारण बिनौला सीड की कमी का सामना कर रहे उत्तर भारत के हरियाणा, पंजाब की तेल मिलों को महाराष्ट्र से बिनौला सीड खरीदना पड़ रहा है। पिछले महीने बिनौला सीड का खरीद भाव 3,600 रुपये था जो बीते सप्ताह बढ़कर 4,200 रुपये क्विंटल हो गया। इस वृद्धि के कारण बीते समीक्षाधीन सप्ताह में बिनौला तेल के दाम में भी सुधार दर्ज हुआ। कपास की अधिकांश फसल बाजार में खप चुकी है और लगभग 16-17 प्रतिशत फसल ही बची है जो मजबूत किसानों के पास है। कपास नरमा का वह 8,000 रुपये क्विंटल का भाव मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

बगैर लाभ के बेच रहे सोयाबीन तेल

पैसों की तंगी और बैंकों में अपना ऋण साख-पत्र चलाते रहने के मकसद से आयातक सोयाबीन तेल बगैर किसी लाभ के बेच रहे हैं। इसके अलावा सोयाबीन सीड का दाम टूटने की वजह से मुख्यतः सोयाबीन तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट आई। किसानों के पास अब मूंगफली का अधिक स्टॉक नहीं रह गया है। एमएसपी से 14-15 प्रतिशत के नीचे दाम पर किसान अब अपनी उपज को बेचने से कतराने लगे हैं।

सरसों का नहीं बचा स्टॉक

सरसों का कोई स्टॉक किसी के पास नहीं बचा है और पाइपलाइन खाली है जिसे देखते हुए देश की बड़ी तेल मिलें किसानों से सस्ते में खरीद कर स्टॉक जमा करने के लिए हाजिर दाम तोड़ रही हैं। इस वजह से देखा जा रहा है कि सुबह के कारोबार में दाम टूटने के बाद शाम को दाम बार फिर सुधर जाते हैं। गत दो-तीन दिन से मंडियों में सरसों की आवक घटी है क्योंकि किसानों को जल्द ही न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरसों की सरकारी खरीद शुरू होने की उम्मीद है।

कम दाम में नहीं बेच रहे किसान

बीते सप्ताह सोमवार, मंगलवार को सरसों की आवक मंडियों में 12-12.25 लाख बोरी की थी जो शनिवार को घटकर लगभग आठ लाख बोरी रह गई। अब किसान एमएसपी से कम दाम पर बेचने को कतई राजी नहीं दिखते। इस बार सरसों का उत्पादन कम है और स्टॉक खाली हो गया है।

भारतीय आवास बाजार में मांग में कमी के कोई संकेत नहीं

घरों की मांग मजबूत, मुद्रास्फीति की दर से अधिक बढ़ेंगी कीमतें : क्रेडाई

■ रियल एस्टेट चक्र में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव ऐसी चीज नहीं है जिसके बारे में हमें चिंता करने की जरूरत है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा है कि घरों की मांग मजबूत बनी हुई है और बजट में कर प्रोत्साहन तथा हाल ही में रेपो दर में कटौती से इसमें और वृद्धि की उम्मीद है। क्रेडाई निजी रियल एस्टेट डेवलपर्स का एक शीर्ष निकाय है। ईरानी ने एक बातचीत में कहा कि भारतीय आवास बाजार में मांग में कमी के कोई संकेत नहीं हैं, बल्कि यह दीर्घावधि में बढ़ती रहेगी।

हालांकि, उन्होंने कहा कि कुछ बाजारों में इसका असर हो सकता है, लेकिन कुल मिलाकर अखिल भारतीय स्तर पर वृद्धि को लेकर कोई चिंता नहीं है। उन्होंने नासिक में हुई बातचीत में कहा कि रियल एस्टेट चक्र में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव ऐसी चीज नहीं है जिसके बारे में हमें चिंता करने की जरूरत है। हमें दीर्घकालिक वृद्धि को देखने की जरूरत है। क्रेडाई ने नासिक में हाल में दो दिन के सम्मेलन का आयोजन किया था।

घरों की मांग में सुधार होगा

यह पूछे जाने पर कि क्या पिछले तीन कैलेंडर वर्ष का उत्साह अब कम हो गया है, ईरानी ने कहा, 'मुझे ऐसा नहीं लगता।' उन्होंने इसके लिए फरवरी माह के मुंबई बाजार के संपत्ति पंजीकरण आंकड़ों का हवाला दिया। मुंबई क्षेत्र में संपत्तियों का पंजीकरण फरवरी में 12,000 इकाई पर स्थिर रहा है। ईरानी ने कहा कि बजट में पेश किए गए कर प्रोत्साहन और हाल ही में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती से घरों की मांग में सुधार होगा। उन्होंने कहा, 'हाल के दिनों में मैंने जो सबसे साहसिक कदम देखा है, वह वर्तमान बजट है, जिसमें सरकार ने घोषणा की है कि वह 12 लाख रुपये तक की आय पर कर नहीं लगाएगी। उन्होंने कहा कि इससे लोगों की क्रय शक्ति में सुधार होगा।

1,000 सरकारी स्कूलों को अपग्रेड करने का फैसला

क्रेडाई के निर्वाचित अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा कि हम हरित रियल एस्टेट और कौशल विकास को बढ़ावा देने पर बहुत जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्रेडाई कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के मोर्चे पर भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। पटेल ने बताया कि क्रेडाई ने एसोसिएशन के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर देशभर में 1,000 सरकारी स्कूलों को 'अपग्रेड' (उन्नत) करने का फैसला किया है। क्रेडाई एक गैर सरकारी संगठन के साथ साझेदारी में इन 1,000 सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम स्थापित करेगा और छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण पानी और आधुनिक शौचालयों की आपूर्ति का भी प्रावधान करेगा।

सरकार दे रही बुनियादी ढांचे पर ध्यान

क्रेडाई के अध्यक्ष ने कहा कि सरकार बुनियादी ढांचे पर बहुत ध्यान दे रही है और इससे आवास, कार्यालय, मॉल और भंडार गृह सहित रियल एस्टेट के सभी क्षेत्रों के लिए नए व्यावसायिक अवसर पैदा हो रहे हैं। इस साल आवास मूल्य परिदृश्य पर ईरानी ने कहा, 'मैं कहता रहा हूं कि मूल्यवृद्धि डेवलपर के हित में बिल्कुल नहीं है। हम केवल मुद्रास्फीति से संबंधित लागत वृद्धि से बहुत खुश हैं।निश्चित रूप से कीमतों में मुद्रास्फीति से अधिक वृद्धि होगी, क्योंकि मुझे लगता है कि आपूर्ति कम हो गई है। परियोजनाओं के तेजी से निष्पादन से रियल एस्टेट डेवलपर्स के पास बेहतर लाभ मार्जिन होगा।

एफपीआई ने बेचे 30,000 करोड़ के भारतीय शेयर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ फरवरी में उन्होंने शेयरों से 34,574 करोड़ रुपए और जनवरी में 78,027 करोड़ रुपए निकाले थे

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की भारतीय शेयर बाजारों से निकासी का सिलसिला जारी है। वैश्विक व्यापार को लेकर तनाव बढ़ने के बीच एफपीआई ने मार्च के पहले पखवाड़े में स्थानीय शेयर बाजारों से 30,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि निकाली है। इससे पहले फरवरी में उन्होंने शेयरों से 34,574 करोड़ रुपए और जनवरी में 78,027 करोड़ रुपए निकाले थे।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इस तरह 2025 में अबतक एफपीआई भारतीय शेयर बाजार से कुल 1.42 लाख करोड़ रुपए (16.5 अरब अमेरिकी डॉलर) निकाल चुके हैं। आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (13 मार्च तक) भारतीय शेयर बाजारों से शुद्ध रूप से 30,015 करोड़ रुपए निकाले हैं। यह उनकी शुद्ध निकासी का लगातार 14वां सप्ताह है।

ट्रंप की नीति से अनिश्चितता

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, 'राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अगुवाई में अमेरिका की व्यापार नीतियों को लेकर जो अनिश्चितता चल रही है, उससे वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की क्षमता प्रभावित हुई है। ऐसे में एफपीआई भारत जैसे उभरते बाजारों को लेकर सतर्कता का रुख अपना रहे हैं।'

जम्मू-कश्मीर में 200 से अधिक निवेशकों को कारोबार करने के लिए भूमि आवंटित

एजेंसी ▶▶| जम्मू

■ निवेशकों में से ज्यादातर दिल्ली, हरियाणा और पंजाब से हैं

जम्मू-कश्मीर के बाहर के 200 से अधिक निवेशकों को जम्मू-कश्मीर में अपनी व्यावसायिक इकाइयां स्थापित करने के लिए पिछले एक दशक में औद्योगिक एस्टेट में भूमि प्रदान की गई है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

अगस्त, 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने और तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद बाहरी निवेशकों द्वारा भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में कई गुना वृद्धि हुई है। बाहरी निवेशकों में से ज्यादातर दिल्ली, हरियाणा और पंजाब से हैं। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, अधिकांश निवेशकों ने जम्मू क्षेत्र के कठुआ और सांबा जिलों को अपनी फर्म स्थापित करने के लिए प्राथमिकता दी, जबकि घाटी में बहुत कम व्यवसायी रुचि दिखा रहे हैं।

28 व्यवसायियों को सांबा-कठुआ जिलों में भूमि आवंटित

औद्योगिक नीति 2016-26 के तहत देश के विभिन्न हिस्सों से कुल 28 व्यवसायियों को सांबा और कठुआ जिलों में अपनी इकाइयां स्थापित करने के लिए 500 कनाल से अधिक भूमि आवंटित की गई थी। निवेश प्रस्ताव के आधार पर भूमि का आवंटन अलग-अलग होता है।

इलेक्ट्रॉनिक्स दुनिया का सबसे बड़ा विनिर्माण क्षेत्र बनने की ओर अग्रसर

चेन्नई। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने शनिवार को कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग विश्व स्तर पर और भारत में सबसे बड़ा विनिर्माण क्षेत्र बनने की ओर अग्रसर है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि तमिलनाडु का 'इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर' वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में देश के अग्रणी के रूप में उभर रहा है। कृष्णन ने यह बात अनुबंध निर्माण कंपनी जेटवर्क इलेक्ट्रॉनिक्स के विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर कही। संयंत्र का उद्घाटन केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया। श्रीपेरंबदूर में आयोजित इस कार्यक्रम में तमिलनाडु के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा, जेटवर्क के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और सह-संस्थापक अमृत आचार्य और इलेक्ट्रॉनिक्स बिजनेस के अध्यक्ष जोश फॉल्गर ने भाग लिया।

सन फार्मा, जायडस ने अमेरिका में वापस मंगाए अपने उत्पाद

■ अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने यह जानकारी दी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय दवा कंपनियां- सन फार्मा और जाइयस फार्मास्यूटिकल्स विनिर्माण संबंधी समस्याओं के कारण अमेरिकी बाजार में अपने उत्पादों को वापस बुला रही हैं। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने यह जानकारी दी। अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने अपनी नवीनतम प्रवर्तन रिपोर्ट में कहा है कि न्यू जर्सी स्थित सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज इंक 'असफल विघटन विनिर्देशों' के कारण मॉर्फिन सल्फेट विस्तारित-रिलीज़ टैबलेट की 9,840 बोतलें वापस ले रही है। कंपनी ने छह फरवरी, 2025 को क्लास-2 राष्ट्रव्यापी दवा वापसी शुरू की। यूएसएफडीए ने कहा कि जायडस फार्मास्यूटिकल्स इंक अमेरिका में कुछ कैंसर के उपचार में इस्तेमाल होने वाले नेलाराबाइन इंजेक्शन की बड़ी मात्रा को वापस बुला रहा है।

कंपनी दवा की 1,893 शीशियों को भी वापस मंगा रही

यूएसएफडीए ने कहा कि कंपनी नेलाराबाइन इंजेक्शन की 250एमजी/50एमएल, (5एमजी/एमएल) की ताकत वाली 36,978 शीशियों को 'विफल अशुद्धियों/क्षय विनिर्देशों' के लिए वापस मंगा रही है। कंपनी ने फरवरी में क्लास-2 वापसी शुरू की थी। जायडस 250एमजी/50एमएल (5एमजी/एमएल) की ताकत वाली दवा की 1,893 शीशियों को भी वापस मंगा रही है।

टीवीएस, पेट्रोनास ने साझेदारी मजबूत की...

चेन्नई। वाहन विनिर्माता टीवीएस मोटर कंपनी ने पेट्रोनास लुब्रिकेंट्स इंटरनेशनल के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत किया है। टीवीएस मोटर के साथ गठबंधन के तहत पेट्रोनास लुब्रिकेंट्स इंटरनेशनल अगले तीन वर्षों के लिए टीवीएस रेसिंग का शीर्षक प्रायोजक बना रहेगा। टीवीएस रेसिंग एक फैक्टरी रेसिंग टीम, जिसे आधिकारिक तौर पर प्रतिस्पर्धाओं में वाहन विनिर्माताओं द्वारा प्रायोजित किया जाता है। पेट्रोनास लुब्रिकेंट्स इंडिया 2022-23 सत्र के दौरान टीवीएस रेसिंग का शीर्षक प्रायोजक रहा है। इस साझेदारी में भारतीय राष्ट्रीय सुपरक्रॉस चैम्पियनशिप, भारतीय राष्ट्रीय रैली चैम्पियनशिप और भारतीय राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रेसिंग चैम्पियनशिप में रेसिंग टीम का समर्थन करना शामिल है।

फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, डॉलर सूचकांक में नरमी और आने वाली तिमाहियों में घरेलू कंपनियों की आमदनी में उछाल की उम्मीद

अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर निर्णय, वैश्विक रुझान, शुल्क से संबंधित घटनाक्रम और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की गतिविधियां इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा तय करेंगी।

विश्लेषकों ने यह राय जताई है। वृहद आर्थिक आंकड़ों की घोषणा के बीच फरवरी के लिए थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े सोमवार को आएंगे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'वैश्विक व्यापार को लेकर लगातार अनिश्चितताएं और अमेरिका में मंदी की आशंका स्थानीय बाजार की रफ्तार को प्रभावित कर रही है। यह रुख जारी रहेगा। हालांकि, हालिया 'करेक्शन' के बाद मूल्यांकन में कमी, साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, डॉलर सूचकांक में नरमी और आने वाली तिमाहियों में घरेलू कंपनियों की आमदनी में उछाल की उम्मीद जैसे कारक बाजार के उतार-चढ़ाव पर कुछ अंकुश लगा सकते हैं। हालांकि, मौजूदा व्यापार को लेकर अनिश्चितताएं बरकरार हैं।'

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के प्रमुख-शोध, संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'इस सप्ताह, हमारा अनुमान है कि कि बाजार कुछ उतार-चढ़ाव के साथ सीमित दायरे में रहेगा। बाजार की दिशा वैश्विक रुख और अमेरिकी शुल्क नीतियों से तय होगी।'

पिछले सप्ताह रहा गिरावट का दौर

पिछले सप्ताह छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों के दौरान बीएसई के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स में 503.67 अंक या 0.67 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 155.21 अंक या 0.68 प्रतिशत के नुकसान में रहा। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ''निवेशक डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा भारतीय वस्तुओं पर शुल्क लगाए जाने की आशंका और इसके कुल प्रभाव को लेकर चिंतित हैं। ऐसे में कुछ और समय तक नकारात्मक रुख बने रहने की संभावना हैं।''

वैश्विक व्यापार नौ प्रतिशत के विस्तार के साथ 33,000 अरब डॉलर

भारत, चीन के व्यापार में दिसंबर तिमाही में मजबूत वृद्धि

एजेंसी ▶▶| संयुक्त राष्ट्र

■ विकासशील देशों, विशेषकर और भारत में औसत से बेहतर व्यापार विस्तार हुआ

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि विकासशील देशों, विशेष रूप से भारत और चीन ने 2024 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में औसत से बेहतर व्यापार विस्तार देखा।

रिपोर्ट में हालांकि, आगामी तिमाहियों में वैश्विक स्तर पर 'आर्थिक मंदी की संभावना' की चेतावनी दी गई है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास द्वारा नवीनतम वैश्विक व्यापार अपडेट, जो मार्च की शुरुआत तक के आंकड़ों को कवर करता है, ने कहा कि 2024 में वैश्विक व्यापार लगभग 1,200 अरब डॉलर यानी नौ प्रतिशत के विस्तार के साथ 33,000 अरब डॉलर तक पहुंच गया। रिपोर्ट में कहा गया, "विकासशील देशों, विशेषकर चीन और भारत में औसत से बेहतर व्यापार विस्तार हुआ, जबकि कई विकसित देशों में व्यापार संकुचन हुआ।"

इसमें कहा गया है कि चीन और भारत ने 2024 की चौथी तिमाही में मजबूत व्यापार गति देखी, जबकि अमेरिका एक प्रमुख चालक बना रहा। साल 2024 की चौथी तिमाही में प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापारिक व्यापार ने मिश्रित रुझान दिखाए। चीन और भारत के व्यापार में, विशेष रूप से निर्यात में वृद्धि जारी रही।

आठ प्रतिशत की आयात वृद्धि

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने 2024 की चौथी तिमाही में माल व्यापार में तिमाही आधार पर आठ प्रतिशत की आयात वृद्धि दर्ज की और वार्षिक आयात में छह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जबकि वस्तुओं में तिमाही निर्यात वृद्धि सात प्रतिशत और वार्षिक निर्यात वृद्धि दो प्रतिशत रही। साल 2024 की चौथी तिमाही में सेवा व्यापार में वृद्धि जारी रही। हालांकि, यह वार्षिक आंकड़ों की तुलना में धीमी गति रही। यह दर्शाता है कि सेवा व्यापार में सकारात्मक रुझान अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं के लिए स्थिर हो सकता है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के लिए सेवा व्यापार में वृद्धि मजबूत रही।

वार्षिक आधार पर प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक रही : इसके विपरीत, दक्षिण कोरिया में निर्यात वृद्धि में कमी आई, हालांकि यह वार्षिक आधार पर प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक रही। अमेरिका में, 2024 की चौथी तिमाही में आयात वृद्धि सकारात्मक रही, जबकि निर्यात वृद्धि घट गई। जापान, रूस, दक्षिण अफ्रीका और यूरोपीय संघ के लिए तिमाही और वार्षिक दोनों आधार पर आयात वृद्धि के रुझान नकारात्मक रहे।

चिंतन

आतंकवाद की वैश्विक राजधानी पाकिस्तान

आज पाकिस्तान अपना बोया ही काट रहा है। आतंकवाद और बगावत की आग में झुलस रहा है। पाकिस्तान की नीति आतंकवाद को पालने-पोसने व अच्छे व बुरे आतंकवाद में फर्क रखने की रही है, नतीजा आज सामने है। एक तरफ जहां आतंकी गुट पाक फौज के लिए चुनौती बने हुए हैं, वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान से अलग स्वायत्त क्षेत्र के लिए लड़ाई लड़ रहे विद्रोही गुट पाक सेना को आर-पार की चुनौती दे रहे हैं। एक सप्ताह में दूसरी बार है जब बलूच लिब्रेशन आर्मी (बीएलए) ने पाक फौज को निशाना बनाकर हमला किया है। बीएलए ने पहले ट्रेन को हाइजैक किया, उसके बाद अब आत्मघाती हमले से पाक सुरक्षा बलों पर हमला किया है। बीएलए पाक संघीय सरकार से आजादी की मांग कर रही है। इस वक्त पाकिस्तान में कई अलगाववादी गुट सक्रिय हैं, जिन्हें काबू करना पाकिस्तान सरकार व फौज के लिए भारी पड़ रहा है। जहां पाकिस्तान की आर्थिक हालत खस्ता है, वहीं देश के अंदर अनेक आतंकवादी, कट्टर इस्लामिक व अलगाववादी शक्तियां फन उठा रही हैं। पाक सरकार व पाक एस्टाब्लिशमेंट–फौज व खुफिया एजेंसी आईएसआई की फंक्शनिंग में भारी अंतर व समन्वय की कमी के चलते अलगावादी शक्तियों को अवसर मिल रहा है। बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा, मुल्तान, पीओके व सिंध क्षेत्र में पाक एस्टाब्लिशमेंट के प्रति असंतोष है। आज पाकिस्तान जिस भी स्थिति में है, इसके लिए वह आतंकवाद पर अपनी नीति के कारण है। ऐसा लग रहा है मानो अब पाकिस्तान के लिए राष्ट्र के रूप में एक रह पाना मुश्किल है, बांग्लादेश की तारीख को बलूचिस्तान दोहरा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी पोडकास्टर लैक्स फ्रीडमैन के साथ बातचीत में एक बार फिर से पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को आश्रय देने के नीतिगत पहलुओं को उजागर किया है। भारत ने हमेशा पाकिस्तान से शांति की राह पर चलने और आतंकवाद छोड़ने की अपील करता रहा है, लेकिन पाकिस्तान ने अपने आवाम की खुशी के खातिर भी कभी शांति की राह पर चलने का प्रयास नहीं किया है। आज दुनिया में कहीं पर भी आतंकवाद की घटना घटती है तो कहीं न कहीं पाकिस्तान कनेक्शन सामने आता है। अमेरिका में 9/11 की बड़ी घटना हुई। इसका मुख्य सूत्रधार ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान में शरण लेकर बैठा था। अब दुनिया पहचान गई है कि पाकिस्तान दुनियाभर के लिए परेशानी का केंद्र बन चुका है। वह अपने पड़ोसी भारत व अफगानिस्तान के साथ हमेशा सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देता है। भारत ने पाक के आतंकवाद का डटकर मुकाबला किया है, पाक को चार बार भारत से जंग में करारी हार का सामना करना पड़ा है, इसके बाद भी सुधर नहीं रहा है। पाकिस्तान भारत से अलग ही इसलिए हुआ कि वह मुस्लिमों के लिए एक अलग राष्ट्र बनाएगा, लेकिन पाकिस्मानी हुकूमत ने शांति व विकास के बजाय पड़ोसियों से संघर्ष व प्रॉक्सी जंग का रास्ता चुना, खामियाजा समूची पाकिस्तानी जनता भुगत रही है। वह आतंकवाद की वैश्विक राजधानी बन कर रह गया है। अनेक घोषित ग्लोबल आतंकवादी इस वक्त भी पाकिस्तान में हैं। भारत का रुख साफ है, पहले पाकिस्तान आतंकवाद बंद करे, फिर नई दिल्ली इस्लामाबाद के साथ वार्ता करेगी। पाकिस्तान को अपने यहां से भारत विरोधी आतंकवाद को खत्म करना ही होगा। अभी संयुक्त राष्ट्र में भी पाक ने कश्मीर राग अलापा है, जिसका भारत ने करारा जवाब दिया। भारत पाक प्रायोजित आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है।

अवैध प्रवासन बिल का विरोध गलत

विश्लेषण
विकेश कुमार बडोला

> यह विधेयक सीमावर्ती देशों से भारत में अवैध ढंग से होने वाली घुसपैठ व अवैधानिक आप्रवास पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से लाया गया है। विधेयक में यह प्रावधान किया गया है कि अवैध आप्रवासन संबंधी नियमों का अनुपालन नहीं करने वाले व्यक्तियों को सात वर्ष तक का कारावास तथा दस लाख रुपये का अर्थदंड भुगतना होगा। भारत के हितों वाला कोई भी विधेयक संसद के पटल पर रखे जाते ही विपक्षी दलों व इनके नेताओं का अनावश्यक विरोध भी आरंभ हो जाता है। आप्रवासन संबंधी विधेयक पर भी ऐसा ही हुआ। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस समेत अधिसंख्य विपक्षी सांसदों ने विरोधस्वरूप वक्तव्य दिया कि यह विधेयक शीघ्रता में लाया गया है।

अंततः भारतीय शासन ने भी वर्तमान अमेरिकी शासन से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष प्रेरणा प्राप्त कर संसद के वर्तमान सत्र में 'आप्रवास एवं विदेशी विषयक विधेयक 2025' प्रस्तुत कर दिया है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विधेयक प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह किसी के भारत आगमन को रोकने नहीं बल्कि यहां के नियमों के अंतर्गत यहां आने के अभ्यास को क्रियान्वित करने के लिए लाया गया है। मूलतः इस विधि-व्यवस्था द्वारा शासन यह सुनिश्चित करेगा कि भारत में अवैध प्रलेखों-प्रपत्रों के माध्यम से प्रवेश करने वाले व्यक्तियों का प्रवास समाप्त किया जाए और उन्हें वापस वहीं भेजा जाए जहां से वे आये हैं।

यह विधेयक पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका, इत्यादि सीमावर्ती देशों से भारत में अवैध ढंग से होने वाली घुसपैठ व अवैधानिक आप्रवास पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से लाया गया है। विधेयक में यह प्रावधान किया गया है कि अवैध आप्रवासन संबंधी नियमों का अनुपालन नहीं करने वाले व्यक्तियों को सात वर्ष तक का कारावास तथा दस लाख रुपये का अर्थदंड भुगतना होगा। भारत के हितों वाला कोई भी विधेयक संसद के पटल पर रखे जाते ही विपक्षी दलों व इनके नेताओं का अनावश्यक विरोध भी आरंभ हो जाता है। आप्रवासन संबंधी विधेयक पर भी ऐसा ही हुआ। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस समेत अधिसंख्य विपक्षी सांसदों ने विरोधस्वरूप वक्तव्य दिया कि यह विधेयक शीघ्रता में लाया गया है, इस पर भलीभांति विचार-विमर्श नहीं हुआ और पारित करने से पूर्व इसे संयुक्त संसदीय समिति के पास अनुमोदन हेतु भेजा जाना चाहिए था। इस संदर्भ में विपक्षियों से प्रश्न है कि भारत हितैषी विधेयकों के पारित होने के बाद ही उनका विरोध मुखरित क्यों होता है। ऐसे विधान की प्रस्तावना से लेकर प्रक्रिया में निश्चित ही लंबा समय व्यतीत हुआ होगा। इस समयावधि में भी विपक्षी नेता अपनी आपत्तियां प्रकट कर सकते थे। विधान को कार्यकारी स्वरूप प्रदान करने वाले संबंधित मंत्रालय, मंत्री और कार्यकारी तंत्र के साथ समन्वय करके इसकी कमियों और निष्प्रभावी बिंदुओं की ओर ध्यानाकृष्ट करवा सकते थे। किंतु उन्होंने ऐसा नहीं किया क्योंकि अवैध आबादी उनका बड़ा वोट है और इसीलिए उनका विरोध भारत के हित में संबंधित विधान के गुण-दोषों पर यथोचित चर्चा करने की तुलना में इस कारण देश में होनेवाली अवैध आबादी की गोलबंदी से अपने राजनीतिक हितों के चोटिल होने के प्रतिकार में ही हो रहा है। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने अपनी-अपनी राजनीति का चाल-चरित्र मुस्लिम तुष्टिकरण तक सीमित कर दिया है। पश्चिम बंगाल में बांग्लादेश और म्यामांर से घुसपैठ कर आए हुए कठमुल्लों की आबादी करोड़ों में पहुंच चुकी है। बंगाल में कठमुल्लों की अवैध घुसपैठ और आप्रवासन होते-होते एक-डेढ़ दशक से अधिक समय व्यतीत हो चुका है। इस समयावधि में राजनीतिक स्वार्थ साधने के मकसद से ऐसी आबादी केवल बंगाल तक ही सीमित नहीं रही। राजधानी दिल्ली सहित भारत के अनेक प्रांतों में भी अवैध बांग्लादेशियों और म्यांमारियों की बड़ी आबादी झुग्गी-बस्ती डालकर रह रही है। ऐसी जनसंख्या को वोट बैंक बनाने के लालच में अधिसंख्य भारतीय राजनीतिक दलों ने अपने मूलभूत राजनीतिक सिद्धांतों को खूंटी पर टांग दिया है। दुनिया में

ऐसी अवैध जनसंख्या के बलबूते अपनी-अपनी राजनीतिक स्थापनायें कर चुके व करते रहे अधिसंख्य देशों के शासन ने अपने संरक्षण में चलाये जा रहे एनजीओ के माध्यम से इस जनसंख्या का राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, न्यायिक और जनसंचारिक संरक्षण किया है। भारत भी इस प्रसंग पर कांग्रेस के शासन में अमेरिका और यूरोपीय देशों की भांति अवैध आबादी को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने का दंश सह चुका है और जिस-जिस प्रदेश में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और हिंदुओं के वोटों की उपेक्षा करने वाले राजनीतिक दल विधायिकाओं में बहुमत के साथ उपस्थित हैं, आज वे संसद की राज्यसभा में अवैध घुसपैठ व आप्रवान के संदर्भ में पारित विधेयक का विरोध कर रहे हैं।

हालांकि विधेयक की संपूर्ण विषय-सामग्री को इसका पूर्ण अध्ययन करने पर ही जाना जा सकता है, किंतु लेखक केंद्रीय शासन से यह अवश्य पूछना चाहेगा कि जब विधेयक अवैध घुसपैठ, आप्रवासन और नागरिकता के संबंध में है तो फिर दोषियों को सात वर्ष का कारावास और दस लाख रुपये का अर्थदंड भुगतने का दंड पर्याप्त नहीं है। यदि विपक्ष इस बिंदु पर अपना विरोध प्रकट करता तो देश के मूल नागरिक उनके विरोधी स्वर का अनुसमर्थन करते। यदि किसी या किन्हीं व्यक्तियों को घुसपैठ, अवैध आप्रवासन या अवैध नागरिकता के आरोप के बाद पकड़ा जाता है तो दंड यह होना चाहिए कि उनके पास उपलब्ध उनकी समस्त चल-अचल संपत्तियों को शासन अपने पास रखे और उन्हें तत्काल ही देश से बाहर करे। इस संदर्भ में शासन के स्तर पर एक त्वरित कार्यबल या प्रकोष्ठ गठित हो, जो दोषी घुसपैठियों, आप्रवासियों, नागरिकों को पंद्रह दिनों या एक महीने में वापस वहीं उसी देश भेजने का प्रबंध करे, जहां से वे आये थे। करोड़ों की संख्या में अवैध पाये जाने वाले बांग्लादेशियों, म्यांमारियों या किसी अन्य पड़ोसी देश के घुसपैठियों को कारावास में रखना तो भारतीय हितों पर कुठाराघात ही होगा। यदि ऐसे व्यक्तियों के पास कोई चल-अचल संपत्ति नहीं मिलती और इन्हें शासकीय व्यय पर कारावास में पाला-पोषा जाता है, तो इससे अवैध आप्रवासन विधेयक की उपयोगिता समाप्त हो जाएगी। पंगु भारतीय न्याय व्यवस्था के अंतर्गत अवैध आप्रवासियों को कारावास देना अंततः भारतीय मूल नागरिकों द्वारा कर के रूप में शासन को दी जाने वाली धनराशि का अपव्यय ही सिद्ध होगा। यदि संबंधित विधेयक के पारित होने के बाद ऐसी समस्यायें उठ खड़ी होने की शंकाएं हैं तो स्वयं केंद्रीय शासन को विधेयक पर पुनर्विचार करके इस पर समयोचित संशोधन करना अनिवार्य होना चाहिए। यह विधेयक भारतीय गणतंत्र, शासन, मूल नागरिकों के अधिकारों का संरक्षण करता हुआ तब ही प्रतीत होगा, जब इसके माध्यम से करोड़ों अवैध आप्रवासी बांग्लादेशियों, म्यांमारियों और अन्य देशों के वासियों को भारत से निकालकर वापस उनके देश में भेजा जाना सुनिश्चित हो। क्या इसके लिए केंद्रीय शासन तत्पर है? आप्रवासन की अवैध कुव्यवस्थाओं का चक्रव्यूह तोड़ पाने में वर्तमान केंद्रीय शासन कितना सफल होता है, यह तो आगामी दिनों में धरातल पर दिख ही जाएगा। इस ध्येय की सफलता हेतु शासन के सम्मुख प्रमुख चुनौती उन देशों को अपने नागरिकों को वापस लेने के लिए मनाने की होगी, जहां के करोड़ों व्यक्ति अवैध ढंग से भारत में रह रहे हैं। क्या केंद्रीय शासन रणनीतिक कुशलता के साथ यह राजनीतिक कर्म कर पाएगा? इस संदर्भ में बड़ी व व्यापक शंका ये है कि जब अपने ही देश के विपक्षी राजनीतिक दल व इनके नेता, अवैध आप्रवासन को रोकने हेतु पारित विधेयक की नीतियों का विरोध कर रहे हों तो फिर इन पर अवैध आप्रवासियों के मूल देशों की क्या प्रतिक्रिया होगी। क्या इस हेतु शासन की कोई पूर्वयोजना निर्धारित है?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

स्लिमनेस

सोनम लववंशी

युवाओं में मोटा समझने की मानसिकता निरर्थक

एक 18 वर्षीय लड़की की मौत... वजह? उसने खाना छोड़ दिया था। सुनने में यह जितना अविश्वसनीय लगता है, हकीकत उससे कहीं ज्यादा भयावह है। केरल की श्रीनंदा, जो कभी खिलखिलाती जिंदगी जी रही थी, धीरे-धीरे खुद को खत्म करने लगी, मात्र इसलिए क्योंकि वह पतली दिखना चाहती थी। एनोरेक्सिया नर्वोसा, एक ऐसी बीमारी जिसमें व्यक्ति जरूरत से ज्यादा पतला होने की कोशिश में खुद को भूखा रखने लगता है, उसका जीवन लील गई। उसका वजन घटकर केवल 24 किलो रह गया था। क्या यह महज एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, या फिर एक बड़ी सामाजिक समस्या की भयावह तस्वीर? आज के दौर में सोशल मीडिया और यूट्यूब ने 'परफेक्ट बॉडी' के नाम पर युवाओं के दिमाग में एक ऐसा डर भर दिया है, जो धीरे-धीरे उन्हें भीतर से खत्म कर रहा है। हर जगह एक ही संदेश- 'पतले रहो, सुंदर दिखो, नहीं तो तुम स्वीकार किए जाने के योग्य नहीं हो!' यह कैसा समाज बना रहे हैं हम, जहां खूबसूरती के पैमाने इंसान की सेहत और जिंदगी से बड़े हो चुके हैं? श्रीनंदा की मौत अकेली नहीं है। हजारों किशोर और युवा इस मानसिकता की गिरफ्त में आ चुके हैं। शोध बताते हैं कि एनोरेक्सिया नर्वोसा से जूझने वालों में से 5 से 10 प्रतिशत की जान चली जाती है। यह कोई फैशन ट्रेंड नहीं, बल्कि एक गंभीर मानसिक बीमारी है, लेकिन इसे लेकर जागरुकता इतनी कम है कि जब तक स्थिति बिगड़ नहीं जाती, तब तक इसे गंभीरता से नहीं लिया जाता। क्या हम अपनी आने वाली पीढ़ी को इसी तरह खोते रहेंगे? दरअसल, सोशल मीडिया, फिल्में, फैशन इंडस्ट्री, सब मिलकर एक आदर्श शरीर की परिभाषा बना रहे हैं, जिसमें 'स्लिमनेस' ही खूबसूरती और सफलता की पहचान है। लड़कियां खुद को बॉलीवुड की अभिनेत्रियों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स से तुलना करने लगती हैं, जो हमेशा पतली, टोंड बॉडी में नजर आती हैं। उन्हें यह नहीं बताया जाता कि इन तस्वीरों के पीछे कड़ी मेहनत ही नहीं, बल्कि एडिटिंग, फिल्टर्स और कभी-कभी खतरनाक डायटिंग भी होती है। जब एक किशोरी दर्पण में खुद को देखती है और उन 'आदर्श' छवियों से तुलना करती है, तो वह खुद को कमतर महसूस करने लगती है। फिर शुरू होता है खाना छोड़ने, अत्यधिक व्यायाम करने और खुद को तकलीफ देने का खतरनाक सिलसिला। क्या इसके लिए केवल सोशल मीडिया ही जिम्मेदार है? नहीं। समाज में बचपन से ही बच्चों को शरीर को लेकर ताने सुनने पड़ते हैं, इतने मोटे मत बनो, पतले रहोगे तो अच्छे लगोगे। खासकर लड़कियों पर यह दबाव ज्यादा रहता है। परिवार, स्कूल, रिश्तेदार, हर कोई जाने-अनजाने ऐसी टिप्पणियां कर देता है, जो किसी के आत्मविश्वास को जड़ से हिला देती हैं। क्या किसी की सुंदरता को सिर्फ उसके वजन से मापा जाना चाहिए? डॉक्टरों के अनुसार, एनोरेक्सिया सिर्फ एक शारीरिक समस्या नहीं, बल्कि मानसिक बीमारी भी है। इसके शिकार लोग जरूरत से ज्यादा परफेक्शनिस्ट होते हैं, वे खुद को भूखा रखते हैं, शरीर में ऊर्जा की कमी होती है, अंग काम करना बंद कर देते हैं, और धीरे-धीरे वे मौत के करीब पहुंच जाते हैं। समस्या की जड़ तक जाना जरूरी है। सबसे पहले, हमें अपनी सोच बदलनी होगी। बॉडी पॉजिटिविटी को बढ़ावा देने की जरूरत है, जिससे हर व्यक्ति अपने शरीर को अपनाए, उसे प्यार करे, और अवास्तविक सौंदर्य मानकों के पीछे भागने के बजाय अपनी सेहत को प्राथमिकता दे। अभिभावकों की भी भूमिका अहम है। जब आपका बच्चा बार-बार अपना वजन तोलता है, खाने से बचता है, या अपने शरीर को लेकर असंतुष्ट दिखता है, तो यह सिर्फ एक आदत नहीं, बल्कि खतरे की घंटी हो सकती है। ऐसे में तुरंत उससे बात करें, उसे समझाएं कि असली खूबसूरती क्या होती है, और जरूरत पड़े तो मनोवैज्ञानिक मदद लेने से भी न हिचकिचाएं। मीडिया और विज्ञापन उद्योग को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। वे चाहें तो सौंदर्य के असली मायने बदल सकते हैं। फैशन इंडस्ट्री को भी समझना होगा कि हर शरीर खूबसूरत होता है और केवल पतलेपन को बढ़ावा देना खतरनाक हो सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अनरियलिस्टिक बॉडी इमेज को प्रमोट करने वाले कंटेंट पर सख्ती की जानी चाहिए। स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरुकता बढ़ानी चाहिए ताकि बच्चे अपनी सेहत को लेकर सतर्क रहें। अब समय आ गया है कि हम अपने बच्चों, अपने समाज और खुद को यह समझाएं कि असली खूबसूरती सिर्फ पतलेपन में नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर और खुशहाल मन में होती है? फैसला हमें करना है, कहीं बहुत देर न हो जाए।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार एवं शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

सभी प्राणियों का मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा

संकलित
दर्शन

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है-रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।

लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं ?

संकलित
प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूंढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछाः दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोलेः देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं: देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोलेः देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूं। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूं। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोलेः देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इंद्रियों को वश में कर सकते थे।

सटाका

आज की पाती

होली में सामाजिक गुस्सा और विभाजन

अब होली महज़ एक परंपरा की तरह लगती है। हाल के वर्षों में, सामाजिक गुस्सा और विभाजन इतना बढ़ गया है कि कई परिवार इस त्योहार के दिन घर के अंदर ही रहना पसंद करते हैं। वैसे तो लोग सालों से होली का त्योहार उत्साह के साथ मनाते आ रहे हैं, लेकिन इस त्योहार का असली उद्देश्य भाईचारा बढ़ाना और नकारात्मकता को दूर करना है, जो अब कहीं खो गया है। समाज कई चुनौतियों का सामना कर रहा है और सामाजिक असमानता प्रेम, भाईचारे और मानवता के मूल्यों को ख़त्म कर रही है। एक समय था जब होली एक महत्वपूर्ण अवसर था, जब परिवार होलिका दहन देखने के लिए इकट्ठे होते थे और उसी दिन वे खुशी-खुशी एक-दूसरे पर रंग लगाते और अबीर फेंकते थे। अब वास्तविकता यह है कि होली पर कुछ ही लोग घर से बाहर रहना पसंद करते हैं। पहले की तरह का सद्भाव खत्म हो रहा है। *– मनोज जोशी, दुर्ग*

ट्रेंड

डिजिटल नवाचार

यह एक सराहनीय उपलब्धि है, जो शासन में नवाचार और दक्षता पर जोर देती है। डिजिटल नवाचार भारत के वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बना रहा है, जिससे अनगिनत लोगों का जीवन सशक्त हो रहा है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

जनता के बहुमूल्य सुझाव

दिल्ली बजट 2025-26 के तहत हमारी सरकार लगातार जनता के बहुमूल्य सुझाव ले रही है। मैं भरोसा दिलाती हूँ कि डबल इंजन सरकार हर समस्या का समाधान करेगी। हम ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और समृद्धि के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

- रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

सुख-समृद्धि की प्रार्थना

10 दिन की विपश्यना साधना के बाद परिवार सहित अमृतसर पहुंचा। श्री दरबार साहिब में माथा टेका और गुरु महाराज जी के चरणों में सबकी खुशहाली, सुख-समृद्धि और उन्नति की प्रार्थना की।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

सॉफ्ट पावर का उदय

यह एक सच्ची सॉफ्ट पावर का उदय है और भारत एक प्रभावशाली अर्थव्यवस्था के रूप में जो दुनिया का नेतृत्व कर सकता है। भारत ने वेव्स शिखर सम्मेलन से पहले क्रिएटर्स इकोनॉमी के लिए 1 बिलियन डॉलर के फंड की घोषणा की

-शेखर कपूर, फिल्मकार

करंट अफेयर

ट्रंप ने 18वीं सदी का कानून लागू किया, जज ने रोका



निर्वासन में तेजी लाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 18वीं सदी के एक कानून का इस्तेमाल किए जाने की घोषणा की लेकिन इसके कुछ ही घंटों बाद एक संघीय अदालत के न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन को इसे लागू करने से रोक दिया। ट्रंप प्रशासन ने इस कानून का इस्तेमाल करते हुए कहा था कि वेनेजुएला का एक गिरोह अमेरिका पर आक्रमण कर रहा है और प्रशासन के पास उसके सदस्यों को देश से बाहर निकालने के लिए नयी शक्तियां हैं। कोलंबिया जिले के लिए अमेरिकी जिला न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जेम्स ई बोसबर्ग ने कहा कि उन्हें अपना आदेश तत्काल जारी करने की आवश्यकता है क्योंकि सरकार प्रवासियों को पहले से ही एल साल्वाडोर और होंडुरास भेज रही है। अमेरिकी प्रशासन का दावा है कि ट्रंप की घोषणा के तहत इन प्रवासियों को नए सिरे से निर्वासित किया जा सकता है और उन्हें एल साल्वाडोर तथा होंडुरास में कैद किया जाएगा। अल साल्वाडोर ने इस सप्ताह 300 ऐसे प्रवासियों को स्वीकार करने पर सहमति दे दी जिन्हें ट्रंप प्रशासन ने गिरोह का सदस्य घोषित किया है। बोसबर्ग ने एसीएलयू और 'डेमोक्रेसी फॉरवर्ड' द्वारा दायर मामले की शनिवार शाम सुनवाई करते हुए कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं अब और इंतजार कर सकता हूं और मुझे कार्रवाई करनी होगी।''

ऑफ बीट

रक्तदान से रक्त कैंसर होने का खतरा कम

रक्तदान को जिंदगी बचाने वाला कार्य माना जाता है लेकिन क्या रक्तदान करने से दाता को भी लाभ हो सकता है? लंदन में फ्रांसिस क्रिक इंस्टिट्यूट के नए शोध के अनुसार, बार-बार रक्तदान करने वाले लोगों में सूक्ष्म आनुवंशिक परिवर्तन हो सकते हैं जिससे रक्त कैंसर होने का जोखिम कम हो सकता है। इसके साथ ही अनेक प्रमाण हैं कि नियमित रक्तदान से कई तरह के स्वास्थ्य लाभ हैं। जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है रक्त बनाने वाली हमारी स्टेम कोशिकाओं में स्वाभाविक रूप से उत्परिवर्तन होते हैं, इस प्रक्रिया को 'क्लोनल हेमेटोपोइसिस' कहते हैं। इनमें से कुछ उत्परिवर्तन ल्यूकेमिया जैसी बीमारियों के जोखिम को बढ़ाते हैं। हालांकि, फ्रांसिस क्रिक इंस्टिट्यूट के नए अध्ययन ने बार-बार रक्तदान करने वालों में एक दिलचस्प अंतर की पहचान की है। अध्ययन में 60-70 वर्ष के स्वस्थ पुरुष दाताओं के दो समूहों की तुलना की गई। एक समूह ने 40 वर्षों तक साल में तीन बार रक्तदान किया था जबकि दूसरे ने कुल मिलाकर केवल पांच बार रक्तदान किया था। दोनों समूहों में आनुवंशिक उत्परिवर्तनों की संख्या समान थी लेकिन उनकी प्रकृति भिन्न थी।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

3 सीजी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी रायपुर के कैडेट्स से मुलाकात में बोले सीएम

'अब विमानन प्रशिक्षण का नया हब बनने जा रहा जशपुर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के आगडीह हवाई पट्टी में 3 सीजी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी रायपुर के कैडेट्स से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कैडेट्स के अनुभव सुने और जशपुर में पहली बार शुरू हुए विमान उड़ान प्रशिक्षण को एक ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने कहा कि जशपुर अब केवल पर्यटन और प्राकृतिक सौंदर्य का केंद्र नहीं, बल्कि विमानन प्रशिक्षण का नया हब भी बन रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को हर क्षेत्र में करियर निर्माण के लिए आवश्यक संसाधन और अवसर प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध है। अब युवा पायलट बनने का भी सपना साकार कर सकते हैं, जिसके लिए सरकार हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर माइक्रो लाइट एयर स्क्वाड्रन विमान का अवलोकन किया और उसकी तकनीकी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि

कैडेट्स को जशपुर के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण करवाया जाए, ताकि वे जिले के प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता से परिचित हो सकें। उन्होंने यह भी बताया कि जशपुर में काजू, चाय पत्ती, नाशपाती और सेब की खेती बड़े पैमाने पर हो रही है, जिससे यहां की कृषि को नया आयाम मिला है।

कैडेट्स में दिखा अपार उत्साह

जशपुर जिले में 7 मार्च 2025 से कैडेटों को सुबह विमान उड़ाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के दौरान विमान आकाश में उड़ान भरने के बाद सुरक्षित लैंड करता है, जिससे कैडेट्स को व्यावहारिक अनुभव मिलता है। रायपुर से बाहर पहली बार जशपुर जिले में इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिससे कैडेट्स में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। आगडीह हवाई पट्टी की लंबाई 1200 मीटर और चौड़ाई 25 मीटर है। यहां सिंगल इंजन ट्विन-सीटर वायरस एसडब्ल्यू-80 विमान से कैडेट्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो 20,000 फीट की अधिकतम ऊंचाई तक उड़ सकता है। हालांकि, फिलहाल प्रशिक्षण के लिए 1,000 फीट की ऊंचाई तक ही उड़ान संचालित की जा रही है। कमांडिंग ऑफिसर ने बताया कि एनसीसी एयर विंग के 'सी' सर्टिफिकेट में उच्च ग्रेडिंग प्राप्त करने वाले कैडेट्स सीधे एयरफोर्स इंटरव्यू के लिए पात्र माने जाते हैं, जिससे यह प्रशिक्षण उनके सुनहरे भविष्य की नींव रखता है।

प्रशिक्षण के लिए वातावरण उपयुक्त

प्रशिक्षु नितेश प्रजापति ने बताया कि जशपुर का स्वच्छ और खूबसूरत वातावरण उड़ान प्रशिक्षण के लिए बहुत उपयुक्त है। उन्होंने कहा, मेरा सपना एयरफोर्स पायलट बनने का है, और यह प्रशिक्षण मुझे उस दिशा में आगे बढ़ने में मदद करेगा। प्रांशु चौहान ने बताया कि जशपुर में एयर ट्रैफिक साफ-सुथरा रहता है, जिससे उड़ान में कोई बाधा नहीं आती। रनवे भी पूरी तरह से क्लियर रहता है, जिससे प्रशिक्षण बिना किसी रुकावट के संचालित हो रहा है। सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय, विधायक रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, सरगुजा कमिश्नर नरेंद्र कुमार दुग्गा, आईजीअंकित गर्ग, कलेक्टर रोहित व्यास, एसएसपी शशि मोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

विधानसभा में नई परंपराएं और व्यवस्था स्थापित करने के लिए विस अध्यक्ष तोमर का सीएम डॉ. यादव ने माना आभार

पर्यटकों की संख्या वर्ष 2003 में 64 लाख 2025 में बढ़कर 13 करोड़ से अधिक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल के अभिभाषण में महात्मा गांधी की विश्व दृष्टि, भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की सोच और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास दृष्टि का समावेश: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण पर विधानसभा में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप अपनी बात रखकर विपक्ष का मत सुनते और उसका उपयुक्त उत्तर देते हुए मप्र विधानसभा की व्यवस्था संचालित हो रही है।

उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का विधानसभा में नई परम्पराएं और व्यवस्था स्थापित करने के लिए आभार मानते हुए कहा कि बदलते दौर में समय के महत्व को पहचानते हुए व्यवस्थाओं में बदलाव आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण नए लक्षण और रणनीतियों को समाहित करते हुए मध्य प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का रोडमैप है। यह हमारे समय के महान विभूतियों की विचार दृष्टि को समाहित करता है। अभिभाषण में महात्मा गांधी की विश्व दृष्टि, भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की सोच और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकास दृष्टि का समावेश है।

फिल्म शूटिंग हब बना प्रदेश

पर्यटन नीति से प्रदेश फिल्म शूटिंग हब भी बन रहा मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि बेहतरीन फिल्म पर्यटन नीति से प्रदेश फिल्म शूटिंग हब भी बन रहा है। पर्यटन को बढ़ावा देने हेलीकॉप्टर और हवाई सेवा शुरू की गई है। प्रदेश में होम-स्टे को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। धार्मिक पर्यटन के लिए भी हेली सेवा का संचालन आरंभ किया गया है।

- मप्र में पर्यटन को बढ़ावा देने हेलीकॉप्टर और हवाई सेवा शुरू
- भोपाल और इंदौर मेट्रोपोलेटिन शहर घोषित किए जाएंगे
- अभिभाषण मप्र के उज्जवल भविष्य का रोडमैप

रातापानी 8वां और माधव टाइगर रिजर्व 9वां टाइगर रिजर्व बना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पर्यटकों की संख्या 2002-03 में 64 लाख थी, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 13 करोड़ से अधिक हुई है। पीएमश्री पर्यटन युवा सेवा का शुभारंभ कर इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, भोपाल, रीवा, सिंगरौली, उज्जैन एवं खजुराहो के मध्य सेवा का संचालन किया जा रहा है। मप्र टाइगर स्टेट और चीता स्टेट बनने के बाद लेपर्ड स्टेट बना है। भोपाल का रातापानी 8वां और माधव टाइगर रिजर्व 9वां टाइगर रिजर्व बना है। प्रदेश में चीतों की संख्या भी बढ़ी है। मप्र आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और वन्य जीव पर्यटन का त्रिवेणी संगम बन गया है।

प्रति व्यक्ति ऊर्जा की उपलब्धता राष्ट्रीय औसत से ज्यादा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में प्रति व्यक्ति ऊर्जा की उपलब्धता राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है। नवकरणीय ऊर्जा प्रदाय में मप्र का स्थान देश में 8वां है। गत 12 वर्षों में नवकरणीय ऊर्जा स्रोतों से बिजली उत्पादन 14 गुना बढ़ा है। मप्र बिजली की अधिकतम मांग 18 हजार 913 मेगावाट की थी, जो इतिहास मे सर्वाधिक थी। राज्य में इसकी आपूर्ति अपने दम पर की गई। खनिजों के अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए नवीन तकनीक पर आधारित मानव चैक गेटस स्थापित करने की कार्यवाही की जा रही है।

मध्य प्रदेश में विकास की संभावनाओं को गति मिलेगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में केंद्र के साथ मिलकर सभी क्षेत्रों में सड़क निर्माण के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है, जिससे प्रदेश में विकास की संभावनाओं को गति मिलेगी। रीवा में प्रदेश के छठे विमान तल का संचालन शुरू हो गया है। शीघ्र ही दतिया और सतना में भी विमान तल सेवाएं उपलब्ध होंगी। 18 हजार 36 करोड़ की लागत से बनने वाली इंदौर-मनमाड़ रेल लेन लाइन से धार, बड़वानी, खरगोन आदि जिलों में विकास के दरवाजे खुलेंगे।

प्रदेश में 6 एक्सप्रेस-वे बनेंगे

हेलीपेड का उपयोग खेल मैदान के रूप में भी किया जा सकेगा। प्रदेश में 6 एक्सप्रेस-वे का निर्माण भी होगा, इसके अंतर्गत नर्मदा प्रगति पथ, विंध्य एक्सप्रेस वे, मालवा-निमाड़ एक्सप्रेस वे, बुंदेलखण्ड विकास पथ, मध्यभारत विकास पथ और अटल पथ का निर्माण होगा। इंदौर और भोपाल के बीआरटीएस के संबंध में राज्य सरकार की ओर से निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार विकास के लिए इस तरह के निर्णय लेने में पीछे नहीं हटेगी। मप्र भारत का चौथा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क है। प्रदेश में परिवहन सेवा आरंभ होगी।

इंदौर-उज्जैन के बीच मेट्रो चलेगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल और इंदौर मेट्रोपोलेटिन शहर घोषित किए जाएंगे। इंदौर-उज्जैन के मध्य मेट्रो ट्रेन का संचालन होगा। प्रदेश में स्वच्छता के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा शुरू करने के लिए जिलों में प्रतियोगिता शुरू की जाएगी। सीएम ने प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रदेश की उपलब्धि का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 18 हजार 565 गांव, 19 हजार 378 किमी लंबी सड़कों से बारहमासी मार्गों से जुड़े। हर ग्राम पंचायत में पीएम किसान समृद्धि केंद्र स्थापित किए जा रह हैं। प्रदेश की 1100 से अधिक पंचायतों में अटल ग्राम सेवा सदन शुरू किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत मप्र में लक्ष्य के विपरित लगभग 74 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है।

लैलूंगा क्षेत्र की घटना, सिर पर चोट के निशान

तालाब किनारे युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में मची सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में तालाब किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की लाश मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा।

पुलिस गांव के ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है। उक्त मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, रायगढ़ जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बनेकेला निवासी फागुलाल राठिया 35 साल की लाश रविवार को भेड़मिड़ा रोड में तालाब के पास मिली। जिससे पूरे गांव में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि

मृतक फागुलाल राठिया के सिर में चोट के निशान हैं। जिससे आशंका जताई जा रही है। अज्ञात लोगों ने मिलकर फागुलाल राठिया की हत्या की वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में लैलूंगा पुलिस का कहना है कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

वाटरफॉल में डूबे युवकों का अब नहीं मिला सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर और ओडिशा सीमा से लगे गुल्मी वाटरफॉल में शनिवार की दोपहर पिकनिक मनाने गए दो युवक नदी में डूब गए। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस के साथ ही परिजन को भी सूचना दी गई।

जहां सभी मौके पर पहुंच गए। युवकों को डूबे 20 घंटे के लगभग हो गए, लेकिन युवकों का कोई भी पता नहीं चल पाया है। वहीं लगातार एसडीआरएफ की टीम युवकों की खोजबीन कर रही है। मामले की जानकारी देते हुए कोटपाड़ थाना प्रभारी परमानंद ने बताया कि जगदलपुर शहर के कुम्हारपारा निवासी 13 लोग, जिसमें युवक, युवतियां दोनों शामिल थी। ऑटो और मिनी ऑटो से पिकनिक मनाने के लिए गुलमी आये हुए थे। ये सभी लोग कुम्हारपारा के संजना कैटरिंग के स्टाफ बताए जा रहे है। पिकनिक मनाने के बाद सभी लोग नहाने के लिए पानी में उतर गए, जहां गहरे पानी में एक युवक डूब गया।

वाहन क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचे चालक-पुलिसकर्मी

112 वाहन पर असामाजिक तत्वों ने फेंके पत्थर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

बीती रात इवेंट पर जा रही 112 के वाहन पर असमाजिक तत्वों ने छुपकर पथराव कर दिया। जहां इस पथराव में वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं चालक और पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। सूचना मिलते ही बालको पुलिस मौके पर पहुंची। जहां घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए पथराव करने वाले लोगों को पकड़ने का प्रयास किया।

लेकिन अंधेरे में झाड़ियों में छूपने के कारण पुलिस को देखकर मौके से सभी फरार हो गए। बताया जा रहा है कि देर रात चेक पोस्ट लाल घाट में बालको इवेंट नंबर केआरबी/11 को सूचना मिली कि बालको चेक पोस्ट लाल घाट आने जाने वाले लोगों का रास्ता रोका जा रहा है। वहीं बीच सड़क पर पत्थर रखकर आने जाने वाले लोगों को रोका जा रहा है। इस सूचना पर जब 112 की टीम मौके पर पहुंची। तो इस दौरान असामाजिक

तत्व झाड़ियों में छुपे हुए थे। जहां 112 के पहुंचते ही उस पर पथराव शुरू कर दिया। वहां पर चालक और एक पुलिस कर्मी ही थे। जहां किसी तरह उन्होंने खुद को पहले बचाया। उसके बाद इसकी सूचना तत्काल बालको थाना पुलिस को दी गई। बताया जा रहा है कि बीच सड़क पर रखे बड़े-बड़े पत्थरों को चालक और पुलिसकर्मी जब हटाने गए। तब उन पर भी पथराव किया गया। जहां चालक और पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे।

अचानक हुई वारदात से डरे-सहमे थे लोग

रात के अंधेरे में झाड़ियों में छुपकर अलग-अलग जगह से हो रही थी। पत्थर की वर्षा से राहगीर काफी परेशान थे। वह डरे सहमे हुए थे। राहगीरों की माने तो रात लगभग 12.39 की घटना है। जहां लोग रास्ते से गुजर रहे थे। पहले तो उन पर पथराव किया गया। जहां किसी तरह बाइक सवार डर के भाग गए। जब सड़क पर पत्थर रखा गया। जिससे आने जाने वाले लोग रुकते थे। इस दौरान आस पास झाड़ियों से लगातार पथराव हो रहा था। इस घटना के बाद कुछ समय के लिए लोगों की आवाजाही रुक गई। लोग से पथराव की जानकारी मिल गई।

हाई कोर्ट का महत्वपूर्ण निर्णय

दो से अधिक संतान पर बर्खास्तगी का आदेश स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर/भोपाल

मप्र हाईकोर्ट ने दो से अधिक संतान होने के आधार पर सेवा से बर्खास्तगी के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने आयुक्त लोक शिक्षण, जिला शिक्षा अधिकारी मैहर व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया। याचिकाकर्ता रीवा निवासी नसीर खान की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता मैहर में माध्यमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ थे। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 10 मार्च 2000 को जारी परिपत्र के आधार पर याचिकाकर्ता को छह मार्च, 2025 को सेवामुक्त कर दिया गया। इस परिपत्र में लिखा है कि कोई भी उम्मीदवार जिसके दो से अधिक जीवित संतान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी, 2001 या उसके बाद हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। इस परिपत्र में उम्मीदवार लिखा है, जबकि याचिकाकर्ता 1998 से नौकरी में पदस्थ था। बहस के दौरान हाई कोर्ट के पूर्व आदेशों का भी हवाला दिया गया, जिनमें समान प्रकरणों में राहत दी गई है।

चौकी करेली बड़ी थाना क्षेत्र का मामला, आरोपी को भेजा जेल

पुरानी रंजिश के चलते दोस्त को उतार दिया मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुद

धमतरी जिले के करेली बड़ी चौकी अंतर्गत पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ने चाकू मारकर दोस्त की हत्या कर दी। ये होली पार्टी मनाने के लिए महानदी किनारे गये थे। आरोपी के विरुद्ध चौकी करेली बड़ी में हत्या की धारा 103 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजा गया है। मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार को तकरीबन 3 बजे मृतक लोचन निषाद पिता व्यास निषाद उम्र 19 वर्ष अपने अन्य साथियो के साथ पार्टी मनाने के लिए नवागांव महानदी किनारे आये थे खाना बनाकर खा रहे थे उसी समय आरोपी ओमप्रकाश ध्रुव पिता स्व. कृपाराम ध्रुव उम्र 39 वर्ष साकिन वार्ड नं. 19 गोबरा

नयापारा थाना गोबरा नयापारा भी आया और साथ में खाना खाया आरोपी द्वारा पूर्व रंजिश के चलते अपने पास रखे धारदार चाकू से मृतक के बाएं सीने में चोट पहुंचाकर प्राणघातक हमला किया जिससे मृतक की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

नाबालिग का अपहरण कर किया दुष्कर्म

सक्ती। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में एक नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। 6 बदमाश घर छोड़ने के बहाने नाबालिग को गाड़ी में बैठाकर ओडिशा की तरफ ले गए। वहां सुनसान जगह पर वारदात को अंजाम दिया। यह मामला हसौद थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, कुछ बदमाश नाबालिग का अपहरण कर ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। बताया जा रहा है कि, उन्होंने नाबालिग को घर छोड़ने के बहाने गाड़ी में बैठाया। फिर सुनसान जगह ले जाकर वारदात को अंजाम दिया। नाबालिग किसी तरह घर पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई।

बच्चे का भविष्य सुरक्षित रख सकेंगे अभिभावक

रायपुर। सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने दो नए चाइल्ड प्रोडक्ट्स लॉन्च किए हैं, 'एसबीआई लाइफ- स्मार्ट फ्यूचर स्टार' और 'एसबीआई लाइफ - स्मार्ट प्लेटिना यंग अचीवर'। इन्हें विशेष रूप से माता-पिता को बच्चे की भविष्य की आकांक्षा को सुरक्षित करने में सशक्त बनाने के लिए तैयार किया गया है। लॉन्च पर एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के अध्यक्ष और मुख्य वितरण अधिकारी, श्री एम आनंद ने कहा, हर माता-पिता, चाहे उनकी स्थिति कुछ भी हों, अपने बच्चे को जीवन में सर्वोत्तम अवसर प्रदान करने की इच्छा रखते हैं, लेकिन वित्तीय बाधाएँ कभी-कभी चुनौतियाँ खड़ी कर सकती हैं।

दीपका एसईसीएल सिरकी रेलवे साइडिंग की घटना, मचा हड़कंप

मालगाड़ी को ट्रक ने मारी टक्कर, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

दीपका एसईसीएल सिरकी रेलवे साइडिंग पर एक बड़ी घटना सामने आई है। जहां रेलवे ट्रैक पर ओपन फाटक पार कर रही एक मालगाड़ी को ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि मालगाड़ी के सबसे पीछे वाले हिस्से में गार्ड ब्रेक डिब्बा पटरी से नीचे उतर गया। इस हादसे के बाद हड़कंप मच गया।

देखते ही देखते राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई। इस हादसे में ट्रक चालक को मामूली चोंटे आई हैं। वहीं इसकी सूचना संबंधित एसईसीएल प्रबंधन विभाग और रेलवे प्रबंधन को भी दी गई। जहां रेलवे आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी ली। बताया जा

रहा है कि दीपका एसईसीएल सिरकी रेलवे साइडिंग पर मालगाड़ी ओपन फाटक से गुजर रही थी। इस दौरान ट्रक तेज रफ्तार में आया और चालक को लगा कि मालगाड़ी आगे निकल जाएगी लेकिन ट्रक की रफ्तार अधिक होने के कारण मालगाड़ी के सबसे अंतिम गार्डन ब्रेक डिब्बा पर जा टकराया। जहां वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

तेज आवाज से जुटी लोगों की भीड़

बताया जा रहा है कि वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी कि आवाज आने के बाद लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। वहीं मालगाड़ी के गार्ड ब्रेक का डिब्बा पटरी से उतर गया। साइडिंग के तीन नम्बर पटरी पर हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद रेलवे ट्रैक जाम हो गया और कोयला परिवहन उसे ट्रैक पर प्रभावित हो गया। बताया जा रहा है कि कहीं न कहीं एसईसीएल दीपका प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। एसईसीएल का साइडिंग है और ओपन फाटक बनाया गया है। इसी तरह की कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। जिसके चलते यह हादसा सामने आया है। इस फाटक पर सुरक्षाकर्मी भी तैनात नहीं किए गए हैं। ओपन फाटक होने के चलते कभी भी और बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

पूर्व में भी हो चुकी हैं लापरवाही की घटनाएं

इससे पहले भी कई बार दीपका रेलवे क्रॉसिंग पर घटना घट चुकी है। जहां ट्रक ने मालगाड़ी को टक्कर मारी थी। लगातार घट रही घटना से संबंधित विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। ऐसे में कोयला परिवहन भी प्रभावित हो रहा है। वहीं आम लोगों को जान माल का भी खतरा बना हुआ है। सूचना मिलते ही कोरबा रेलवे प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची और रेलवे आरपीएफ पहुंची। रेलवे आरपीएफ प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि सूचना पर रेलवे के आरडी टीम पहुंची। मौके पर जहां मालगाड़ी को पटरी पर लाने के लिए मरम्मत जारी है। वहीं आगे की कार्यवाही की जा रही है।

परम्परागत तरीके से मनाया गया रंगों का त्यौहार

होली के रंगों और गुलाल से सराबोर रहा शहर

जबलपुर। बुराई पर अच्छाई का प्रतीक रंगों का अलमस्त त्यौहार होलिकोत्सव परम्परागत तरीके से मनाया गया। पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था होने के कारण इस बार होली में मारपीट, लड़ाई झगड़े की वारदातें गत वर्ष की तुलना में कम हुईं। लोग रंगों में सराबोर रहे, अपने-अपने में मस्त रहे। शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस ने वो लगाम कसी कि हुड़दंग तो हुई लेकिन शालीन। शहर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस ने स्टापेज लगा रखे थे, जिससे शराबियों के वाहनों की रफ्तार और अलमस्ती दोनों नियंत्रित रही।

होलिका दहन की रात्रि से ही पुलिस सख्त हो गई थी। रात 12 बजे सारी होलिका प्रतिमाओं का दहन हो चुका था। सुबह से ही रंग और अबीर उड़ने लगा। हुरियारे रंगों में डूबने लगे। सुबह से शाम तक शहर में रंग गुलाल होता रहा। कालोनियों में होली का माहौल ही कुछ अलग था। लोग टोलियां बनाकर एक-दूसरे को रंग गुलाल लगा रहे थे। जबकि हुड़दंगियों को अपना अंदाज ही अलग था। कोई काला, कोई पीला, कोई नीले रंग में लिपटा झूम रहा था। डीजे साउण्ड सिस्टम पर सख्ती से पाबंदी के बाद भी देर रात तक कहीं-कहीं नाच गाना होता रहा। जबकि दूसरे दिन लाउड स्पीकर पूरी तरह बंद रहे, लेकिन साउण्ड बॉक्स और ढोल ढमाकों के साथ खासकर नवयुवकों की टोलियां हुड़दंग मचाती रही। ये बात अच्छी रही कि लोग आपस में ही होली खेलते रहे। किसी अपरिचित व्यक्ति पर न रंग डाला, न गुलाल फेंकी। इसलिए भी लड़ाई झगड़े की वारदातें कम हुईं। पुरानी रंजिशों को लेकर भी कुछ छुटपुट वारदातें जरूर हुईं।

रंगों की बौछार

होलिका दहन के पश्चात युवाओं ने रंग भी खूब खेला, लेकिन रंग बौछारों का यह सिलसिला काफी देर नहीं चला। मस्ती का यह दौर रात्रि के दूसरे पहर तक ही चला। रात दो बजे करीब मोहल्लों की सड़कें, गलियां सूनी पड़ गईं।

मस्तों की टोलियां निकलीं

शुक्रवार को सुबह से ही युवाओं की टोलियां नगाढ़ियों की थाप पर झूमती हुईं निकली और गुलाल उड़ते हुए अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर बुजुर्गों का आर्शीवाद और युवाओं को परस्पर बधाईयां देने का यह क्रम दोपहर तक चलता रहा।

बच्चों की पिचकारियां

बच्चों की अठखेलियां निराला समा बांध रही थीं। पिचाकारियों में भरे रंगों की बौछारें अधिकांशतः उन्हीं के बीच चली। यदाकदा उनकी पिचकारियों की दिशा भटकी जरूर, लेकिन उनकी मासूम बौछारों में लोग घुल मिल गये, हंसते हुये बच्चों को प्यार करते अपने रास्ते निकल गये।

गांवों का निरालापन

गांवों में होली की अलग ही मस्ती रही। देर रात तक फागों के स्वर गूंजते रहे। नगढ़ियों की दिलकश लहरियां युवाओं को थिरकने मजबूर करती रहीं। यहां का पर्वीय परिवेश स्नेह की फुहारों और गुलाल में रंगा नजर आया।

आत्मीयता की झलक

शहरों का माहौल रहा हो अथवा गांवों का, सभी जगह भाईचारे की बयार बही। ऐसी कोई घटना नहीं हुई, जिससे स्नेह का दामन बदरंग हो पाता।

सांस्कृतिक आयोजनों की कमी खली

कभी होली में सांस्कृतिक आयोजनों की भरमार रहा करती थी। लेकिन इस वर्ष होली में सांस्कृतिक आयोजनों की कमी जमकर खली। ले-देकर गुंजन कला सदन द्वारा होलिका दहन की पूर्व संध्या पर रासरंग महोत्सव शहीद स्मारक में आयोजित किया गया, जो होलिका दहन के दिन एकमात्र सांस्कृतिक आयोजन रहा।

मंहगाई का असर

होली के त्यौहार में इस बार बेतहाशा मंहगाई और परीक्षाओं का प्रभाव भी स्पष्ट दिखा। बेरोजगार नौजवान जरूर होली की हुड़दंग में शामिल रहे, जबकि समस्याओं से बेजार नागरिक किसी तरह त्यौहार मनाने की औपचारिकता पूरी करने में ही परेशान रहा। स्कूल स्तर से लेकर कॉलेज स्तर तक की परीक्षाओं का दौर चलने के कारण विद्यार्थी वर्ग उत्साह से रंगों का यह पर्व मनाने की बजाय अध्ययन-अध्यापन में जुटा रहा।

भाईदूज का पर्व मनाया

इस साल भाईदूज का पर्व तिथि के मुताबिक धुरेड़ी के दूसरे दिन न होकर तीसरे दिन 16 मार्च रविवार को आज परम्परागत उत्साह के साथ मनाया गया। बहनें भाईयों के माथे पर टीका लगा उनकी दीर्घायु होने की कामना करेंगी। सेंट्रल जेल में भाईदूज के पर्व पर कैदी भाईयों को तिलक लगाने पहुंची बहनों के लिये विशेष इंतजाम किये गये है। उन्हें इस बार तंबू की जगह मुलाकात खिड़की से टीका लगाने की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

ईदगाह में उर्स व इफ्तार-ए-आम आज

सामूहिक भोज का सिलसिला जारी

जबलपुर। मुफ्ती ए आजम मध्यप्रदेश हजरत मौलाना मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी के अनुसार रमजान मुबारक के सोलहवें रोजे सोमवार को ईंदगाह कला रानीताल में हजरत मौलाना शाह अब्दुल करीम नक्शबंदी अलेहीरहमत के 128वें सालाना उर्स शरीफ का एहतेमाम किया गया है। इस मौके पर अपरान्ह बाद नमाज जुहर कुरान ख्वानी की जाएगी। जिसके बाद मजार शरीफ पर चादर पोशी की जाएगी। सांय मगरिब के वक्त विशाल अफ्तार ए आम का एहतेमाम किया जाएगा। आस्तान ए आलिया करीमिया सलामिया बुरहानिया के सज्जादानशीन सूफी जियाऊल हक कादरी बुरहानी ने एक बयान मे कहा है कि उर्स अफ्तार में ज्यादा से ज्यादा शिरकत करे और फैजयाब हासिल करें।

अफ्तार ए आम - रमजान शरीफ के पन्द्रहवे रोजे रविवार को मुफ्ती ए आजम मध्यप्रदेशहजरत मौलाना मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी की सरपरस्ती एवं सूफ़ी मेराज बाबा जमाली, सैय्यद कादिर अली कादरी की कयादत में सर्वधर्म सद्भावना समिति द्वारा अफ्तार ए आम का एहतेमाम सिटी कोतवाली के सामने मौलाना साहब की गली किया गया। अफ्तार ए आम में हाजी कदीर सोनी, हाजी मकबूल अहमद रज़वी, मुबारक कादरी, गुड्डू नबी, सहित सैकड़ों हिन्दु मुस्लिम धर्मावलंबी भी शरीक हुए और भाईचारा शांति सद्भावना का संदेश दिया अफ्तारोपरान्त मगरिब की सामूहिक नमाज अदा की गईं और जबलपुर अमन शंति के लिए दुआएं मांगी गईं। समिति के संयोजक पूनम आशीष उसरेठे, सह संयोजक मोहम्मद ताहिर खान, नीलेश पंसारी ने अफ्तार ए आम शरीक हुए लोगों का शुक्रिया अदा किया।

मेहरा समाज का दहेजरहित आदर्श विवाह 23 मार्च को

जबलपुर। झारिया कल्याण संघ जबलपुर के तत्वावधान में मेहरा समाज के दहेजरहित आदर्श विवाह 23 मार्च 2025 को आयोजित किये जायेंगे। इस दौरान विवाह योग्य युवक-युवतियों के स्वयं के द्वारा मंच से परिचय दिया जायेगा। समाज की विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं का सम्मान किया जायेगा। सम्मेलन की आवश्यक तैयारी हेतु झारिया कल्याण संघ जबलपुर की बैठक 16 मार्च 2025 को इण्डियन कॉफी हाउस जबलपुर में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान डॉ. एन.पी. झारिया, डॉ. आर.एम. झारिया, मथुरा प्रसाद झारिया, भगवत प्रसाद झारिया, भीकम झारिया, हरि मेहरा, देवदत्त झारिया, रामेश्वर मेहरा, रतन झारिया, संतोष झारिया, राधा झारिया, गोमती झारिया, अशोक झारिया, लखन झारिया, शम्भू झारिया, भगवानदास झारिया, सुरेश झारिया, बलराम झारिया, आंर.पी. झारिया, लीलाधर झारिया आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

15वें रोज़े पर घंटाघर में हुआ रोजा अफ्तार

गंगा - जमुना तहजीब की साक्षी बनी संस्कारधानी

सभी धर्म के लोगों ने मिलकर किया अफ्तार भोज, मांगी अम्नो शांति की दुआ

जबलपुर। मुस्लिम धर्मावलंबियों के पवित्र त्यौहार रमजान के सत्रहवें रोजे पर पुलिस कंट्रोल रूम के सामने कलेक्ट्रेट मार्ग घंटाघर में बज्मे हुसैन नौजवान लंगर कमेटी की जानिब से विशाल अजीमुश्शान अफ्तार ए आम का एहतेमाम किया गया जिसमें सभी धर्म के लोगों ने मिलकर अफ्तार किया अफ्तार के उपरांत मगरिब की सामूहिक नमाज अदा की गई और मुल्क हिंदुस्तान में अम्नो और शांति की दुआएं मांगी गईं इस आयोजन में बड़ी संख्या में मुस्लिमों के साथ हिंदू ,सिख, ईसाई सहित सभी धर्म के लोगों ने शिरकत कर आपसी भाईचारा सद्भावना का पैगाम दिया।

कमेटी के सदस्यों ने कहा कि जानबूझ कर त्योहारों के समय कुछ लोगों द्वारा माहौल खराब करने की कोशिश की जाती है। इससे कुछ लोग फायदा उठाते हैं लेकिन संस्कारधानी हमेशा ही आपसी भाईचारे का पैगाम देती रही है यह सदियों से होता आ रहा है और आगे भी होगा। हम लोग इस पुरानी परंपरा को ऐसे ही चलाते रहेंगे और एकता का परिचय देते रहेंगे।इस मौके पर मुफ्ती इम्तियाजुल कादरी साहब, मौलाना सैयद हसन रब्बानी साहब, मौलाना गुलाम अहमद साहब, पार्षद गुड्डू नबी, मुईन खान, शेख़ शाहिद, सईद खान, राज अली, शफी खान, हाजी मतीन, आरिफ खान, जावेद पप्पू, अकरम भाई, मोईनुद्दीन जानू सहित हजारों रोजेदार उपस्थित थे कमेटी के सदस्यों ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

वर्ष 2016 से बंद पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाए

जबलपुर। वर्ष 2016 से मध्य प्रदेश के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पदोन्नति बंद हैं। पदोन्नति की आश में विगत वर्षों में हजारों कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गये, जिससे उन्हें आर्थिक एवं मानसिक क्षति हो रही है जिसकी पूर्ति की जाना संभव नहीं है। इस संबंध में शासन द्वारा कर्मचारियों के हित में सूक्ष्म क्षतिपूर्ति के परिप्रेक्ष्य में वर्ष 2018 में विधानसभा चुनाव से पहले तत्कालीन सरकार ने कैबिनेट उप समिति का गठन किया था जिसमें उच्च पदनाम के साथ क्रमोन्नति देने की व्यवस्था दी गई थी। इस व्यवस्था के तहत सामान्य प्रशासन विभाग ने उच्च पदनाम के साथ क्रमोन्नति देने का आदेश जारी किया था, जिसका क्रियान्वयन कुछ विभागों ने तो किया, पर अधिकतर विभाग द्वारा नहीं किया गया जिससे प्रदेश के कर्मचारी मानसिक रूप से हतोत्साहित हैं, जिसके कारण शासन का कार्य भी प्रभावित होता है जबकि सामान्य कार्य हेतु केन्द्र सरकार के कर्मचारियों को प्रदेश सरकार के कर्मचारियों की तुलना में अनेकों आर्थिक लाभ समय समय पर प्रदान किये जाते हैं जैसे पदोन्नति इत्यादि प्रदान की जा रही है जो कि एक भेदभावपूर्ण नीति है। प्रदेश में कुछ संवर्ग ऐसे भी हैं जिन्हें न तो पदोन्नति मिल पा रही है न समयमान वेतनमान न क्रमोन्नति जो कि अत्यंत खेद का विषय है। कर्मचारी संघ शासन से मांग करता है कि तत्काल इस ज्वलंत मुद्दे को संज्ञान में लेते हुये कर्मचारियों को पदोन्नति दी जाए।

संघ के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, हेमन्त ठाकरे, राजेश सहारिया, गुडविन चार्ल्स, राजकुमार यादव, राजेश सिंह ठाकुर, एनोस विक्टर, दिपेश जैन, फिलिप एंथोनी, रउफ खान, सुनील झारिया, उमेष ठाकुर, मनमोहन चौधरी, देवेंद्र भट, राकेष गुप्ता, वीरेन्द्र श्रीवास, योगेष ठाकरे, मान सिंह आर्मो, सुधीर अवधिया, सुधीर पावेल, संतोष चैरसिया, आशाराम झारिया, त्रिलोक सिंह, अनूप सिन्हा, समर सिंह ठाकुर, नीलेष पटेल, सुनील श्रीवास्तव, गोपीषाह, चैतन्य कुषरे, आशीष कोरी आदि ने मांग की है।

हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में वृंदावन सा नजारा

चैतन्य महाप्रभु का 11 फलों के रस से अभिषेक

जबलपुर। हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में होली के महोत्सव पर चैतन्य महाप्रभु का 11 फलों के रस से स्वामी रामचंद्रदास महाराज ने अभिषेक किया तत्पश्चात भक्तों ने बारी-बारी से पूजा दर्शन कर पुण्य लाभ लिया. स्वामी जी ने उद्बोधन में कहा चैतन्य महाप्रभु ने आज से 400 वर्ष से पहले हरे कृष्ण महामंत्र से संकीर्तन कर पूरे विश्व में सामाजिक समरसता की क्रांति लाई सभी वर्गों को एक माला में जोड़ा। सनातन धर्म का प्रचार किया। भगवान राधा कृष्ण के साथ भक्तों ने फूलों की होली खेली पूरा वातावरण मैं

वृंदावन सा नाजारा लग रहा था भगवान की आरती के साथ भंडारे का आयोजन हुआ सैकड़ो वर्ष पुरानी रागों में फागों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन शरद अग्रवाल आभार डॉ सुधीर अग्रवाल ने किया सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

आज के दौर में अकसर देखा जाता है कि अधिकतर युवा आपस में बातचीत के दौरान भाषा की मर्यादा का ध्यान नहीं रखते हैं। वे अपनी पर्सनालिटी को बिंदास दिखाने के लिए प्राय: ऐसा करते हैं। सच्चाई यह है कि इससे न केवल उनकी सोशल इमेज बिगड़ती है, वर्कप्लेस पर आगे बढ़ने की राह में भी ऐसी भाषा रुकावटें पैदा करती है। इसलिए संवाद के दौरान सजग रहना जरूरी है।

आपसी संवाद की भाषा हो मर्यादित-सकारात्मक-मधुर

स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

वर्चुअल दुनिया में परोसे गए कंटेंट की अमर्यादित भाषा को लेकर चल रही बहस के बीच हर किसी के लिए सभ्य शब्दों का महत्व समझना आवश्यक है। आभासी संसार से कहीं ज्यादा, असली दुनिया में सधी संतुलित अभिव्यक्ति जरूरी है। खासकर कूल बनने और कमाल का व्यक्तित्व हो जाने की भूल-भुलैया के इस दौर में युवाओं को यह बात समझनी ही होगी। जरूरी है कि अपने वर्कप्लेस पर भी शब्दों की सभ्यता का दामन थामे रहें। सधी छवि और सफल भविष्य के लिए वर्कप्लेस पर सभ्य भाषा बहुत मायने रखती है।

शब्दों से जुड़ा सम्मान

काम-काजी संसार में किसी भी तरह के लिखित या मौखिक बातचीत में असभ्य शब्दों का इस्तेमाल करने से बचें। किसी भी परिस्थिति में न तो असभ्य शब्द लिखें और न ही बोलें। ध्यान रहे कि आपके शब्दों से स्वयं का सम्मान भी जुड़ा है। यह न भूलें कि दूसरों के मन और मान को ठेस पहुंचाने वाले शब्द इस्तेमाल करने वाले खुद भी किसी से इज्जत नहीं पाते हैं। बावजूद इसके ऑफिस में भी ह्यूमर के नाम पर किसी सहकर्मी या सहायक स्टाफ की हंसी उड़ाने की गलती बहुत से लोग करते हैं। इस तरह के असामान्य और कुंठाग्रस्त व्यवहार के घेरे में आने से बचने के लिए पहले ही कदम पर सजगता जरूरी है। वरना जाने-अनजाने कुछ भी कह-सुना देने की आदत बनती जाती है। बिना सोचे-समझे मुंह से अभद्र शब्द निकलने लगते हैं। करियर को नुकसान पहुंचाने वाली यह आदत खुद आपको भी एक कुंठित व्यक्तित्व ही देती है। जोश भरे युवाओं को हर पल याद रखना चाहिए कि काम-काजी दुनिया में अनुशासित रहना बहुत आवश्यक है। अच्छी भाषा, इसी अनुशासन का हिस्सा है। अनुशासन के दायरे में रहते हुए सदा सकारात्मक ढंग से बातचीत करने की राह चुनने में ही समझदारी है। किसी के साथ भी असभ्य संवाद करने से पहले याद रखिए कि ये शब्द स्वयं आपके सम्मान से भी जुड़े हैं।

इमेज पर पड़े बुरा प्रभाव

बातचीत में इस्तेमाल होने वाले अभद्र शब्द, इंसान की बॉडी लैंग्वेज भी बिगाड़ देते हैं। बोलने वाले के हाव-भाव को भी नेगेटिव रंगत में ढाल देते हैं। शब्दों पर कंट्रोल न करना, इंसान की बॉडी लैंग्वेज को अजीबो-गरीब बना देता है। समझना मुश्किल नहीं कि ऐसी सभी बातें व्यक्तित्व को गहराई से प्रभावित करती हैं। जो सीधे-सीधे वर्कप्लेस पर आपकी इमेज बिगाड़ने वाली साबित होती हैं। वहीं सोच-समझकर बोलना, न केवल आपका फर्स्ट इंप्रेशन पॉजिटिव बनाता है बल्कि आगे भी आपकी सकारात्मक छवि को कायम रखता है। सोशल लाइफ हो या प्रोफेशनल, सोशल एटिकेट्स हमेशा मायने रखते हैं। आपको यह समझना चाहिए कि बातचीत में गलत शब्दों का चुनाव, आपको असहयोगी और अकड़ू व्यक्ति का तमगा दिलाने वाला बर्ताव साबित हो सकता है।

बेहतरी के लिए सही भाषा जरूरी

काम-काजी दुनिया में आपसे जुड़े सीनियर हों या जूनियर, सही सोच और अच्छे मैनर्स से सबका दिल जीता जा सकता है। स्पष्ट है कि इससे करियर में आगे बढ़ने में भी मदद मिलती है। बेहतर प्रोजेक्ट्स आपके हिस्से आते हैं। इतना ही नहीं सभ्य भाषा और सधा बर्ताव कई बार आपको किसी तकलीफ में फंसने से भी बचा लेता है। सहकर्मियों के साथ किया गया मीनिंगफुल और माइंडफुल संवाद काम-काज के लिए पॉजिटिव परिवेश बनाता है, जिसके चलते लोगों का दिल जीतने के साथ-साथ कामयाबी भी आपके हिस्से आती है। मन जीतने के इन सभी मोर्चों पर अच्छी भाषा सबसे ज्यादा मायने रखती है। असल में देखा जाए तो सकारात्मक शब्दों और सभ्य बोलचाल के प्रभाव का यह सिलसिला इंटरव्यू से ही शुरू हो जाता है। बावजूद इसके युवाओं की अजीबो-गरीब भाषा शैली आज चिंता का विषय बन गई है। मनोवैज्ञानिक विश्लेषणों में भी सामने आया है कि आमतौर पर युवा बेझिझक अपशब्दों का इस्तेमाल करते हैं। इस बर्ताव के पीछे मौजूद साइकोलॉजिकल कारण बताते हैं कि आज की युवा पीढ़ी बोलने या करने से पहले कुछ नहीं सोचती। साथ ही वे इस बात से भी प्रभावित नहीं होते कि कोई उनके बारे में क्या सोचेगा? या उनके बोले शब्दों का किसी पर क्या प्रभाव पड़ेगा? सच्चाई यह है कि जीवन का कोई पक्ष, अशिष्ट शब्दों के नकारात्मक असर से नहीं बच पाता है। जरूरी है कि युवा आज के दौर में बढ़ती शाब्दिक अभद्रता की संस्कृति से बचें। दफ्तर में भावों, विचारों और सूचनाओं का आदान-प्रदान करते हुए संयत और सभ्य शब्दों का चुनाव करें। सधे व्यक्तित्व की सौगात देने वाला यह व्यवहार आपके लिए सदा ही बेहतरी के मार्ग खोलने वाला साबित होगा। *

संवाद से जुड़ा कारगर फॉर्मूला

प्रसिद्ध शोधकर्ता अल्बर्ट मेहराबियन द्वारा दिए गए 55-38-7 का फॉर्मूला बताता है कि कम्युनिकेशन 55 फीसदी नॉन वर्बल (शारीरिक भाषा यानी हाव-भाव) और 38 प्रतिशत वोकल (स्वर के द्वारा) होता है। संवाद में सिर्फ 7 फीसदी हिस्सा ही वर्बल यानी शब्दों से प्रकट होता है कि आप वास्तव में क्या कहते हैं? ऐसे में मजाक हो या प्रतिक्रिया देना, गलत शब्दों का इस्तेमाल आपकी अभिव्यक्ति की पूरी शृंखला ही बिगाड़ सकता है। इसलिए हर किसी को संवाद के दौरान अपने शब्दों के इस्तेमाल को लेकर पूरी तरह सजग रहना चाहिए।

शमी की बेटी ने खेली होली और मसूद ने उड़ाया रंग तो भड़के मौलाना- यह तो जुर्म

■ मसूद बोले- रंगों में जहर घोलने वालों को जवाब दिया

एजेंसी ▶▶ बरेली

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने क्रिकेटर मोहम्मद शमी की बेटी के होली खेलने पर सख्त ऐतराज जताते हुए इसे अवैध और शरीयत के खिलाफ बताया है। उन्होंने कहा कि वह छोटी बच्ची है। अगर वह बिना समझे होली खेलती है तो यह कोई अपराध नहीं है। अगर वह समझदार है और फिर भी होली खेलती है तो इसे शरीयत के खिलाफ माना जाएगा। होली हिंदुओं के लिए बहुत बड़ा त्योहार है लेकिन मुसलमानों को होली मनाने से बचना चाहिए। अगर कोई शरीयत को जानने के बाद भी होली मनाता है तो यह गुनाह है। उधर, कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने होली खेली तो उलमा भड़क गए। उनका कहना है कि यह इस्लामी शिक्षा के खिलाफ है। उलमा ने मसूद को अल्लाह से तौबा करने की नसीहत दी है। वहीं मसूद का कहना है कि उन्होंने रंगों में जहर घोलने वालों को जवाब दिया है। हमारी गंगा-जमुनी तहजीब सभी धर्मों के त्योहारों को एक साथ मनाने का संदेश देती है। हिंदू व मुसलमान सदियों से मिलजुलकर भाई के समान सुख-दुख के साथी रहते आए हैं। हिंदू अगर राम है तो मुसलमान भरत।

बांकेबिहारी मंदिर: ग्रीष्मकालीन समयसारिणी में बदलाव

दोनों समय के दर्शन, तीनों आरतियों और शयन करने के समय में परिवर्तन

एजेंसी ▶▶ मथुरा

जन जन के आराध्य ठाकुर श्रीबांकेबिहारी महाराज के मंदिर में रविवार से दर्शनों की समयसारिणी बदल गई। इसके चलते ठाकुरजी के दोनों समय के दर्शन, तीनों आरतियों व शयन करने के समय में परिवर्तन हो गया है। 16 मार्च को दूज तिथि से मंदिर में परिवर्तित होने वाली ग्रीष्मकालीन समयसारिणी के अनुसार ठाकुरजी के दर्शन सुबह 7:45 खुलेंगे व 7:55 पर श्रृंगार आरती होगी। सुबह में 11 से 11.30 बजे तक राजभोग धराया जाएगा तथा 11:55 बजे राजभोग आरती संपन्न होगी। उसके बाद करीब 1 घंटे तक अपने सेवायतों द्वारा इत्र से मालिश कराकर बांकेबिहारी आराम करेंगे। शाम की सेवा में 5:30 दर्शन खुलेंगे एवं 8:30 शयनभोग अर्पित होगा और रात्रि 9:25 बजे शयनभोग आरती के दर्शन होंगे। इसके उपरांत सेवायतजन 1 घंटे तक आराध्य की इत्र से मालिश करने के पश्चात उन्हें शयन कक्ष में शयन कराकर बाहर निकल आएंगे। दर्शन का ये क्रम दिवाली बाद भाईदूज तक चलेगा।

◆ दर्शन का ये क्रम दिवाली बाद भाईदूज तक चलेगा

बांके बिहारी मंदिर में मनाई गई होली

इधर, होली के मौके पर देश-विदेश पहुंचे श्रद्धालुओं बांके बिहारी मंदिर में होली का पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया। श्रद्धालुओं ठाकुर जी पर पिचकारी से रंगों की बौछार की। इस मनोरम दृश्य को देखने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारे लगी रही। बांके बिहारी मंदिर में होली पर वृंदावन की तर्ज पर सजावट की गई थी। यहां भजन का आयोजन किया गया था जिस पर श्रद्धालुओं ने नृत्य भी किया।

प्रदेश से गुजर रही ट्रफ लाइन और उत्तर-पश्चिमीमध्यप्रदेश तथा आसपास बने सकुर्लेशन से बदला मौसम

प्रदेश में आज भी आंधी बारिश, भोपाल में सीजन की सबसे गर्म रात, सप्ताहभर कंट्रोल में रहेगी गर्मी

◆ 19 मार्च से आने वाले नए सिस्टम के साथ ही प्रदेश से गुजरने वाला पूर्वी ट्रफ भोपाल सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में करेगा बारिश, आंधी और छाए रहेंगे बादल

कहां-कितना गिरा पारा?

भोपाल में दिन का पारा 2.2 डिग्री 35.2 डिग्री रहा, जबकि रात का 3.8 डिग्री बढ़कर 22.2 डिग्री रहा। यह सामान्य से 5 डिग्री अधिक है। प्रदेश में सबसे अधिक दिन के पारे में गिरावट खजुराहो में 4.2 डिग्री रही, जबकि सबसे अधिक रात के तापमान में वृद्धि खजुराहो में ही 5.7 डिग्री के साथ पारा 22.6 डिग्री रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में शनिवार से मौसम में बदलाव जारी है। रविवार तक भोपाल सहित एक दर्जन के करीब शहरों में बादल, कुछ शहरों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई है। सोमवार को भी आधा दर्जन से ज्यादा जिलों में आंधी के साथ बारिश होगी। भोपाल में बादल छाए रहेंगे। बादल और बारिश से रविवार को प्रदेशभर में दिन के औसत तापमान में करीब 2 डिग्री की कमी आने से तेज गर्मी से कुछ राहत रही। मौसम में बदलाव से प्रदेशभर में एक सप्ताह दिन के तापमान में कमी बनी रहेगी। 19 मार्च से भोपाल सहित प्रदेशभर में बारिश का दौर और तेज होगा। रविवार को रात का पारा प्रदेशभर में तेजी से बढ़ा। भोपाल में रात का तापमान सीजन का सबसे अधिक 22.2 डिग्री के पार पहुंच गया। इससे पहले 13 मार्च को यहां न्यनूतम पारा 21 डिग्री रहा है। मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार को भी कई शहरों में बारिश होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन उत्तर-पूर्वी राजस्थान और दक्षिणी हरियाणा के ऊपर बना हुआ है।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

राशिफल

मेष — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। माता का सानिध्य

वृष — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती

मिथुन — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

कर्क — फिर भी व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

सिंह — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

कन्या — संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

तुला — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

धनु — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च

कुंभ — फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

मीन — वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

सभी दस्तावेजों से इंडिया नाम हटेगा

उज्जैन के संस्कृत विश्वविद्यालय में 'भारत' शब्द का इस्तेमाल होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के आधिकारिक दस्तावेजों पर 'इंडिया' शब्द की जगह 'भारत' शब्द का उपयोग किया जाएगा। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से 'इंडिया' शब्द को हटाने के प्रस्ताव को स्वीकार किया। अब विश्वविद्यालय की वेबसाइट, विद्यार्थियों की कॉपी और कैलेंडर सहित सभी जगह भारत शब्द का प्रयोग होगा। इस फैसले के साथ, संस्कृत विश्वविद्यालय प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय बन गया है जो अपने आधिकारिक दस्तावेजों में 'भारत' शब्द का प्रयोग करेगा। महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक कुलगुरु प्रो. विजय कुमार जेसी की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। बैठक का मुख्य उद्देश्य दीक्षांत समारोह की तैयारियों पर चर्चा करना था। देर शाम तक चली बैठक में कार्यपरिषद सदस्य गौरव धाकड़ ने विश्वविद्यालय में इंडिया शब्द की जगह भारत शब्द का उपयोग करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सभी सदस्यों ने सहमति से पारित कर दिया। महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय का पांचवां दीक्षांत समारोह 31 मार्च को सुबह 11 बजे कालिदास संस्कृत अकादमी के संकुल हॉल में आयोजित किया जाएगा।

■ कार्यपरिषद की बैठक में यह निर्णय

शब्द पहेली - 5807



बाएँ से दाएँ
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

ऊपर से नीचे
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

शब्द पहेली- 5806 का हल

अ	ना	द	र	णी	य		प्र	क्षे	प	क
सं	ग		वे		कृ	पा	ण		र	म
वै		अ	दा	व	त		य	हां		जो
धा	रा	दा	र			अ		का	त	र
नि		व		प्र	क्षा	ल	न		म	
क	म	त	र	ता		सा	ग	र	गा	मी
	लि		स	र	मा	या		द		न
बे	का	बू		णा			व	न	वा	सी
क		आ	स		अ	द	र	क		लै
द	म		ब	हा	र		दा		ता	व
र	सा	त	ल		ज	ही	न	कु	श	ल

सूडोकु नवताल - 5817

★★★★★ कठिनतम

2						5		
	1			8				9
7					4			
			9			1		
	3						6	
		8			5			
			3					8
5				6			2	
		4						7

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 5816 का हल

2	3	6	8	5	1	4	9	7
9	4	5	7	6	3	8	2	1
1	7	8	2	9	4	6	5	3
3	1	9	6	7	2	5	4	8
5	6	2	1	4	8	3	7	9
7	8	4	5	3	9	1	6	2
4	9	1	3	2	5	7	8	6
8	2	7	4	1	6	9	3	5
6	5	3	9	8	7	2	1	4

'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' की पूरी हुई शूटिंग

मुंबई। शशांक खेतान के निर्देशन में बनी रही फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' वरुण धवन और जान्हवी कपूर ने अदाकारी की है। यह फिल्म इस साल की सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 12 सितंबर को बड़े पर्दे पर आएगी। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' शशांक खेतान की पिछली फिल्मों जैसे 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया' और इसके सीक्वल 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' की तर्ज पर एक रोमांटिक ड्रामा होगी। इससे पहले, जब टीम ने वरुण धवन और जान्हवी कपूर अभिनीत एक रोमांटिक फिल्म का ऐलान किया था, तो अटकलें लगाई जा रही थीं कि अभिनेत्री आलिया भट्ट की जगह लेंगी।

लाइफ Style

अनुष्का

अंग्रेजी गाने पर किया जबरदस्त डांस

अभिनेत्री अनुष्का सेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। वह यहां अक्सर अपनी बेहतरीन तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। उनके फैंस इसे खूब लाइक करते हैं और कमेंट करते हैं। इसी कड़ी में अनुष्का सेन ने अपनी इंस्टाग्राम प्रोफाइल से अपनी एक वीडियो शेयर की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वीडियो में वह डांस कर रही हैं। वीडियो काफी वायरल हो रही है। अनुष्का सेन ने जो वीडियो शेयर की है उसमें वह डांस कर रही हैं। डांस करते हुए अनुष्का ने बेहतरीन मूव्स दिखाए हैं। वह डांस करते हुए चेहरे से बेहतरीन एक्स्प्रेशन दे रही हैं और काफी खुश लग रही हैं। उन्होंन स्लीवलेस सफेद टी शर्ट पहनी है और काली कार्गो पैंट पहनी है और अपने बाल खुले छोड़े हैं। अनुष्का अंग्रेजी गाने पर अपने मूव्स दिखा रहे हैं। अनुष्का ने ये वीडियो किसी पार्क में बनाई है। अनुष्का ने इसी वीडियो को अपनी स्टोरी पर भी लगाया है। अनुष्का की वीडियो को यूजर्स खूब लाइक कर रहे हैं। अनुष्का की वीडियो पर तीन घंटे में 11 लाख से ज्यादा व्यूव्ज आ चुके हैं। वीडियो पर फैंस दिल और फायर कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा है 'अनु हम इसे बहुत याद कर रहे हैं।' एक दूसरे फैन ने लिखा है 'आप जादूगर हो।' एक और यूजर ने लिखा है 'काले और सफेद में आप बहुत अच्छी लग रही हो।' अनुष्का सेन 22 साल की खूबसूरत एक्ट्रेस हैं। उन्होंने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरूआत की। सबसे पहले अनुष्का साल 2009 में 'यहां मैं घर घर खेली' सीरियल में नजर आई थीं। साल 2012 में वह 'बालवीर' से मशहूर हो गईं।

हॉलीवुड मसाला

बीबी व बेटे संग बसाएंगे नई दुनिया

लॉस एंजिल्स। जस्टिन बीबर इंडिया में भी फेमस हैं। यहां पर भी उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग हैं। वो अपने गानों से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहते हैं। बीते दिनों उनकी आर्थिक स्थिति और बीवी हैली बीबर संग तलाक को लेकर खूब अफवाह उड़ी थी। अब बताया जा रहा है कि जस्टिन और हैली दोनों ही यूएस छोड़कर बाहर जाने की प्लानिंग कर रहे हैं। कपल ने पर्सनल लाइफ और तलाक की अफवाहों के बारे में लगातार हो रही चर्चा से बचने के लिए हॉलीवुड लाइफ छोड़ने का फैसला किया है।

'लिलो एंड स्टिच' का शानदार ट्रेलर रिलीज

लॉस एंजिल्स। डिज्नी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'लिलो एंड स्टिच' का लाइव-एक्शन संस्करण 23 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है। फिल्म की रिलीज में अभी कुछ महीने बाकी हैं। इस बीच निर्माताओं ने इसका पहला आधिकारिक ट्रेलर जारी कर फैंस के बीच उत्साह जगा दिया है। पहले यह फिल्म डिज्नी+ पर आने वाली थी, लेकिन अब इसे बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर को मिल रही शुरुआती प्रतिक्रियाओं से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह डिज्नी की लाइव-एक्शन फिल्मों में अपनी एक खास जगह पक्की कर सकती है। दो मिनट 24 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत कमांडर के एक डायलॉग से होती है, जिसमें वह स्टिच को 'खतरनाक प्रयोग' करार देता है। इसके बाद शुरू होता है रोमांच और हंगामे का सिलसिला।

दमकते चेहरे संग साझा किया वीडियो...

मुंबई। कियारा आडवाणी ने दो साल पहले अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा से शादी की। हाल ही में इस जोड़े ने फैंस को खबर दी कि इनके घर एक नन्हा मेहमान आने वाला है। कियारा, सिद्धार्थ के घर बच्चे की किलकारी गूंजने वाली है। कियारा के फैंस यह खबर पाकर काफी खुश हुए। हाल ही में कियारा ने एक वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा किया, जिसमें उनके चेहरे पर प्रेग्नेंसी ग्लो साफ दिख रहा है। कियारा आडवाणी ने अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन एक छोटा सा वीडियो पोस्ट किया है। जिसमें एक कैप्शन भी कियारा ने लिखा है। वह लिखती हैं- 'संडे ग्लो'। लेकिन यह संडे ग्लो से ज्यादा प्रेग्नेंसी ग्लो लग रहा है, जो कियारा के चेहरे पर नजर आ रहा है। वह वीडियो में काफी खुश दिख रही हैं। कियारा और सिद्धार्थ ने माता-पिता बनने की जानकारी सोशल मीडिया पर ही दी।

'पुष्पा-3' की रिलीज डेट से उठा पर्दा

मुंबई। साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2 द रूल' ने भारत के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर भी ताबड़तोड़ कमाई की। यह फिल्म 2021 में रिलीज हुई फिल्म 'पुष्पाः द राइज' का सीक्वल थी, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिला। इस फिल्म की ब्लॉकबस्टर सफतला के बाद अब दर्शकों को बेसब्री से इसके तीसरे भाग का इंतजार है। वहीं, अब 'पुष्पा 3' को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है। ब्लॉकबस्टर एक्शन ड्रामा 'पुष्पा 3' की तीसरी किस्त आ रही है। 'रॉबिनहुड' के प्रमोशनल इवेंट के दौरान निर्माता रविशंकर ने पुष्पा 3 पर अपडेट साझा करते हुए इसकी रिलीज का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि 'पुष्पा 3' 2028 में रिलीज होगी। यह अपडेट 'पुष्पा 2ः द रूल' की सफलता के बाद आया है, जिसने दुनिया भर में 1,650 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की।

टीवी मसाला

राघव पर लगा है अनुज की हत्या का आरोप ...

नई दिल्ली। टीवी सीरियल अनुपमा का अपकमिंग एपिसोड कई बड़े ट्विस्ट लेकर आने वाला है। दरअसल, रुपाली गांगुली स्टारर शो में होली का महाएपिसोड आने वाला है। जहां हर कोई एक-दूसरे के रंग में रंगकर इस मौके को सेलिब्रेट कर रहा होगा, वहीं वसुंधरा कोठारी अनुपमा के बारे में पूछेगी कि अनुपमा जी क्यों नहीं आई हैं? तब लीला उन्हें बताएगी कि एक ऑर्डर के सिलसिले में वह काम से गई है। अनुपमा असल में सेंट्रल जेल गई होगी क्योंकि उसे होली पर कैदियों के लिए खास खाना डिलीवर करना होगा। अनुपमा जब जेल में पहुंचेगी तो सभी कैदी जेल में गुलाल उड़ाते फिर रहे होंगे और तभी वह अपने ठीक सामने राघव को खड़ा पाएगी। राघव और अनुपमा के बीच से एक शख्स लाल रंग का गुलाल उड़ाते हुए निकल जाएगा जो कि दोनों पर गिरेगा। अपने ऊपर यह लाल गुलाल देखते ही राघव जोर-जोर से चीखने लगेगा कि मैंने खून नहीं किया है। यह देखकर अनुपमा सन्न रह जाएगी और सोचने लगेगी कि आखिर राघव का अतीत क्या है। सोशल मीडिया गॉसिप्स की मानें तो शायद राघव वो शख्स है जिस पर अंकुश ने अनुज की मौत का इल्जाम मढ़ दिया है। कुछ फैंस यह भी कयास लगा रहे हैं कि राघव का वनराज शाह के साथ कोई कनेक्शन निकलकर आ सकता है। शाह और कोठारी परिवार जहां साथ में होली मना रहे होंगे वहीं इस मौके पर एक तगड़ा धमाका और होगा। राही और प्रेम को पता चलेगा कि इंस्टीट्यूट ने उन्हें लेटर भेजा था। प्रेम को यह बात इंस्टीट्यूट में बात करने पर पता चलेगी और अब जब मोटी बा की करतूत उनके सामने आने ही वाली है, तो हर किसी की नजर इस बात पर होगी कि राही और प्रेम के इस बारे में बात करने पर वसुंधरा का रिएक्शन कैसा होगा।

नशे में को-एक्टर ने जबरदस्ती लगाया रंग बोला- देखूंगा कि तुझे कौन बचाएगा...

नई दिल्ली। टीवी इंडस्ट्री में होली का जश्न धूमधाम से मनाया गया। सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए जहां अलग-अलग सेलेब्स को साथ में जश्न मनाते देखा गया है। जश्न के इस माहौल के बीच

इंडस्ट्री से एक हैरान करने वाली खबर। एक 29 साल की टीवी एक्ट्रेस ने आरोप लगाया है कि उनके को-स्टार ने होली पार्टी में नशे में उनके साथ छेड़छाड़ की। उन्होंने कहा कि नशे में उस को-स्टार ने एक्ट्रेस को गलत तरीके से छुआ। एक्ट्रेस ने को-स्टार के खिलाफ पुलिस ने शिकायत दर्ज करा दी है। रिपोर्ट्स की मानें तो ये घटना मुंबई के एक वेस्टर्न सबअर्ब्स होली पार्टी में हुई। उसने जबरदस्ती मुझे पकड़ा और मेरे चेहरे पर रंग लगा दिया और कहा आई लव यू और मैं देखूंगा कि तुझे कौन बचाता है।

'सिकंदर' के सेट पर सलमान ने बच्चों के साथ खेली होली...

मुंबई। सलमान खान अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सिकंदर' के लिए कमर कस रहे हैं। बीते दिन छोटी होली के मौके पर फिल्म का नया पोस्टर जारी हुआ था। वहीं, अब भाईजान होली के रंगों में रंगे नजर आए। अपने व्यस्त शेड्यूल के बीच सलमान खान ने ने फिल्म 'सिकंदर' के सेट पर बच्चों के साथ होली मनाने के लिए ब्रेक लिया। जश्न की कुछ तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। युवा अभिनेत्री अदीबा हुसैन ने इंस्टाग्राम पर सलमान के साथ होली मनाने की झलकियां साझा कीं। तस्वीरों में सलमान बच्चों से घिरे हुए दिखाई दे रहे हैं। सभी रंगों में सराबोर हैं और त्यौहार का आनंद ले रहे हैं।

उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'सबसे रंगीन होली। प्यार के रंग बिखेरें।' प्रशंसकों ने सलमान के गर्मजोशी भरे हाव-भाव की प्रशंसा की और साथ ही फिल्म के लिए उत्साह भी व्यक्त किया। बाद में सलमान को अपनी सिक्योरिटी टीम के साथ डबिंग स्टूडियो से बाहर निकलते हुए देखा गया। ग्रे-सफेद टी-शर्ट और ग्रे पैंट पहने हुए अभिनेता ने बाहर खड़े पैपराजी का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। बीते दिन सलमान ने 'सिकंदर' का एक दिलचस्प पोस्टर भी जारी किया था। नए लुक को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा था, "हैप्पी होली, मिलते हैं ईद पर।

बॉलीवुड की इन हीरोइन के साथ हुए धर्मेंद्र के अफेयर के चर्चे ...

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर धर्मेंद्र ने 1960 में आई फिल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' से इंडस्ट्री में कदम रखा था। इस फिल्म से एक्टर को वो पहचान तो नहीं मिली, लेकिन एक्टर के गुड लुक्स और दबंग पर्सनालिटी की चर्चा खूब हुई। इस दौरान एक्टर की लव लाइफ भी सुर्खियों में बनी रही। धर्मेंद्र जब फिल्मों में आए थे तो शादीशुदा थे। एक्टर की शादी प्रकाश कौर से हुई जिनसे उन्हें चार बच्चे भी हैं। लेकिन इसके बाद भी उनका नाम कई हीरोइनों के साथ जुड़ा।

मीना कुमारी : मीना कुमारी गुजरे जमाने की सबसे पॉपुलर हीरोइन हुआ करती थीं। वहीं उस समय धर्मेंद्र इंडस्ट्री में अपने पैर जमा रहे थे। इस दौरान दोनों ने फिल्म पूर्णिमा में साथ काम किया। इस फिल्म के बाद मीना कुमारी की दुनिया बदल गई थी। उन्हें पंजाब के धर्मेंद्र से प्यार हो गया था। धर्मेंद्र के नजदीक आने की वजह मीना कुमारी की खराब शादी भी मानी गई। लेकिन ये रिश्ता लंबे समय तक नहीं चल सका। धर्मेंद्र को पॉपुलैरिटी मिली और उन्होंने अपने रास्ते अलग कर लिए।

राखी : उस समय की मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक धर्मेंद्र और राखी की ऑनस्क्रीन जोड़ी भी सुपरहिट थी। दोनों ने कुछेक फिल्मों में साथ काम किया। ऐसा बताया जाता है कि दोनों के बीच दोस्ती से ज्यादा रिश्ता था। हालांकि, बाद में ये खबर झूठी निकली।

हेमा मालिनी : धर्मेंद्र और हेमा मालिनी के प्यार के चर्चे तो उनकी हर एक फिल्म के सेट पर होते थे। दोनों की तस्वीरें उस समय के अख़बारों और मैगज़ीन में छपती थीं। हेमा मालिनी का परिवार शादीशुदा धर्मेंद्र से रिश्ता जोड़ने के खिलाफ था।

बाद में दोनों ने परिवार के खिलाफ जाकर अपने रिश्ते को नाम दे दिया और शादी कर ली। धर्मेंद्र की पहली पत्नी प्रकाश कौर ने इस शादी का विरोध किया था।

अनीता राज : धर्मेंद्र और एक्ट्रेस अनीता राज ने फिल्म 'नौकर बीवी का' नाम की फिल्म की थी। ऐसी खबरें थीं कि फिल्म की शूटिंग के दौरान अनीता और धर्मेंद्र के बीच नजदीकियां बढ़ गई थी। दोनों के रोमांस के चर्चे अखबरों और मैगजीन में छपते थे। ऐसी खबरें थीं कि हेमा मालिनी की चेतावनी के बाद इनके दोनों अलग हुए।

कभी गैंगस्टर बने, कभी हॉरर फिल्म में दर्शकों को डराया

कॉमेडी से हटकर कई किरदारों में छा गए राजपाल यादव

नई दिल्ली। राजपाल यादव का नाम सुनते ही दर्शकों के मन में उनकी हास्य कलाकार की छवि उभरने लगती है। लेकिन, कॉमेडी से हटकर भी राजपाल यादव ने कई किरदार किए हैं। वह कभी गैंगस्टर बने, कभी उन्होंने हॉरर फिल्म में दर्शकों को डराया।

अंडर ट्रायल : साल 2007 में अजीज खान निर्देशित फिल्म 'अंडर ट्रायल'में राजपाल यादव ने एक ऐसे व्यक्ति का किरदार निभाया, जिस पर अपनी ही बेटियों के रेप का आरोप है। ये आरोप पूरी तरह से झूठे होते हैं। फिल्म में राजपाल यादव का अभिनय कमाल का रहा। कोर्ट सीन्स में जिस तरह वह संवाद बोलते हैं, वह दर्शकों को प्रभावित कर देता है। इस फिल्म में राजपाल यादव के अभिनय को समीक्षकों ने भी सराहा था।

अर्ध : 'अर्ध(2022)' नाम की एक फिल्म जिसे पलाश मुंछाल ने निर्देशित किया था, इसमें राजपाल यादव ने बॉलीवुड में संघर्ष करने वाले एक कलाकार का रोल किया है। वह अपना परिवार चलाने के लिए मुंबई की सड़कों पर एक किन्नर बनकर पैसे भी मांगता है। फिल्म में राजपाल यादव ने एक कलाकार के संघर्ष और किन्नरों के प्रति लोगों का कैसा बर्ताव होता है, इन बातों को अपने अभिनय के जरिए दर्शकों के सामने लाने का बेहतरीन प्रयास किया।

डरना मना है : साल 2003 में एक हॉरर फिल्म रिलीज हुई 'डरना मना है'। इसमें छह अलग-अलग छोटी-छोटी कहानियां दिखाई गईं। एक कहानी में राजपाल यादव और शिल्पा शेट्टी भी नजर आए। राजपाल ने इसमें एक सेब बेचने वाले व्यक्ति का रोल किया। कहानी में राजपाल यादव दर्शकों को डराने में पूरी तरह से कामयाब रहे। इस डरावनी कहानी को अगर दर्शक देखेंगे, तो राजपाल यादव के अभिनय के जरूर कायल हो जाएंगे। यह फिल्म रामगोपाल वर्मा के प्रोडक्शन हाउस तले बनी थी।

जंगल : राजपाल यादव ने अपने करियर के शुरुआती दौर में राम गोपाल वर्मा की फिल्म 'जंगल(2000)' में एक छोटा सा किरदार किया। फिल्म में अभिनेता ने सिप्पा की भूमिका की। यह एक नकारात्मक किरदार था, जिसमें राजपाल यादव छा गए। फिल्म में बोले गए उनके कई डायलॉग काफी हिट हुए। फिल्म में उर्मिला मातोंडकर और फरदीन खान जैसे कलाकार अहम किरदारों में नजर आए।

अपूर्वा : साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'अपूर्वा' में राजपाल यादव ने एक विलेन का किरदार किया। इसमें वह जुगनू नाम के गैंगस्टर बने हैं। एक बार तो इस किरदार में दर्शकों के लिए राजपाल यादव को पहचानना मुश्किल हो गया। अभिनेता का अभिनय देखकर भी दर्शक दंग रह गए।

मैं, मेरी पत्नी और वो : साल 2005 में एक फिल्म 'मै मेरी पत्नी और वो' रिलीज हुई। इसमें रितुपर्णा सेनगुप्ता ने राजपाल यादव की पत्नी की भूमिका निभाई। फिल्म की कहानी में राजपाल ने ऐसे व्यक्ति का किरदार किया, जो अपने छोटे कद के कारण असुरक्षा से घिरा रहता है। इस वजह से वह अपना खुशहाल घर बर्बाद करने के कगार पर पहुंचा देता है। फिल्म में राजपाल यादव का किरदार पूरी तरह से गंभीर, संजीदा किस्म का था।

इन फिल्मों में निभाए लीक से हटकर किरदार : मैं माधुरी दीक्षित बनना चाहती हूं: इस फिल्म में अंतर माली ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म में राजपाल यादव ने चुटकी (अंतरा माली) के दोस्त राजा का किरदार किया। वह छुटकी से शादी करता है ताकि मुंबई ले जाकर उसके कलाकार बनने के सपने को पूरा कर सके। यह फिल्म कॉमेडी, ड्रामा थी लेकिन इसमें कुछ ऐसे सीन्स भी हैं, जिसमें राजपाल यादव दर्शकों को रुलाने में कामयाब होते हैं। फिल्म को चंदन अरोड़ा ने निर्देशित किया और राम गोपाल वर्मा इसके निर्माता रहे।

काम चालू है : *साल 2024 में पलाश मुंछाल निर्देशित फिल्म में राजपाल यादव ने एक पिता की भूमिका की, जिसकी बेटी की एक सड़क हादसे में मौत हो जाती है। यह मौत प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा थी। आगे वह कोशिश करता है, दूसरे बच्चों के साथ ऐसा ना हो। इसके लिए राजपाल यादव के किरदार मनोज पाटिल को लंबा संघर्ष करना पड़ता है। फिल्म की कहानी और राजपाल का अभिनय दर्शकों की आंखें नम कर देता है।*

हैलो हम लल्लन बोल रहे हैं : *इस फिल्म में राजपाल यादव ने एक सुरक्षा गार्ड का रोल किया। जो मुंबई में रहता है। इसमें लल्लन (राजपाल यादव) के अपने प्यार को पाने का संघर्ष का है। फिल्म को दिलीप शुक्ला ने निर्देशित किया था। यह फिल्म साल 2010 में रिलीज हुई।*

बैनी एंड बबलू : *फिल्म 'बैनी और बबलू (2010)' में राजपाल यादव ने वेटर बबलू का रोल किया है, जो लेडीज बार में काम करता है। अपनी नौकरी के दौरान बबलू कई चीजें देखता है, जो उसका जिंदगी को लेकर नजरिया बदल देती है। इस फिल्म में के.के मेनन ने बैनी का रोल किया। फिल्म के निर्देशक युनुस सजवाल थे।*

खबर संक्षेप



मैकलारेन के नौरिस ने जीती आस्ट्रेलियाई ग्रां प्री

मेलबर्न। मैकलारेन के लैंडो नौरिस ने वर्षाबाधित आस्ट्रेलियाई ग्रां प्री जीत ली जबकि रेडबुल के मैक्स वेरस्टाप्पेन मामूली अंतर से चूक गए। फेरारी के लिए पदार्पण करने वाले सात बार के चैंपियन लुईस हैमिल्टन निराशाजनक दसवें स्थान पर रहे। सत्र की पहली रेस 2010 के बाद पहली बार मेलबर्न में बारिश के बीच आयोजित की गई। वेरस्टाप्पेन पहला स्थान पाने से 0.865 सेकंड से चूक गए। मर्सीडीज के जॉर्ज रसेल तीसरे स्थान पर रहे। मैकलारेन ने आस्ट्रेलिया ग्रां प्री में 12वीं बार जीत दर्ज करके फेरारी का रिकॉर्ड भी तोड़ा।

भारत ने 33 पदक के साथ खत्म किया अभियान

नई दिल्ली। भारत ने अंतिम दिन चार स्पर्धाओं में 12 पदक जीतकर इटली के तूरिन में चल रहे विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में अपना अभियान कुल 33 पदकों के साथ खत्म किया। भारत ने आठ स्वर्ण, 18 रजत और सात कांस्य पदक जीते। स्नोशूइंग में भारत ने पहले जीते गए छह पदक में चार और पदक जोड़े। वासु तिवारी, शालिनी चौहान और तान्या ने 25 मीटर स्नोशूइंग स्पर्धा में रजत पदक जीता जबकि जहांगीर ने इसी वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। भारत ने स्नोशूइंग और अल्पाइन स्कीइंग में 10-10 पदक जीते जबकि स्नोबोर्डिंग में छह पदक हासिल किए।

मुंबई इंडियंस दूसरी बार बनी डब्लूपीएल चैंपियन, फिर खिताब से चूकी कैपिटल्स

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई इंडियंस ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (66 रन) के अर्धशतक के बाद अपनी गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से शनिवार रात को यहां महिला प्रीमियर लीग के फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को आठ रन से हराकर दूसरी ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं दिल्ली कैपिट्ल्स को लगातार अंतराल पर विकेट गंवाने का खामियाजा अपने तीसरे फाइनल में हार से भुगतना पड़ा और उसे तीसरी बार उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद मुंबई इंडियंस की टीम अपने घरेलू मैदान पर हरमनप्रीत के अर्धशतक के बावजूद सात विकेट पर 149 रन ही बना सकी। हरमनप्रीत ने 44 गेंद में नौ चौके और दो छक्के जड़ित पारी खेली। कप्तान ने नैट साइवर ब्रंट (30 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 62 गेंद में 89 रन की साझेदारी निभाई। मुंबई इंडियंस की गेंदबाजों ने इस छोटे से लक्ष्य का अच्छा बचाव कर टीम को 2023 के बाद दूसरा खिताब दिला दिया। नैट साइवर ब्रंट ने 30 रन देकर तीन, अमेलिया केर ने 25 रन देकर दो जबकि शबनीम इस्माइल, हेली मैथ्यूज और साइका इशाक ने एक एक विकेट प्राप्त किया। दिल्ली कैपिटल्स की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 141 रन ही बना सकी।

स्टार बल्लेबाज ने बीसीसीआई के नियम पर जताई निराशा

कोहली ने कहा- दौरों पर साथ रहे परिवार कमरे में जाकर अकेले बैठना नहीं चाहता

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टीम के दौरों पर खिलाड़ियों के परिवारों की मौजूदगी का समर्थन किया है। कोहली ने कि कि वह अपने होटल के कमरे में अकेले उदास रहने के बजाय मैदान पर मुश्किल और तनावपूर्ण दिनों से निपटने के लिए हमेशा अपने पास व्यक्तिगत समर्थन रखना पसंद करेंगे।

भारत को ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट श्रृंखला में मिली 1-3 की हार के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा जारी निर्देश में 45 दिन से अधिक के दौरे पर खिलाड़ियों के परिवार के साथ समय बिताने की सीमा 14 दिन तक सीमित कर दी थी। इसके अनुसार खिलाड़ियों की पत्नी, बच्चे या महिला मित्र छोटे दौरों पर अधिकतम एक हफ्ते तक उनके साथ रह सकते हैं। हाल में खत्म हुई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान कोहली, रविंद्र जडेजा और मोहम्मद शमी के परिवार दुबई में थे लेकिन वे टीम होटल में नहीं रुके और परिवारों के ठहरने का खर्च खिलाड़ियों ने उठाया, बीसीसीआई ने नहीं।

परिवार की भूमिका अहम

कोहली ने शनिवार को यहां खत्म हुए आरसीबी के 'इनोवेशन लैब' सम्मेलन के दौरान कहा, 'लोगों को परिवार की भूमिका समझाना बहुत मुश्किल है। हर बार जब आप किसी तनावपूर्ण स्थिति में होते तो अपने परिवार के पास वापस आना कितना महत्वपूर्ण होता है। मुझे नहीं लगता कि लोगों को इसकी अहमियत की समझ है।'

तनाव से उबरने में मिलती है मदद

कोहली ने कहा कि परिवार के साथ होने से खिलाड़ी को मैदान पर मिली निराशा से जल्दी उबरने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, 'मैं अपने कमरे में जाकर अकेले बैठकर उदास नहीं रहना चाहता। मैं सामान्य होना चाहता हूं। तभी आप अपने खेल को एक जिम्मेदारी के रूप में ले सकते हैं। आप बाहर की अपनी प्रतिबद्धता पूरी करते हैं और फिर आप अपने घर वापस आते हैं, आप परिवार के साथ होते हैं और आपके घर में माहौल बिलकुल सामान्य होता होती है और सामान्य पारिवारिक जीवन चलता रहता है। इसलिए मेरे लिए यह बहुत खुशी का दिन होता है। जब भी संभव होता है, मैं अपने परिवार के साथ बाहर जाने और समय बिताने का कोई अवसर नहीं छोड़ता।'

जिनका कोई लेना देना नहीं वो भी चर्चा में शामिल

कोहली ने इस बात से निराश थे क्योंकि ऐसे मुद्दों से जिसका कोई संबंध भी नहीं था, वो लोग भी इन चर्चाओं में शामिल रहे हैं। इस 36 साल के खिलाड़ी ने कह, 'मुझे इससे बहुत निराशा हुई क्योंकि जिनका इस मामले में कोई लेना देना नहीं था, उन्हें भी चर्चा में शामिल किया गया जिन्होंने कहा, 'ओह, शायद खिलाड़ियों को परिवार से दूर रखा जाना चाहिए'।'' उन्होंने कहा, ''और अगर आप किसी खिलाड़ी से पूछें कि क्या आप चाहते हैं कि आपका परिवार हर समय आपके आस-पास रहे? तो वे 'हां' ही कहेंगे।''

मुझे खेलना पसंद, कोई घोषणा नहीं कर रहा

कोहली ने कहा, 'घबराइए नहीं। मैं कोई घोषणा नहीं कर रहा हूं। अभी तक सब कुछ ठीक है। मुझे अब भी खेलना पसंद है। मेरे लिए खेलना अब पूरी तरह से आनंद, प्रतिस्पर्धी भावना और खेल के प्रति प्रेम है। और जब तक यह है, मैं खेलना जारी रखूंगा। जैसा कि मैंने आज कहा कि मैं किसी उपलब्धि के लिए नहीं खेल रहा हूं। आप जानते हैं कि प्रतिस्पर्धी भावना आपको संन्यास के सवाल का जवाब नहीं ढूंढने देती है। इस बारे में राहुल द्रविड़ से मेरी बहुत दिलचस्प बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि आप अपने जीवन में किस जगह हैं, इसका पता लगाएं और इसका जवाब इतना आसान नहीं है। हो सकता है कि आप एक बुरे दौर से गुजर रहे हों और आपको लगे कि बस यही है। लेकिन हो सकता है कि ऐसा नहीं हो। लेकिन जब भी समय आएगा तो मेरी प्रतिस्पर्धी भावना मुझे इसे स्वीकार करने की अनुमति नहीं देगी। शायद एक और महीना। शायद छह और महीने। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक अच्छा संतुलन है। अपने जीवन के इस समय में मैं बहुत खुश महसूस कर रहा हूं।'

कुश्ती

दीपक और अंतिम एशियाई चैंपियनशिप टीम में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता दीपक पूनिया और अंतिम पंघाल को 25 से 30 मार्च तक जॉर्डन के अम्मान में होने वाली सीनियर एशियाई चैंपियनशिप के लिए शनिवार को 30 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया। भारतीय कुश्ती महासंघ द्वारा यहां आईजी खेल परिसर में कराए गए चयन ट्रायल के दौरान पुरुष फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन के साथ-साथ महिला वर्ग में 10-10 पहलवानों का चयन किया गया।

2019 विश्व चैंपियनशिप में रजत और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने वाले पूनिया हालांकि अब 86 किग्रा से 92 किग्रा में आ गए हैं जबकि विशाल कालीरमन भी 65 किग्रा से 70 किग्रा में खेलने लगे हैं।

चुने हुए हलवान

पुरुष फ्रीस्टाइल: विराग (57 किग्रा), उदित (61 किग्रा), सुजीत (65 किग्रा), विशाल कालीरमन (70 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), चंद्रमोहन (79 किग्रा), मुकुल दहिया (86 किग्रा), दीपक पूनिया (92 किग्रा), जॉइंटी कुमार (97 किग्रा) और दिनेश (125 किग्रा)। पुरुष ग्रीको-रोमन: नितिन (55 किग्रा), सुमित (60 किग्रा), उमेश (63 किग्रा), नीरज (67 किग्रा), कुलदीप मलिक (72 किग्रा), सागर (77 किग्रा), राहुल (82 किग्रा), सुनील कुमार (87 किग्रा), नितेश (97 किग्रा) और प्रेम (130 किग्रा)।

महिला कुश्ती: अंकुश (50 किग्रा), अंतिम (53 किग्रा), नीशू (55 किग्रा), नेहा शर्मा (57 किग्रा), मुस्कान (59 किग्रा), मनीषा (62 किग्रा), मोनिका (65 किग्रा), मानसी लाठर (68 किग्रा), ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) और रीतिका (76 किग्रा)।

फुटबॉल

भारत का लक्ष्य बिना गोल गंवाए मालदीव-बांग्लादेश को हराना

एजेंसी ▶▶| शिलांग

सीनियर डिफेंडर संदेश झिंगन ने कहा कि भारतीय फुटबॉल टीम का लक्ष्य यहां होने वाले आगामी अंतरराष्ट्रीय मैचों में बिना कोई गोल खाए मालदीव और बांग्लादेश को हराना है।

भारत 19 मार्च को अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में मालदीव की मेजबानी करेगा। इसके बाद 25 मार्च को 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग के तीसरे दौर के अपने शुरुआती मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगा। दोनों मैच यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होंगे, मेघालय की राजधानी अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी कर रही है। भारत के करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री 19 मार्च को मालदीव के खिलाफ मैच में अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास से वापसी करेंगे। झिंगन ने कहा, 'हमारा लक्ष्य बांग्लादेश के खिलाफ मैच में अच्छा नतीजा प्राप्त करना है क्योंकि इससे हमें एशियाई कप क्वालीफायर में अच्छी शुरुआत मिलेगी और मुझे लगता है कि इससे पहले 10 दिवसीय ट्रेनिंग शिविर और साथ ही मालदीव के खिलाफ मैत्री मैच हमें तैयारी में बहुत मदद करेगा। हमारा लक्ष्य दो 'क्लीन शीट' (बिना गोल गंवाए) जीत हासिल करना है।' छेत्री (40 वर्ष) ने 2005 में भारत के लिए पदार्पण करने के बाद जून 2024 में अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर से संन्यास ले लिया था।

- छेत्री का संन्यास से वापसी मैच 19 और 25 मार्च को भारत करेगा अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी

कोच ने छेत्री को वापसी के लिए मनाया

मुख्य कोच मनोलो मार्केज छेत्री को एक बार फिर भारत की जर्सी पहनने के लिए मनाया। मार्केज ने कहा, ''मैंने एआईएफएफ और बेंगलुरु एफसी से बात करके उन्हें फोन किया। मैंने सुनील से बात की और उन्हें बताया कि मैं उनसे क्या चाहता हूं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह 40 साल के हैं या नहीं। राष्ट्रीय टीम को ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत है जो अच्छी फॉर्म में हों।' भारत को 2027 एशियाई कप क्वालीफाइंग तीसरे दौर के ग्रुप सी में बांग्लादेश, हांगकांग और सिंगापुर के साथ रखा गया है और केवल शीर्ष टीम ही महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करती है।

विश्व कप चैंपियन टीम को ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार

सविता-हरमनप्रीत हॉकी इंडिया के 'प्लेयर ऑफ द ईयर'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को हॉकी इंडिया सातवें सालाना पुरस्कार में वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी और दिग्गज गोलकीपर सविता को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार मिला।

पचास वर्ष पहले 15 मार्च को ही कुआलालम्पुर में भारत को एकमात्र विश्व कप जिताने वाली अजितपाल सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम को ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया। इस पुरस्कार के तहत टीम को 50 लाख रुपए दिए गए। हॉकी इंडिया ने यह समारोह शनिवार को भारत की विश्व कप जीत के 50 साल और इस वर्ष भारतीय हॉकी के सौ साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया था। पिछले साल पेरिस ओलंपिक में दस गोल करके भारत को लगातार दूसरा ओलंपिक कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह को यह पुरस्कार तीन बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता दिवंगत बलबीर सिंह सीनियर के नाती कबीर सिहं भोमिया, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह ने प्रदान किया। पुरस्कार के तहत दोनों खिलाड़ियों को एक ट्रॉफी और 25-25 लाख रुपए दिए गए। टोक्यो ओलंपिक 2021 में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम की सदस्य और हाल ही में 300वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली सविता को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का बलजीत सिंह पुरस्कार भी मिला।

हॉकी इंडिया के अन्य पुरस्कार

विधा	पुरस्कार	खिलाड़ी
सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर	परगट सिंह	अमित रोहिदास
सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर	अजितपाल सिंह	हार्दिक सिंह
सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड	धनराज पिल्लै	अभिषेक
अंडर 21 महिला	असुंथा लाकड़ा	दीपिका
अंडर 21 पुरुष	जुगराज सिंह	अराइजीत सिंह
पेरिस ओलंपिक टीम	कांस्य पदक	प्रत्येक को 15 लाख

मीरा-सबालेंका में होगा इंडियन वेल्स का खिताबी महामुकाबला

इंडियन वेल्स। रूस की किशोरी मीरा एंड्रीवा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां सर्द परिस्थितियों में गत चैंपियन इगा स्वियाटेक को 7-6 (1), 1-6, 6-3 से हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। नौवीं वरीयता प्राप्त 17 वर्षीय एंड्रीवा 2001 के बाद इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी है। फाइनल में उनका मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका होगा। सबालेंका ने दूसरे सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज को 51 मिनट में 6-0, 6-1 से हराया। सबालेंका ने इस तरह से कीज के पिछले 16 मैच से चले आ रहे विजय अभियान पर रोक लगाकर उनसे ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1 बालाघाट (म.प्र.)

निविदा सूचना क्रमांक 27/व.ले.लि./2024-25 — निविदा आमंत्रण - सूचना — बालाघाट, दिनांक 11.03.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं क्र.	टेण्डर क्र.	जिला	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनुमानित राशि (राशि लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2025_PWDRB_408774	बालाघाट	कंटगी नंदोरा, कटेदरा चौखडी, खांदीटोला बोलडोगरी, कोसुंबा भंडेरवा, लखनवाडा सिरपुर बालाघाट चौकी, लखनवाडा वरुड भजीयापार, महकेपार कोडबी, सुकली जामुनटोला मार्ग लम्बाई 27.05 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम आमंत्रण	463.68	463700.00	15000.00	08 माह वर्षा ऋतु सहित
2	2025_PWDRB_408775	बालाघाट	भौरगढ़ से टेमनी, कटोरी लिलामा, कटोरी फलचूर शंकर पिपरिया, कटोरी चोर पिंडकेपार बालाघाट रानी मोहगांवघाट, सालेटेका घुबडगोंदी, कटेदरा जर्राहमोहगांव मार्ग लम्बाई 27.36 कि.मी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य।	प्रथम आमंत्रण	419.45	419500.00	15000.00	08 माह वर्षा ऋतु सहित
3	2025_PWDRB_408776	बालाघाट	कुम्हारी खुर्द से केरेगांव मार्ग लम्बाई 3.20 कि. मी. का निर्माण कार्य। उमरी से बोरीकला मार्ग लम्बाई 2.20 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम आमंत्रण	410.82	410900.00	15000.00	08 माह वर्षा ऋतु सहित
4	2025_PWDRB_408777	बालाघाट	आलेझरी कासपुर, गर्रा एकोडी, कालागोटा बालाघाट पिपरिया वारा आलेझरी मार्ग लम्बाई 11.70 कि. मी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य।	प्रथम आमंत्रण	380.90	381000.00	15000.00	06 माह वर्षा ऋतु सहित
5	2025_PWDRB_408778	बालाघाट	उमरी - सावंगी - अजुर्नी बाहकल मार्ग लम्बाई 4. 45 कि.मी. का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	359.56	360000.00	15000.00	06 माह वर्षा ऋतु सहित
6	2025_PWDRB_408779	बालाघाट	मोहगांव कुण्डे सीमेंट कांक्रीट मार्ग लम्बाई 3.60 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम आमंत्रण	347.52	347600.00	15000.00	06 माह वर्षा ऋतु सहित
7	2025_PWDRB_408780	बालाघाट	कटंगी - सहेकी मार्ग लम्बाई 2.55 कि.मी. का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	302.29	302300.00	15000.00	06 माह वर्षा ऋतु सहित
8	2025_PWDRB_408781	बालाघाट	कटंगी - धंसा - टेकेपार मार्ग लम्बाई 3.00 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम आमंत्रण	292.09	292100.00	15000.00	06 माह वर्षा ऋतु सहित
9	2025_PWDRB_408782	बालाघाट	चोरपिण्डकेपार से टूईयापार मार्ग लम्बाई 4.45 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम आमंत्रण	214.19	214200.00	15000.00	06 माह वर्षा ऋतु सहित
				कुल योग	3190.50			

उपरोक्त वेबसाइट आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र आनलाईन क्रय करने एवं आनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 02/04/2025 (17.30 बजे निर्धारित है। निविदा की धरोहर राशि (EMD) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज आनलाईन ही जमा किये जायेंगें। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है।

G-24425/24

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 बालाघाट

फॉर्म ए
सार्वजनिक घोषणा
(भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 6 के अंतर्गत)

ऑफसोर इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ

प्रासंगिक विवरण

1.	कॉर्पोरेट देनदार का नाम	ऑफसोर इन्फ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड
2.	कॉर्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि	05.09.1995
3.	प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत किया गया है	कंपनियों का रजिस्ट्रार, मुंबई
4.	कॉर्पोरेट देनदार की कॉर्पोरेट पहचान संख्या/सीमित देयता पहचान संख्या	U45200MH1995PLC092409
5.	कॉर्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय और मुख्य कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	22, उद्योग क्षेत्र, मुलुंड लिंक रोड, मुलुंड (पश्चिम) मुंबई - 400053 महाराष्ट्र
6.	कॉर्पोरेट देनदार के संबंध में दिवालियापन प्रारंभ तिथि	11.03.2025 13.03.2025 को आदेश प्राप्त हुआ
7.	दिवालियापन समाधान प्रक्रिया के समापन की अनुमानित तिथि	07.09.2025 (दिवालियापन आरंभ तिथि के अनुसार)
8.	अंतरिम समाधान पेशेवर के रूप में कार्य करने वाले दिवालियापन पेशेवर का नाम और पंजीकरण संख्या	श्री मिलिंद खनखोजे आईबीबीआई पंजीकरण संख्या IBBI/IPA - 001/IP-P-02922/2024-2025/14483
9.	अंतरिम समाधान पेशेवर का पता और ई-मेल, जैसा कि बोर्ड के पास पंजीकृत है	पंजीकृत पता- 1401,टी4 , वीटीपी ब्यूमोंडे नेशनआर2 मंजरी खुर्द, गोदरेज बाउलेवर्द के पास पुणे, महाराष्ट्र 412307 पंजीकृत ईमेल - milindkhankhoje.ip@gmail.com
10.	अंतरिम समाधान पेशेवर के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किया जाने वाला पता और ई-मेल	संचार पता - 903-906, 09वीं मंजिल टॉवर सी, यूनिटेक बिजनेस जोन, द क्लोज साउथ, सेक्टर 50, गुरूग्राम हरियाणा 122018 Email-cirp.offshoreinfra@resurgentrpl.com
11.	दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	27.03.2025 (आदेश प्राप्ति की तिथि से 14वां दिन)
12.	धारा 21 की उपधारा (6ए) के खंड (बी) के तहत अंतरिम समाधान पेशेवर द्वारा तय ऋणदाताओं की श्रेणियां, यदि कोई हों	लागू नहीं
13.	किसी वर्ग में ऋणदाताओं के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए पहचाने गए दिवालियापन पेशेवरों के नाम (प्रत्येक वर्ग के लिए तीन नाम)	लागू नहीं
14.	(क) प्रासंगिक प्रपत्र और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण यहां उपलब्ध है:	वेब लिंक: https://ibbi.gov.in/en/home/downloads

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि **राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, मुंबई, बैंच-VI (सीपी (आईबी) संख्या 182/एमबी/2022 के तहत)** ने 11.03.2025 को एस्सेल हाईवेज लिमिटेड की कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है।

एस्सेल हाईवेज लिमिटेड के लेनदारों से अनुरोध है कि वे अपने दावे प्रमाण के साथ 27.03.2025 तक या उससे पहले प्रविष्टि संख्या 10 में उल्लिखित पते पर अंतरिम समाधान पेशेवर के समक्ष प्रस्तुत करें।

वित्तीय लेनदार अपने दावों को केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से ही प्रमाण के साथ प्रस्तुत करेंगे। अन्य सभी लेनदार व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रमाण के साथ दावे प्रस्तुत कर सकते हैं।

प्रविष्टि संख्या 12 के सामने सूचीबद्ध किसी वर्ग से संबंधित वित्तीय ऋणदाता को फॉर्म सीए में वर्ग [वर्ग निर्दिष्ट करें] के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रविष्टि संख्या 13 के सामने सूचीबद्ध तीन दिवालियापन पेशेवरों में से अपने अधिकृत प्रतिनिधि की पसंद का संकेत देना होगा। दावे के झूठे या भ्रामक सबूत प्रस्तुत करने पर दंड लगाया जाएगा।

सही/-
श्री मिलिंद खनखोजे
अंतरिम समाधान पेशेवर
ऑफसोर इन्फ्रास्ट्रक्चर लि.
आईबीबीआई पंजीकरण संख्या- आईबीबीआई/आईपीए- 001/आईपी-पी - 02922/2024-2025/14483
एएफए प्रमाणपत्र संख्या- एए1/14483/01/311225/108026
एएफए वैधता-31.12.2025

दिनांक: 16.03.2025
स्थान: पुणे

जबलपुर में जनहित के तीन मामलों में आयोग ने लिया संज्ञान

मानव अधिकारों के हनन के तीन मामलों में आयोग ने मांगा जवाब

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि, समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर शहर के जनहित के तीन मामलों मुख्यपीठ भोपाल में अध्यक्ष मनोहर ममतानी व सदस्य राजीव कुमार टण्डन ने मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, संबंधितों को कार्यवाही का निर्देश देकर जवाब तलब किया है।

माता-पिता को घर से निकाला

बल्देवबाग स्थित स्टेट बैंक कॉलोनी में रहने वाले एक बुजुर्ग दंपति को उनके कलयुगी पुत्र द्वारा अपने ही सगे माता-पिता को घर से बाहर निकाल दिए का मामला सामने आया है। बुर्जुग दंपति द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंचकर पुत्र द्वारा उन पर किये जा अत्याचार, मारपीट एवं घर से निकाल देने की धमकी से परेशान होकर एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। आयोग ने जबलपुर के कलेक्टर से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

आदिवासी छात्रावास में नहीं मिल रहा पानी

जिले की तहसील मझौली के शासकीय बालिका छात्रावास में रहने वाली छात्राओं को घटिया खाना मिलने और पेयजल नहीं मिलने का मामला सामने आया है। इस संबंध में छात्राओं ने छात्रावास प्रबंधन की मनमानी को लेकर जबलपुर कलेक्टर को लिखित शिकायत दी है, कि उन्हें छात्रावास में अच्छी गुणवत्ता युक्त खाना और पेयजल नहीं मिल रहा है। आयोग ने जबलपुर के कलेक्टर से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

वृद्ध, दिव्यांग और विधवा पेंशन से वंचित

जिले के जनपद पंचायत सिहोरा अंतर्गत आने वाली गोसलपुर के ग्राम पंचायत रानीताल में रहने वाले दर्जनों वृद्ध, दिव्यांग, विधवा पात्रता रखने के बावजूद भी शासन से मिलने वाली भरण-पोषण के लिये पेंशन की राशि नहीं मिलने का मामला सामने आया है। आयोग ने जबलपुर के कलेक्टर एवं संयुक्त संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

पुरानी रंजिश पर युवक को चाकू से गोदा

जबलपुर। कोतवाली थानांतर्गत कल शाम बलदेव बाग कलारी के पास एक्टिवा से आए तीन लडक़ों ने अपने दोस्त के साथ आये युवक पर पुरानी रंजिश को लेकर चाकू से ताबड़तोड़ कई बार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना में युवक को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घटना में शामिल युवक समेत तीन विधि विवादित बालकों को अभिरक्षा में लिया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि चेरीताल निवासी रंजीत सावलानी कल शाम अपने दोस्त आदित्य जायसवाल के साथ प्लेटिना मोटर साइकिल से बल्देवबाग कलारी के पास गुटका पाऊच खरीद रहा था तभी एक्टिवा से अभय जायसवाल अपने दो साथियों को लेकर आया और पुरानी रंजिश को लेकर आदित्य जायसवाल पर चाकू से कई वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना में घायल आदित्य जायसवाल को बल्देवबाग स्थित लाईफ मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने चाकूबाजी में शामिल युवक समेत उसके तीन साथियों को अभिरक्षा में लिया है।

गर्मी पर पश्चिमी विक्षोभ का शिकंजा

बादल छाए, बूंदाबांदी की संभावना

जबलपुर। गर्मी ने रफ्तार पकड़ी हुई थी कि पश्चिमी विक्षोभ ने उसे अपने जकड़ में ले लिया। पश्चिमी विक्षोभ के असर से शनिवार की रात ठंडी हवाएं चलीं तो रविवार को बादल छा गये. बादलों की आवाजाही के बीच तापमान में उछाल बना रहा और गर्मी छाई रही.

दिन में धूप निकली और शाम होते ही बादल फिर छा गये. जबलपुर सहित संभाग के अनेक जिलों में कहीं कहीं बूंदाबांदी या गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना व्यक्त की गई है.

मौसम विभाग ने पूर्वानुमान बताया है कि २० मार्च तक मौसम के मिजाज ऐसे ही रहेंगे। रविवार को दिनभर बादलों की अठखेलियां जारी रही। कभी धूप निकलती तो कभी बादल छा जाते। शाम हुई तो तेज हवा चलने लगी लोगों को लगा कि अब वर्षा होगी हालांकि देर रात तक बादल बरसे नहीं। मौसम में आए बदलाव से लोगों को तेज धूप और बढ़ रही गर्मी से राहत मिलती रही। बादलों के कारण रात में जरूर गर्मी का अहसास बढ़ा रहा।

वर्तमान में पं बंगाल के क्षेत्रों से लेकर गंगीय पं बंगाल और ओडिशा से होते हुए तटीय आंध्रप्रदेश तक ट्रफ लाइन फैली हुई है। जिसके कारण अरब सागर की तरफ से नमी आ रही है। साथ ही प्रति चक्रवातीय दक्षिण पूर्वी हवा से बंगाल की खाड़ी से पूर्वी मध्यप्रदेश में नमी आ रही है।

पिछले २४ घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 36.04 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान 19.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 47 प्रतिशत और सायंकाल 42 प्रतिशत आंकी गई। उत्तर पश्चिमी हवा की रफ्तार 4 किमी प्रति घंटे की रही। सूर्योदय सुबह 6.14 बजे हुआ, जबकि सूर्यास्त 6.20 बजे हुआ। प्रदेश में सबसे अधिक 39.8 नर्मदापुरम और सबसे कम तापमान 16.02 नरसिंहपुर जिले में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 31.07 और न्यूनतम तापमान 17.08 डिग्री दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के जिलों में गरज चमक के साथ बौछारे पड़ने की संभावना।

कपलिन टूटने से ब्योहारी स्टेशन के पास बड़ी दुर्घटना

दो भागों में बटी इंटरसिटी ट्रेन

जबलपुर। सिंगरौली से जबलपुर जाने वाली सिंगरौली इंटरसिटी ट्रेन रविवार सुबह ब्यौहारी रेलवे स्टेशन के पास एक बड़े हादसे का शिकार हो गई। ट्रेन का कपलिन टूट जाने की वजह से यह पूरी ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। साधारण चेयर कार की बोगी, जो इंजन से जुड़ी थी, वह इंजन के साथ आगे बढ़ गई, जबकि एसी चेयर कार की बोगियां लगभग 200 मीटर पीछे रह गईं। बाद में इंजन को पीछे करके इन बोगियों को जोड़ने का काम किया गया।

यह हादसा सुबह करीब 7 बजे हुआ, जब ट्रेन ब्यौहारी स्टेशन के आउटर पर रेलवे पुल के पास पहुंची। यात्रियों के अनुसार, ट्रेन के सिंगरौली से चलने के बाद कुछ ही समय में उसमें जोरदार झटके आने लगे थे, जिन्हें यात्रियों ने महसूस किया। इसके बाद ट्रेन जैसे-तैसे ब्यौहारी के आउटर तक पहुंची, और तभी जोरदार आवाज के साथ कपलीन टूट गई और ट्रेन दो भागों में बंट गई।

इस घटना के बाद कुछ घबराए हुए यात्रियों ने न सिर्फ अपनी यात्रा रद्द कर दी, बल्कि घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया। वहीं, एसी बोगी के पीछे लगे गार्ड डिब्बे से गार्ड ने लोको पायलट से संपर्क किया और ट्रेन को रोकने का निर्देश दिया। इसके बाद ट्रेन को पीछे लाया गया और कैरिज एंड वैगन विभाग के कर्मचारियों ने नई कपलीन लगाकर ट्रेन को जोड़ दिया।

घटना के बाद कई यात्री भयभीत हो गए और कुछ ने अपनी यात्रा रद्द कर दी, जबकि कुछ ने इस पूरी घटना को अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर शेयर किया।

ढाबा से 510 पाव शराब जब्त, संचालक पकड़ाया

जबलपुर। भेड़ाघाट पुलिस ने कल मुखबिर की सूचना पर ग्राम बिलखिरबा में एक ढाबा में दबिश देकर 510 पाव देशी शराब जब्त की है। जिसकी कीमत 51 हजार रुपय है। ढाबा संचालक के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। भेड़ाघाट थाना प्रभारी श्रीमती पूर्वा चौरसिया ने बताया कि कल मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बिलखिरबा में सम्राट ढाबा का संचालक रमन पटेल ढाबा के बरामदे में भारी मात्रा में अवैध शराब बेचने रखा है। पुलिस ने मौके पर दबिश दी तो ढाबा मालिक रमन पटेल ने भागने का प्रयास किया। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा।

गांजा के सप्लाई नेटवर्क के संबंध में पुलिस की पूछताछ जारी

पांच सौदागरों से चार लाख का 21 किलो गांजा जब्त

हरिभूमि जबलपुर।

पुलिस ने कल मुखबिर की सूचना पर तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दबिश देकर पांच नशे के सौदागरों से 21 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया है। उक्त गांजा की कीमत सवा चार लाख रुपये बताई जा रही है। तीनों प्रकरणों में आरोपियों के खिलाफ 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर उन्हें अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस के हत्थे चढ़े तस्करों से गांजा के सप्लाई नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

बाईक सवारों से साढ़े 11 किलो गांजा जब्त

बरेला थानांतर्गत कल रिछाई तिराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को अपाचे बाईक में दो लोग आते दिखे। जिन्हें रोककर पूछताछ की गई तो बाईक चालक ने अपा नाम रामपुर छापर मांडवा बस्ती निवासी विजय बैरागी बताया। वहीं पीछे बैठे युवक ने अपना नाम सुमित जावरकर बताया। सुमित के पिटठू बैग की तलाशी के दौरान 11 किलो 618 ग्राम गांजा रखा मिला। जिसकी कीमत 2 लाख 32 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने गांजा परिवहन में उपयोग की गई मोटरसाइकिल अपाचे क्रमांक एमपी 20 ए 7145 जब्त कर दोनों आरोपियों के खिलाफ 8/20 एनडीपीएस एक्अ के तहत कार्रवाई कर उन्हें अभिरक्षा में लिया।

तस्कर से डेढ़ लाख का साढ़े सात किलो गांजा जब्त

अधारताल पुलिस ने कल मुखबिर की सूचना पर करौंदा बायपास स्थित शिवशक्ति ढाबा के पास बैग टांगे खड़े एक संदेही के बैग की तलाशी के दौरान साढ़े सात किलो गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत डेढ़ लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के हत्थे चढ़े तस्कर का नाम गिरीश के वी है। जो कुन्नूर केरल का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 नग कीपेड मोबाइल जब्त किये हैं।

दो तस्करों से दो किलो गांजा जब्त

हनुमानताल पुलिस ने कल मुखबिर की सूचना पर एक प्लाट के पास प्रेमसागर में पिट्ठू बैग टांगे खड़े दो संदिग्धों के बैग की तलाशी के दौरान 2 किलो 90 ग्राम गांजा मिला। जिसकी कीमत 40 हजार रुपये बताई गई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240